# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, मंगलवार, 9 सितम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 114 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के रूप में शामिल करें : सुप्रीम कोर्ट

# मोटर वाहन अधिनियम का देवघर में खुलेआम उल्लंघन

## आठ स्कूली बसें अनफिट पाई गईं, 90 हजार का जुर्माना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** हाल के दिनों में लगातार सड़क हादसों से सवालों के घेरे में आए देवघर जिला प्रशासन ने सोमवार को विशेष अभियान चलाकर स्कूली बसों की जांच की। इस दौरान परिवहन विभाग ने आठ बसों को मोटर वाहन अधिनियम के मानकों के अनुरूप अनफिट पाया और संचालकों पर 90,850 का जुर्माना लगाया। गौरतलब है कि बीते दो महीनों में देवघर में दो बड़े हादसे हुए। 29 जुलाई को मोहनपुर में हुए बस हादसे में 5 से 6 लोगों की मौत हुई थी, जबकि शहर में तेज रफ्तार से दौड़ रही एक स्कूल बस की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई थी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन को कठघरे में खड़ा किया और आरोप लगाया कि शहर में चल रही अधिकांश स्कूल बसों के पास वैध फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं है। जनता की शिकायतों के बाद उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रसाद के नेतृत्व में चेकिंग अभियान शुरू किया गया। अभियान के दौरान जिन बसों की जांच हुई, उनमें परमिट, फिटनेस सर्टिफिकेट, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट, रोड टैक्स और ड्राइविंग लाइसेंस जैसी बुनियादी अनिवार्य शर्तें पूरी नहीं पाई गईं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा से समझौता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्कूल संचालकों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे अपने सभी परिवहन वाहनों के दस्तावेज दुरुस्त कराएं। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि आने वाले समय में देवघर की सभी स्कूली बसों का गहन निरीक्षण किया जाएगा और इसके बाद आम यात्रियों की बसों को भी चिन्हित कर जांच की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि बस एसोसिएशन के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि भविष्य में किसी भी तरह की लापरवाही से सड़क हादसे की पुनरावृत्ति न हो।

## पहले हत्या, फिर शव जलाकर सबूत मिटाने की कोशिश चक्रधरपुर में सनसनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चक्रधरपुर (पश्चिमी सिंहभूम)।** शहर के भारत भवन के पीछे सोमवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। अज्ञात अपराधियों ने बोरी में बंद एक शव को कूड़े के ढेर में फेंककर आग लगाने की कोशिश की। उठती दुर्गंध और धुएं को देखकर स्थानीय लोग चिंतित हो गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आग बुझाने के बाद देखा कि बोरी के अंदर इंसान का शव था। यह नजारा देखकर स्थानीय लोग दहशत में आ गए और बड़ी संख्या में घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। शुरुआती जांच से संकेत मिले हैं कि हत्या के बाद शव को कुछ दिनों तक छिपाकर रखा गया और दुर्गंध बढ़ने पर अपराधियों ने इसे कूड़े में डालकर जलाने की कोशिश की। पुलिस का अनुमान है कि शव चार से पांच दिन पुराना हो सकता है।

# यूरिया कालाबाजारी के खिलाफ राज्यव्यापी आंदोलन की तैयारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड किसान महासभा ने राज्यभर में यूरिया की कालाबाजारी के खिलाफ बड़े आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष राजू कुमार महतो ने सोमवार को कहा कि आज झारखंड का किसान अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है। खेतों में पसीना बहाने वाले किसानों को जहां यूरिया की कालाबाजारी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं धान की खरीद में भी धांधली की शिकायतें सामने आ रही हैं। महतो ने आरोप लगाया कि सरकार की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं और बिचौलियों के जाल में किसान लगातार शोषित हो रहे हैं। किसानों की इन्हीं समस्याओं को लेकर महासभा ने राज्यव्यापी आवाज बुलंद करने का निर्णय लिया है। इसके तहत "किसान बचाओ यात्रा" निकाली जाएगी, ताकि किसानों की मांगें एकजुट होकर सरकार तक पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि आंदोलन के दौरान धान का समर्थन मूल्य 24 घंटे के अंदर भुगतान कराने और पड़ोसी राज्यों छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा की तर्ज पर उच्चतम बोनस दिलाने की लड़ाई भी लड़ी जाएगी। इसके अलावा, किसानों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए हर जिले में किसान संवाद कार्यक्रम आयोजित करने की भी मांग की गई है। इसमें किसान व किसान संगठन सीधे सरकार के प्रतिनिधियों से संवाद कर सकेंगे। महतो ने कहा कि खरीफ और रबी फसल से पूर्व वर्ष में कम से कम दो बार ऐसे संवाद कार्यक्रम अनिवार्य रूप से होने चाहिए। आंदोलन की रणनीति तय करने के लिए रांची में जल्द ही राज्यस्तरीय बैठक बुलाई जाएगी।

## एक नजर

### आतंकी साजिश से जुड़े मामले में आठ जगह छापा, दो गिरफ्तार

**कटिहार(नबिटा ब्यूरो)।** आतंकी साजिश से जुड़े मामले में जम्मू-कश्मीर और पांच राज्यों में एनआइए ने सोमवार को रेड की है। इसमें बिहार में आठ जगहों पर छापेमारी की जा रही है। एनआइए की टीम ने कटिहार के सेमापुर थाना क्षेत्र के दुर्गापुर, बालूघाट और सुखासन गांव में दबिश दी है। इनमें इलाके के रहने वाले इकबाल, नूर आलम, हाशिम, निजाम, इसराफिल और रिजबुल के घर भी टीम पहुंची। इकबाल को जांच एजेंसी ने हिरासत में लिया है। इकबाल और रिजबुल के खिलाफ जनवरी में केस दर्ज किया गया था। इधर, गुजरात के सूरत से एनआइए की टीम ने कटिहार के रहने वाले मुतालिब को गिरफ्तार किया है। मुतालिब के भाई इसराफिल ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि हमारे घर भी एनआइए की टीम पहुंची थी। टीम ने सूरत में काम कर रहे मेरे भाई को गिरफ्तार किया है। इकबाल के खिलाफ आर्म्स एक्ट में पहले भी केस हुआ था।

### पटना में फर्जी आइपीएस गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना पुलिस ने फुलवारी शरीफ इलाके से एक फर्जी आइपीएस को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी का नाम असलम अहमद है जो हाजीपुर हरमैन कॉलोनी वार्ड नंबर-20 का रहने वाला है। एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा और पश्चिमी एसपी भानु प्रताप सिह ने बताया कि पिछले एक दो महीने से वह एक्टिव था। खासकर के मेल भेजकर अपने आसपास के इलाके में जमीन पैमाइश कर रहे अमीनो को धमकाता था। लगातार इसके खिलाफ शिकायत आ रही थी। इसी के आधार पर कार्रवाई हुई है।

### युवक ने फांसी लगा दी जान

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के नवादा क्षेत्र नाइट मोहल्ले में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। आत्महत्या से पहले उनसे एक वीडियो भी बनाया। 12 सेकेंड के वीडियो में युवक कुछ बोलता नहीं है, बस रोए जा रहा है। उसके गले में फंदा है, जो सीलिग पर लगे पंखे से बंधा है। मृतक की पहचान राकेश उर्फ भोला सिह (25) के तौर पर हुई है। उसकी पॉकेट से एक सुसाइड नोट भी मिला है। राकेश ग्रेजुएशन पार्ट-2 का स्टूडेंट था।

### बिरौल थानाध्यक्ष विशाल सिह निलंबित

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बिरौल थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर विशाल कुमार सिह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में एफआइआर दर्ज करने में गंभीर लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की गई है। इस संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी के कार्यालय से आदेश जारी किया गया है। थाने की जिम्मेदारी सीआई सदर इंस्पेक्टर चन्द्रमणि को सौंपी गई है।

### आलमनगर से अपहृत मासूम पूर्णिया से बरामद

**मधेपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** आलमनगर थाना क्षेत्र के भागीपुर गांव से रविवार की शाम अपहृत दो साल के मासूम बच्चे को पुलिस ने पूर्णिया से बरामद कर लिया है। पुलिस ने तीन अपहर्ताओं को भी गिरफ्तार किया है, जिसमें दो मधेपुरा और एक खगड़िया जिले का रहने वाला है। एक कार एवं गिरफ्तार आरोपितों का मोबाइल जब्त किया गया है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार अपराधियों की जानकारी देने से इंकार किया है। एसपी संदीप सिह ने बताया कि बच्चे का फिरौती के लिए अपहरण किया गया था। घटना में शामिल अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पूरे ऑपरेशन के बाद सभी बदमाशों के नाम और उसके अपराधिक इतिहास की जानकारी दी जाएगी।

## 6500 पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति जल्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 6500 पदों पर पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति जल्द होगी। इससे संबंधित प्रस्ताव को शिक्षा विभाग ने सहमति दे दी है। इसके बाद शिक्षा विभाग द्वारा अगले सप्ताह पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति संबंधी अधियाचना बिहार लोक सेवा आयोग को भेजी जाएगी। हालांकि, पुस्तकालयाध्यक्ष के पदों संबंधी रिक्तियां बीते सप्ताह ही जिलों से आ गई थी लेकिन सरकार के स्तर से तत्कालीन अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ के विकास आयुक्त पद पर पदस्थापन और उनकी जगह डा. बी. राजेन्दर को अपर मुख्य सचिव के रूप में तैनाती के चलते अधियाचना संबंधी प्रस्ताव तैयार करने में देरी हुई। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक राज्य मंत्रिमंडल से पहले ही माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पुस्तकालयाध्यक्षों के खाली पदों पर नियुक्ति हेतु प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी है। इसके बाद शिक्षा विभाग ने सभी जिलों से संबंधित पदों के बारे में आवश्यक जानकारी मांगी गई थी, जो आ चुकी है। 6500 पुस्तकालयाध्यक्षों के पदों की रिक्ति पर नई नियुक्ति होगी। जिलों से रिक्ति मिलने तथा रोस्टर क्लियर कराने के बाद बीपीएससी को रिक्ति भेजी जाएगी। रोस्टर क्लियर के बाद बिहार लोक सेवा आयोग को अधियाचना भेजने का निर्णय हो चुका है। विद्यालय सहायक की तर्ज पर ही पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति होगी। महत्वपूर्ण बात यह कि पुस्तकालयाध्यक्ष का पद जिला कैडर का होगा। इनका स्थानांतरण जिला में होगा। विशेष परिस्थिति में माध्यमिक शिक्षा निदेशक द्वारा अन्य जिलों में स्थानांतरण किया जा सकता है। सेवाकाल में मृत्यु होने पर आश्रित को लिपिक या परिचारी के पद पर नियुक्ति होगी। पुस्तकालयाध्यक्ष पद के लिए अभ्यर्थी को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ पास होना अनिवार्य है।

## शहीद जवानों की पत्नियों की अपील - नक्सल अभियान नहीं रुके, दोषियों को मिले सख्त सजा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पलामू।** मनातू नक्सली मुठभेड़ में शहीद संतन मेहता (बरेवा गांव) और सुनील राम (परता गांव) के परिजनों से सोमवार को झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मुलाकात की। इस दौरान शहीद जवानों की पत्नियों ने मार्मिक अपील करते हुए कहा कि नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान को किसी भी कीमत पर नहीं रुकना चाहिए और दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। वित्त मंत्री ने शहीदों को नमन करते हुए परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि सरकार और बैंक के बीच हुए समझौते के तहत प्रत्येक शहीद परिवार को 2 करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। साथ ही शहीद संतन मेहता की पत्नी सरिता देवी, जो स्नातक उत्तीर्ण हैं, को विभाग में लिपिक पद पर नियुक्त किया जाएगा। मंत्री ने घोषणा की कि बरेवा मेन रोड से श्मशान घाट तक सड़क का निर्माण कराया जाएगा और गांव में शहीद संतन मेहता का स्मारक भी बनाया जाएगा। वित्त मंत्री परता गांव भी पहुंचे और शहीद सुनील राम के परिजनों को सभी सरकारी लाभ शीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि दोनों जवानों ने नक्सलियों से लोहा लेते हुए अपने प्राणों की आहुति देकर न केवल पलामू बल्कि पूरे झारखंड का मान बढ़ाया है। उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। सोमवार को शहीदों की याद में हुसैनाबाद और आसपास के क्षेत्रों में गम और गर्व का माहौल रहा। लोग अपने वीर सपूतों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित करते रहे।

## राकेश कुमार ने पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 के कार्यपालक निदेशक का ग्रहण किया पदभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र -1 के कार्यपालक निदेशक के रूप में राकेश कुमार ने पदभार ग्रहण किया। श्री कुमार ने हरकोर्ट बटलर टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (एचबीटीआई) कानपुर से वर्ष 1987 में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद वर्ष 1989 में उन्होंने एनटीपीसी में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर ट्रेनी के रूप में अपने करियर की शुरुआत की। वर्ष 1991 में वे पावरग्रिड से इंजीनियर के पद पर जुड़े। गौरतलब है कि पूर्व में श्री कुमार ने उत्तरी क्षेत्र-I, उत्तरी क्षेत्र -III, केन्द्रीय कार्यालय परिसंपत्ति प्रबंधन, क्वालिटी एश्योरेंस, नेशनल ट्रांसमिशन एसेट मैनेजमेंट सेंटर तथा अंतर्राष्ट्रीय कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट, दुबई जैसे महत्वपूर्ण विभागों एवं परियोजनाओं में अपना योगदान दिया है। श्री कुमार ऊर्जा क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम हैं एवं इन्हें इस क्षेत्र में 36 वर्षों का समृद्ध अनुभव प्राप्त है।

# सीएम नीतीश ने 80 पिंक बसों को दिखाई हरी झंडी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को 1 अणे मार्ग से सुगम परिवहन हेतु महिलाओं के लिए द्वितीय चरण में 80 पिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की सभी 1065 बसों में ई-टिकटग सुविधा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने बसों को रवाना करने के पूर्व बसों का निरीक्षण किया और उसमें उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। महिला सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार द्वारा उठाया गया यह महत्वपूर्ण कदम है जिसके तहत द्वितीय चरण में 80 पिक बसों का परिचालन शुरू किया गया है। इससे महिलाओं का सफर सुरक्षित और आरामदायक होगा और उन्हें आवागमन में काफी सहूलियत होगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, राज्य परिवहन आयुक्त आशुतोष द्विवेदी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। बता दें कि नीतीश सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में चार प्रमुख शहर पटना, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया और भागलपुर में महिलाओं के लिए विशेष 'पिक बस सेवा' शुरू करने की घोषणा की थी। योजना के पहले चरण में मई 2025 में 20 सीएनजी पिक बसों की शुरुआत की गई थी जिनमें से आठ बसें पटना में संचालित की जा रही हैं। अब दूसरे चरण में 80 नई बसें जुड़ने से महिलाओं के लिए सार्वजनिक परिवहन और भी सुलभ हो गया है। इन बसों की खासियत यह है कि ये पूरी तरह से महिलाओं को समर्पित हैं और इनमें अत्याधुनिक सुविधाएं दी गई हैं। प्रत्येक बस में 22 आरामदायक सीटें, सीट बेल्ट, सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस ट्रैकिग सिस्टम, आपातकालीन पैनिक बटन, मोबाइल चाजग पॉइंट, मेडिकल किट और सैनिटरी पैड वेंडिग मशीन की सुविधा मौजूद है। साथ ही म्यूजिक सिस्टम भी लगाया गया है ताकि सफर को आरामदायक बनाया जा सके।

## दो छात्रों के टकराने से एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** सदर थाना क्षेत्र के सीवों गांव स्थित न्यू प्राथमिक विद्यालय में सोमवार की सुबह खेलने के दौरान दो बच्चे आपस में टकरा गए। इसके चलते एक छात्र की मौत हो गई। मृत छात्र सीवों गांव निवासी रामाकांत राम का पुत्र अनीश कुमार बताया जाता है। वह विद्यालय में कक्षा तीन में पढ़ता था। विद्यालय की सहायका शिक्षिका पूनम देवी ने बताया कि विद्यालय खुलने के समय ही छात्र आ रहे थे। इसी दौरान एक कक्षा दो का छात्र और अनीश दोनों आपस में टकराए। इसके बाद अनीश गिर गया। तब हमलोग भी मौजूद थे। उसे उठाए, गोद में लेकर सहलाए, पानी पीलाए तब तक कोई दिक्कत नहीं थी। उसने हमलोगों से बात भी की। हाल चाल पूछा गया तो बताया कि ठीक है। उसकी बहन जो इसी विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा है वह भी मौजूद थी। हमलोगों ने ही अनीश के घर पर सूचना भेजी। उसकी मां आई। तब उसे ले गई। इसके बाद हमलोगों को कुछ जानकारी नहीं हुई। फिर विद्यालय में प्रार्थना हुई और सभी शिक्षक पढ़ाने में व्यस्त हो गए। हालांकि सहायक शिक्षिका ने यह बताया कि कुछ देर बाद जब अनीश के बारे में जानकारी ली गई तो पता चला कि अस्पताल में उसकी मौत हो गई है। उधर सदर अस्पताल में बच्चे को लेकर जब स्वजन पहुंचे तो चिकित्सक ने उसे मृत बताया। इसके बाद स्वजन उसके शव को लेकर तुरंत वापस घर चले गए। इसके चलते उसकी मौत का स्पष्ट कारण नहीं पता चल सका। लेकिन आशंका जताई जा रही है कि दौड़ने के दौरान दोनों छात्र के सामने से टकराने पर अनीश की छाती में गंभीर चोट लग गई। इसके चलते वह गिरकर बेहोश हो गया और कुछ देर के बाद ही उसकी मौत हो गई। उसकी मौत के बाद सीवों गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया।

## 1600 से अधिक कक्षपाल पदों पर होगी बहाली

**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड सरकार ने राज्य के जेलों में कर्मियों की कमी को दूर करने के लिए बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर ली है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने कुल 1698 पदों पर बहाली के लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को अधियाचना भेज दी है। इनमें 1634 पद पुरुष कक्षपाल और 64 पद महिला कक्षपाल के लिए आरक्षित हैं। यह नियुक्ति प्रक्रिया हाल ही में राज्य मंत्रिपरिषद से स्वीकृत पुलिस, कक्षपाल, सिपाही (गृह रक्षा वाहिनी) एवं उत्पाद सिपाही संयुक्त भर्ती नियमावली-2025 के तहत की जाएगी। नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) और लिखित परीक्षा से गुजरना होगा। शारीरिक दक्षता परीक्षा के नियमों में भी बड़ा बदलाव किया गया है। अब पुरुष अभ्यर्थियों को 6 मिनट में 1600 मीटर दौड़ पूरी करनी होगी, जबकि महिला अभ्यर्थियों को 10 मिनट में 1600 मीटर दौड़ पूरी करनी होगी। पहले पुरुषों को 10 किलोमीटर और महिलाओं को 6 किलोमीटर की दौड़ अनिवार्य थी। सरकार का मानना है कि नई नियमावली से भर्ती प्रक्रिया न केवल पारदर्शी और व्यावहारिक होगी, बल्कि अभ्यर्थियों पर शारीरिक दबाव भी कम पड़ेगा। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि समय पर पर्याप्त संख्या में कक्षपालों की नियुक्ति कर जेल प्रशासन को मजबूत किया जाए और जेलों में सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा सके।

# आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं का मानदेय बढ़ा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की नीतीश कुमार सरकार राज्य विधानसभा चुनाव के पहले सौगातों की झड़ी लगा रही है। अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद आगे बढ़कर आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के मानदेय को बढ़ाने का एलान किया है। सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया कि आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय 7 हजार से बढ़ाकर 9 हजार किया जा रहा है। इसी तरह आंगनबाड़ी सहायिका का मानदेय 4 हजार से बढ़ाकर साढ़े 4 हजार किया जा रहा है। उनके निर्देश पर विभाग इसका प्रस्ताव आगे बढ़ाएगा। मंगलवार को कैबिनेट में उस प्रस्ताव पर मुहर लग जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को सोशल मीडिया पर कहा कि नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही गर्भवती महिलाओं और बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया जा रहा है। इसके लिए समेकित बाल विकास परियोजना के तहत छह तरह की सेवाएं दी जा रही हैं जो आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लाभुकों तक पहुंचाई जाती हैं। इसमें आंगनबाड़ी सेविकाएं और सहायिकाएं अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बताया कि इनके योगदान को देखते हुए मानदेय राशि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इससे सभी सेविकाओं और सहायिकाओं का उत्साह बढ़ेगा और समेकित बाल विकास सेवाएं और बेहतर तरीके से चल सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फैसला बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण और जीवन स्तर सुधारने में मदद करेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इससे पहले वह आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं के मानदेय में भी बढ़ोतरी की थी। साथ ही विधवा, वृद्धा और अन्य तमाम सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि को बढ़ा चुके हैं। नीतीश सरकार ने इस महीने से हर महिला के खाते में 10 हजार रुपये भेजने का ऐलान किया है।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :

Manaitand, Near Water Tank

Dhanbad, Jharkhand- 826001

Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

# महिलाओं व बच्चियों पर हिंसा करने वाले जा सकते हैं सलाखों के पीछे : नीता चौहान

## 18 वर्ष से नीचे उम्र की बच्चियों की शादी है बड़ा जुर्म : पीएलवी विनय कुमार

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बच्चियों व महिलाओं पर कोई हिंसा नहीं कर सकता। ऐसे करने वाले जेल के सलाखों के पीछे जाएंगे। महिलाओं व बच्चियों को किसी भी तरह की कोई दिक्कत, चाहे वह शारीरिक या मानसिक परेशानियां क्यों न हो, सखी वन स्टॉप सेंटर 181 हेल्पलाइन पर फोन कर सकती हैं। उन्हें त्वरित कानूनी सहायता व संरक्षण दिया जाएगा। उक्त बातें जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कही। वे सोमवार को सदर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका प्लस टू विद्यालय में पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी।

उन्होंने कहा कि किसी बच्ची के साथ हिंसा होती है तो 181 पर फोन करने पर तुरंत सखी वन स्टॉप सेंटर के पदाधिकारी, घर या संबंधित जगहों पर पहुंचकर संबंधित महिला व बच्ची का रेस्क्यू करते हैं। मारपीट होने पर अस्पताल में चिकित्सा की व्यवस्था कराते हैं। डीएलएसए के माध्यम से विधिक सहायता मिलती है। साथ ही पुलिस सहायता




■ **जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में बच्चियों को दी गई कानून की कई जानकारियां**

से लेकर निशुल्क परामर्श दिए जाते हैं। उन्होंने सरकार द्वारा महिलाओं व बेटियों के लिए शुरू की गई योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ इसका लाभ उठाने का आह्वान किया।

मौके पर पारा लीगल वॉलिंटियर विनय कुमार ने दो सच्ची घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि किसी भी हाल में बाल विवाह नहीं होनी चाहिए। अगर कोई इसके लिए दबाव डालता है तो तुरंत थाना में फोन किया जा सकता है। साथ ही पलामू जिला विधिक प्राधिकार से संपर्क कर सहायता ली जा सकती है। अगर कोई अभिभावक 18 वर्ष से नीचे की बच्चियों का शादी करता है तो शादी करने वाले जेल जा सकते हैं। बाल विवाह करना बड़ा जुर्म है। उन्होंने कहा कि बच्चियों को किसी क्षेत्र में अगर कोई भी परेशानी हो तो मोबाइल फोन के माध्यम से शिकायत कर सकते हैं। डीएलएसए के माध्यम से त्वरित सहायता दी जाएगी।

मौके पर चाइल्ड हेल्पलाइन के डिस्ट्रिक्ट को-र्डिनेटर अमित कुमार ने कहा कि किसी भी प्रकार की हिंसा से प्रभावित सभी महिलाएं व लड़कियां को चाइल्ड हेल्पलाइन सहायता प्रदान करता है। चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 पर प्रभावित बच्ची फोन कर सकती है। जरूरतमंद बच्चों के लिए 24 घंटे व साल के 365 दिन, मुफ़्त आपातकालीन फोन सेवा उपलब्ध है। कार्यक्रम का संचालन पीएलभी शैलेंद्र तिवारी ने किया। मौके पर पीएलभी प्रमोद रंजन, स्कूल की वार्डेन प्रीति कुमारी, शिक्षिका अर्चिता सिंह, वर्षा कुमारी, रुबी कुमारी, स्वर्णलता कुमारी, संधि सुधा, रूपा मेहरा, रागिनी रंजन, बबीता कुमारी, रितु बाला, नीलिमा देव, कल्पना कुमारी, चंदा कुमारी, शिक्षक सुमित कुमार, साकेत अंसारी, शुभम कुमार, लेखपाल राजाराम पाल, गार्ड अजय विश्वकर्मा, रसोईया नीलम, सुलोचना व बबीता आदि मौजूद थे।

# स्थानीय नागरिकों के लिए बीएसएफ प्रशिक्षण केंद्र हजारीबाग व सीसीएल रांची के बीच समझौता, मिलेंगे आधुनिक फिजियोथेरेपी उपकरण



**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल (BSF) हजारीबाग और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (CCL) रांची के बीच स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इस साझेदारी के तहत सीसीएल अपने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) पहल के अंतर्गत प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय परिसर स्थित अस्पताल को आधुनिक फिजियोथेरेपी उपकरण उपलब्ध कराएगा।

इस समझौते का उद्देश्य आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को उन्नत स्तर की फिजियोथेरेपी सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। अस्पताल में प्रतिवर्ष लगभग 5000 मरीज परामर्श के लिए आते हैं, जिनमें बड़ी संख्या हड्डी रोग और ऑपरेशन के बाद की जटिलताओं से पीड़ित रहती है। अब तक उपकरणों की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को अन्य अस्पतालों में भेजा जाता था। CCL द्वारा प्रदत्त उपकरणों से प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय में अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी केंद्र स्थापित होगा। इससे न केवल आम जनता बल्कि प्रशिक्षण केंद्र के सैनिकों, उनके परिजनों और प्रशिक्षुओं को भी लाभ मिलेगा। यह पहल BSF और CCL के सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो समाज के प्रति उनकी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सीसीएल, कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी है, जो ऊर्जा सुरक्षा में अहम भूमिका निभाने के साथ-साथ उरफ गतिविधियों के माध्यम से समुदाय के विकास के लिए निरंतर कार्यरत है। वहीं, इरत्र्ह अस्पताल आयुष्मान योजना के तहत स्थानीय नागरिकों को बेहतर इलाज प्रदान करने के लिए समर्पित है। यह समझौता स्थानीय नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को नई दिशा देगा और राष्ट्र निर्माण में BSF तथा CCL दोनों के योगदान को रेखांकित करेगा।

# चौपारण पंचायत भवन निर्माण में अनियमितता का आरोप, ग्रामीणों ने जांच और कार्रवाई की उठाई मांग

**चौपारण (हजारीबाग)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चौपारण प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत पंचायत भवन निर्माण कार्य पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य मानकों के विपरीत हो रहा है और ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, जहां प्रथम श्रेणी की लाल ईंटों का उपयोग होना था, वहां ठेकेदार ने सीमेंट ईंटों से दीवार खड़ी कर दी। रेत, गिट्टी और सीमेंट की मात्रा में भी गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना निरीक्षण और निगरानी के काम जारी है, जिससे भवन की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। उनका मानना है कि यदि यही हाल रहा तो कुछ ही वर्षों में पंचायत भवन जर्जर हो जाएगा। स्थानीय वार्ड सदस्यों और मुखिया प्रतिनिधि ने इस घोर लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए जिला प्रशासन से तत्काल तकनीकी जांच और दोषी ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इतने बड़े स्तर की गड़बड़ी सामने आने के बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द जांच नहीं की गई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों का साफ आरोप है कि पंचायत भवन निर्माण की शुरूआत से ही धांधली की जा रही है और जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर चुप्पी साधे हुए हैं।

# राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, रांची की ओर से पंचायती राज विभाग, उत्तरप्रदेश के पदाधिकारियों का एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम

■ **एक्सपोजर विजिट के पहले दिन खूंटी के सिल्दा में लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट की पदाधिकारियों ने क्षेत्र भ्रमण कर तकनीकी एवं प्रायोगिक पहलुओं की विस्तार से ली जानकारी**



**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (सर्ड), राँची की ओर से पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश के 30 पदाधिकारियों के लिए दिनांक 08 से 12 सितम्बर, 2025 तक "Exposure Visit under RGSA for Understanding Best Practices Led by PRIs" विषय पर पाँच दिवसीय Exposure Visit कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम के प्रथम दिन प्रतिभागियों को सत्र समन्वयक मो० सरफराज इकबाल के नेतृत्व में खूँटी जिले के ग्राम सिल्दा स्थित लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट का क्षेत्र-भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर परियोजना के राज्य समन्वयक श्री अरिंदम मिश्रा के सहयोग से संसाधन व्यक्ति श्री गिरेन्द्र कुमार ने परियोजना से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं प्रायोगिक पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी।

भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों को बताया गया कि इस परियोजना के माध्यम से लगभग 10 एकड़ भूमि में लाभुकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग के उप-निदेशक श्री अरविन्द कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने इस परियोजना की सराहना करते हुए इसे पंचायत स्तर पर ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी पहल बताया।

# बरही पंचमाधव में पंचायत स्तरीय आयुष चिकित्सा मेला का आयोजन 132 मरीजों का हुआ उपचार

**बरही (हजारीबाग)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला आयुष समिति, हजारीबाग के सौजन्य से सोमवार को प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव गांव स्थित आयुष्मान आयोग्य मंदिर के समीप एक दिवसीय आयुष ग्राम चिकित्सा मेला का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप मुख्य रूप से शामिल हुए। इस मेले में आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक दवाइयां, कॉलर बेल्ट, वॉकर, छड़ी, बैराखी एवं नीकैप का वितरण किया गया। ओपीडी में 132 मरीजों का उपचार किया गया और 50 से अधिक लोगों को योग की जानकारी दी गई अनिल मिश्रा के द्वारा

इस अवसर पर आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार रॉय, डॉ. प्रियंका भारती एवं योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने सभी मरीजों को संबंधित




दवाइयां दीं और योग का महत्व बताया। इस अवसर पर सैकड़ों मरीजों के अलावा दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा-2025 के शांतिपूर्ण संचालन हेतु निषेधाज्ञा आदेश लागू

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त हजारीबाग एवं पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के संयुक्त आदेशानुसार सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा झ्र 2025 के शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन हेतु निषेधाज्ञा आदेश लागू की है। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा-2025 दिनांक 09/09/2025 से 13/09/2025 तक दो पाली (प्रातः 10:00 बजे से 1:00 बजे तथा अपराह्न 2:00 बजे से 5:00 बजे तक) में हिन्दू +2 उच्च विद्यालय हजारीबाग, श्रीकृष्ण आरक्षी बाल विद्यालय हजारीबाग, संत रोबर्ट उच्च विद्यालय हजारीबाग, संत कोलम्बस कॉलेजिएट विद्यालय हजारीबाग एवं बिहारी गर्ल्स हाई स्कूल, हजारीबाग में परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी।

उक्त परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु अनुमंडल दण्डाधिकारी, सदर, हजारीबाग द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा आदेश लागू किया गया है-

1. परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में परीक्षार्थी को छोड़कर अन्य व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित।

2. परीक्षा केन्द्र के आस-पास हथियार, लाठी, आग्नेयास्त्र आदि साथ रखने या घूमने पर पूर्ण प्रतिबंध।

3. परीक्षा केन्द्र में बुक, नोटबुक, पेपर, मोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक गजट ले जाने पर प्रतिबंध।

4. लाउडस्पीकर आदि के प्रयोग पर प्रतिबंध।

यह निषेधाज्ञा आदेश दिनांक 09/09/2025 से 13/09/2025 तक सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्रभावी रहेगा। सरकारी पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी इस आदेश के प्रभाव से बाहर।

# गिरिडीह जूडो संघ की सीनियर उपाध्यक्ष बनी प्रोफेसर विनीता कुमारी

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जूडो संघ के तत्वाधान में नए उपाध्यक्ष के रूप में प्रोफेसर विनीता कुमारी को मनोनीत किया गया। इसकी जानकारी गिरिडीह जिला जूडो संघ के महासचिव उज्जवल सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके दी।

इस दौरान उज्जवल सिंह ने बताया कि आने वाले समय में जूडो संघ को और बेहतर करने के लिए प्रोफेसर विनीता कुमारी का अहम योगदान बना रहेगा। उन्होंने कहा कि जैसा की सर्वविदिक है कि प्रोफेसर विनीता कुमारी शिक्षा एवं समाज सेवा के साथ-साथ खेल में भी बहुत ज्यादा



रुचि रखती हैं। वह अपने मनोनयन को लेकर प्रोफेसर विनीता कुमारी ने बताया कि मैं जूडो को बहुत आगे तक लेकर जाऊंगी इसके लिए जैसा भी हो जो भी हो वह पूरी मेहनत करेंगी। इस दौरान प्रोफेसर विनीता कुमारी ने गिरिडीह जिला जूडो संघ के सभी सदस्य को दिल की गहराई से शुभकामनाएं दी।

# कराटे चैंपियनशिप बगोदर क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण : दीपक श्रीवास्तव

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बगोदर प्रखंड अंतर्गत घाघरा साइंस कॉलेज के इनडोर स्टेडियम में 6 सितंबर और 7 सितंबर को आयोजित दो दिवसीय ऑल इंडिया रेन्बुकान कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शामिल दीपक मार्शलआर्ट एकेडमी गिरिडीह के छात्र छात्राओं ने विजयी हासिल कर पूरे गिरिडीह शहर का नाम रोशन किया है।

जिसमें अंकित भदानी को गोल्ड मेडल आर्या मिश्रा को गोल्ड मेडल और कुमार शशांक को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया है। बताया गया कि इस कराटे चैम्पियनशिप में भारत के



विभिन्न राज्यों से खिलाड़ी शामिल हुए थे। इस मौके पर सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वंही यह चैंपियनशिप बगोदर क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण रहा। जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी एक मंच पर प्रतिस्पर्धा किये। इसे लेकर के गिरिडीह मार्शलआर्ट एकेडमी के कराटे शिक्षक एवं संचालक दीपक श्रीवास्तव द्वारा सभी विजेताओं को बहुत बहुत बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

# अदाणी फाउंडेशन कोचिंग सेंटर के पांच छात्र अग्निवीर भर्ती में सफल, सम्मानित हुए अभ्यर्थी





**बड़कागांव हजारीबाग/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गोंदुलपारा खनन परियोजना क्षेत्र में जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग सेंटर ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। हाल ही में आयोजित अग्निवीर भर्ती परीक्षा (शारीरिक, मेडिकल और लिखित) में इस कोचिंग सेंटर के पांच छात्रों ने सफलता प्राप्त की। सोमवार को इन सफल छात्रों को प्रोत्साहन समारोह में सम्मानित किया गया, जहां उनके परिजन भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बतौर अतिथि पहुंचे बड़कागांव के डीएसपी पवन कुमार ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, शिक्षा और मेहनत से ही समाज का विकास संभव है। उन्होंने असफल छात्रों को भी दोबारा मेहनत करने की सलाह दी। वहीं सर्किल इंस्पेक्टर ललित कुमार ने कहा कि इस उपलब्धि से अन्य बच्चे भी प्रेरित होंगे। सफल छात्रों में भानु सिंह राजपूत, सन्नी कुमार यादव, राजदीप कुमार, सुशांत कुमार शर्मा और ऋषभ कुमार शामिल रहे। इन्हें डीएसपी और इंस्पेक्टर ने सम्मानित किया। इस मौके पर कोचिंग सेंटर के प्रशिक्षक ऋतिक जायसवाल, रविंद्र कुमार यादव और राजेंद्र कुमार यादव ने विश्वास जताया कि आने वाली CISF, रेलवे, एक्साइज और ररउ परीक्षाओं में भी छात्र सफलता हासिल करेंगे। वर्तमान में इस निःशुल्क कोचिंग सेंटर में 35 से अधिक विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख पुण्डरीक मिश्रा, सुरक्षा प्रमुख अमित कोले, सीएसआर प्रमुख मोहित गुप्ता, तारकेश्वर कुमार, विजय कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# चौपारण प्रखंड के 12 शिक्षक सम्मानित, राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने किया शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

**चौपारण हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन चौपारण प्रखंड इकाई की ओर से बॉम्बे बाजार सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद सोनी एवं संचालन प्रखंड महासचिव दीपक सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, प्रदेश महासचिव नवीन सिन्हा एवं बरही अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद सोनी के नेतृत्व में चौपारण प्रखंड के शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 शिक्षकों को अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों में एसआरपी जनार्दन प्रसाद वर्मा, एनवाईएस इंटरनेशनल एकेडमी की प्राचार्या दीप शिखा मिश्रा, सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल बहेरा आश्रम की प्राचार्या रीना पांडे, राम




खेलावन रविदास, मध्य विद्यालय सेल्हारा के प्रधानाध्यापक जितेंद्र सिंह, उत्क्रमित उच्च विद्यालय तोईया, उमेश कुमार सिंह, मध्य विद्यालय भूसंडीह के प्रधानाध्यापक नंद किशोर रजक, मध्य विद्यालय रामपुर की शिक्षिका रीना कुमारी, सुंदर लाल जैन उच्च विद्यालय सिंघरावा के प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिन्हा तथा शशिकांत शर्मा (उप्रावि नगवां) शामिल रहे। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं और बच्चों के भविष्य निमार्ता हैं। उन्हें सम्मान देना राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के लिए गर्व की बात है। जहां भी शिक्षा के क्षेत्र में मानवाधिकारों का हनन होगा, एसोसिएशन हस्तक्षेप कर मानवाधिकारों का संरक्षण करेगा।

वहीं प्रदेश महासचिव नवीन सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन शिक्षकों का सम्मान कर उनके अधिकारों की रक्षा कर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले ही सच्चे मायनों में सम्मान के हकदार हैं। इस मौके पर संगठन के विस्तार की भी घोषणा की गई। जिसमें विशाल सिन्हा को सचिव, अजीत कुमार सिंह को प्रखंड उपाध्यक्ष, जबकि धीरज सिंह और रवि बर्नवाल को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ दी गई। कार्यक्रम में संदीप कौशिक समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जनहित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने आज जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ जनहित से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उप विकास आयुक्त श्री इश्तियाक अहमद व डीआरडीए निदेशक श्रीमती मां देव प्रिया उपस्थित थी।




बैठक में उपायुक्त ने विशेष रूप से मनरेगा, आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना (बिरसा कूप संवर्धन), आम बागवानी तथा दीदी बाड़ी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना के तहत 100 फीसदी मानव सृजन दिवस सृजित किया जाए तथा लक्ष्य के अनुरूप कार्य सुनिश्चित हो। लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश देते हुए उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा के कार्यों की निगरानी एरिया ऑफिसर मॉनिटरिंग ऐप पर नियमित अपलोडिंग द्वारा की जाए। बैठक में उपायुक्त ने बीपीओ एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटरों की जिम्मेवारी तय करते हुए उनके कार्यों की सूक्ष्म मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीनों पर योजनाओं का क्रियान्वयन एवं व्यापक पैमाने पर वृक्षारोपण कराया जाए। साथ ही, लाभुकों को आवास योजना की राशि समय पर उपलब्ध कराई जाए।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक प्रखंड में पंचायत भवन को सुचारू एवं नियमसंगत तरीके से चलाया जाए तथा सप्ताह में एक बार उसका निरीक्षण किया जाए। किसानों की सुविधा हेतु किसान क्रेडिट कार्ड योजना में गति लाने पर भी बल दिया। अंत में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रखंड कार्यालय में नियमित बैठक कर योजनाओं को चरणबद्ध एवं मिशन मोड में कार्यान्वित करें, ताकि जिले के विकास कार्यों में गति आ सके और आमजन को अधिकतम लाभ मिल सके।

## विशाल सिन्हा बने राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रखंड सचिव, अजीत सिंह उपाध्यक्ष अन्य चार का मनोनयन




**चौपारण हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चौपारण प्रखंड के वरिष्ठ पत्रकार विशाल सिंहा को राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन चौपारण प्रखंड के प्रखंड सचिव बनाए गए हैं। वहीं अजीत सिंह को प्रखंड उपाध्यक्ष, संदीप सिंह को प्रखंड उपाध्यक्ष, रवि बर्नवाल को प्रखंड उप सचिव एवं धीरज सिंह को प्रखंड कल्याण सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।

नव मनोनीत सभी मानवाधिकार कार्यकताओं को चौपारण में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, प्रदेश महासचिव नवीन सिन्हा, अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित, प्रखंड अध्यक्ष चौपारण प्रमोद कुमार एवं प्रखंड महासचिव दीपक सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से मनोनयन पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर नव मनोनीत सदस्यों ने कहा कि जो भी जिम्मेदारी उन्हें मिली है, उन्हें ईमानदारी पूर्वक निर्वहन की जाएगी।

## गिरिडीह पचंबा चितरडीह रोड में अंडरपास रेलवे ब्रिज के पास बड़े गड्ढे जल्द भरे जाएंगे : प्रो. विनीता

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो विनीता एवं उनकी टीम पवन कंधवे, समीर दीप एवं अमित आर्या ने अनुमंडल पदाधिकारी, नगर आयुक्त कार्यपालक अभियंता श्री रामविलास सिंह जी एवं पचंबा थाना प्रभारी को पचंबा चितरडीह जमुआ मार्ग अंडरपास रेलवे ब्रिज के पास बड़े बड़े गड्ढे, पचंबा सलैया स्टेशन रोड में बड़े बड़े गड्ढे एवं पचंबा हटिया रोड में गड्ढे साथ ही पचंबा चितरडीह रोड में बड़ी दरार की जैसी समस्याओं को लेकर आवेदन सौंपा गया जिसमें यह मांग रखी गई कि यदि 8-10 दिनों के अंदर या दुगार्पूजा के पहले रोड का मरम्मतीकरण नहीं किया गया या गड्ढे नहीं भरे गए तो जन आंदोलन किया जाएगा। इन सभी मुद्दों पर कार्यपालक अभियंता से बात हुई और उन्होंने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा प्रो विनीता ने कहा कि बहुत दिनों से इन समस्याओं को लेकर लोग परेशान हैं इसलिए बाध्य होकर हमलोग आवेदन दिए हैं और इस पर हमें सकारात्मक आश्वासन मिला है नहीं तो हमलोग धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। मौके पर नगर मंत्री पवन कंधवे,समीर दीप,अमित आर्या एवं अनिल साव उपस्थित रहे।



## उप विकास आयुक्त स्मृता ने की समाहरणालय सभागार में 15वें वित्त आयोग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** योजनाओं की मॉनिटरिंग, फील्ड विजिट एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली के माध्यम से बेहतर परिणाम सुनिश्चित करें:- उप विकास आयुक्त जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार आज समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त, श्रीमती स्मृता कुमारी ने 15वें वित्त आयोग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक की।




बैठक में उप विकास आयुक्त ने एजेंडवार विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की बारी-बारी समीक्षा की एवं निर्धारित लक्ष्य अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उन्होंने मुख्य रूप से 15वें वित्त आयोग के तहत आवंटित राशि खर्च करने की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी गाइडलाइन के अनुसार, 15वें वित्त आयोग के तहत आवंटित राशि संबंधित पंचायतों में अलग-अलग विकास योजनाओं पर खर्च करें। पंचायत एवं पंचायत समिति स्तर पर क्रियान्वित हो रही सभी योजनाओं में कार्य की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि योजनाओं का निर्माण एवं क्रियान्वयन मानकों के अनुरूप हो। उप विकास आयुक्त ने कहा कि पंचायत स्तर पर चल रही योजनाओं के सुचारू एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं की मॉनिटरिंग, फील्ड विजिट एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली के माध्यम से बेहतर परिणाम सुनिश्चित करें। बैठक में अपर समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, पंचायत सचिव, जेई, बीसी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## पलामू संसदीय क्षेत्र की जनहित की समस्याओं के समाधान को ले हमेशा तत्पर रहूंगी : स्मिता आनंद

### भाजपा नेत्री स्मिता आनंद ने किया छत्तरपुर प्रखंड के कई गांवों का दौरा

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू संसदीय क्षेत्र के जनहित की समस्याओं के समाधान को ले हमेशा तत्पर रहूंगी। उक्त बातें भाजपा मित्र स्मिता आनंद ने कही। वे सोमवार को छतरपुर प्रखंड के कई गांव के दौरा करने के क्रम में चौपाल में जनता से रूबरू थी।



छतरपुर के पिंडराही व खेन्द्रा खुर्द में स्मिता आनंद ने लोगों के विचारों व समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने अपने गांव, टोलों व पंचायत स्तरीय विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया । साथ ही समाधान का अनुरोध किया। स्मिता ने समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने पिंडराही व खेन्द्रा गांव में जर्जर हुए पहुंच पथ निर्माण की मांग की। स्मिता ने कहा कि पथ निर्माण संबंधी आवश्यक कार्रवाई संबंधित पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर बहुत जल्द ही पूर्ण की जाएगी। खेन्द्रा खुर्द को परहिया टोला से जोड़ने वाली सड़क के बीच स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया के निर्माण कराने की घोषणा की। कहा कि वैसे लोग जिन्हे किसी प्रकार की कोई समस्या हो, वे सीधे अपनी बातों को उन तक पहुंचाएं या स्वयं बेहिचक उनसे मिलने आवास पर आयें। किसी के माध्यम की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता के साथ उनका सीधा जुड़ाव होना चाहिए ताकि लोग सुगमता से अपनी बातों को उनके समक्ष रख पाएं। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, वरिष्ठ भाजपा नेता ईश्वरी पाण्डेय, चेतन चौहान, भोला पाण्डेय, पिंडराही मुखिया रीता देवी, सुरेंद्र सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, कौशल झा, मनोरंजन दुबे, ग्रामीण लक्ष्मण सिंह, प्रयाग विश्वकर्मा, मेघनाथ प्रजापति, राजेंद्र पासवान, गनौरी पासवान, ब्रह्मदेव सिंह, नन्कु सिंह, पुनीत सिंह, मुन्ना सिंह, अमनी कुंवर ललिता देवी समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## खंडोली बचाओ अभियान के तहत जेएलकेएम के बैनर तले खंडोली डैम में जल समाधि देने पहुंचे ग्रामीण

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खंडोली बचाओ अभियान के तहत आज जेएलकेएम के बैनर तले बड़ी संख्या में ग्रामीण खंडोली डैम पहुंचे और आठ सूत्री मांगों को लेकर जल समाधि लेने का प्रयास किया। जैसे ही ग्रामीण पानी में उतरने लगे, प्रशासन और पुलिस सतर्क हो गई।

मौके पर मौजूद बेंगाबाद थाना पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। अंततः पुलिस को बल प्रयोग कर सभी को पानी से बाहर निकालना पड़ा। इस दौरान आंदोलनकारी ग्रामीणों और पुलिस कर्मियों के बीच नोकझोंक भी हुई ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 1992 में जब जमीन डीविसी को दी गई थी, तब खंडोली डैम का सीमांकन स्पष्ट नहीं किया गया। अब डैम की सीमा बढ़ाए जाने से उनकी जमीन भी डैम क्षेत्र में शामिल कर ली गई है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी जमीन प्रशासन ने गलत तरीके से अधिग्रहित की है और जब उन्होंने कागजात मांगे तो जिला प्रशासन की ओर से कोई भी दस्तावेज नहीं दिखाया गया। उनका आरोप है कि स्थानीय लोग अपनी पुश्तैनी जमीन से बेदखल किए जा रहे हैं और सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही।

## अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर मॉडल जन चेतना केंद्र गिरिडीह का उद्घाटन



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्राथमिक शिक्षा- सह-सदस्य सचिव, राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, झारखंड के निदेशक के आलोक में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर दिनांक-01 से 08 सितंबर 2025 तक गिरिडीह जिला अंतर्गत साक्षरता सप्ताह के आयोजन का समापन पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय धनयडीह, गिरिडीह के प्रांगण में " सबके लिए शिक्षा " विषय पर चर्चा की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद, गिरिडीह के सदस्य प्रवीण मुर्मू एवं जागो फाउंडेशन के संचार प्रबंधक वीरेंद्र कुमार वर्मा के करकमलों द्वारा संयुक्त रुप से " मॉडल जन चेतना केंद्र, गिरिडीह " की स्थापना जिला शिक्षा अधीक्षक-सह- सचिव , जिला साक्षरता समिति, गिरिडीह के निदेर्शानुसार की गई ' गिरिडीह के ग्रामीण क्षेत्र में मॉडल जन चेतना केंद्र को सभी तरह के डिजिटल सुविधाओं से युक्त बनाने की योजनाओं पर नोडल शिक्षक-सह-राज्य संसाधन समूह के सदस्य संजीव कुमार ने प्रकाश डाला मुख्य अतिथि प्रवीण मुर्मू ने कहा कि विधालय परिवार जिस प्रकार से बच्चों के शिक्षण कार्य में सक्रिय भूमिका अदा कर रहे हैं उसी प्रकार से धनयडीह के सभी निरक्षर को साक्षर करने की योजना बनाने का प्रयास करें मेरा सहयोग किसी भी परिस्थिति में बना रहेगा ' जागो फाउंडेशन के वीरेंद्र कुमार बर्मा ने कहा कि भारत सरकार "उल्लास" कार्यक्रम के अन्तर्गत 15 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी निरक्षर लोगों को साक्षर करने की जो योजना बनाई गई है जिसमें हमारी संस्था जागो फाउंडेशन पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान करेगी ' विधालय के प्रधानाध्यापक भुवनेश्वर प्रसाद सिंह ने जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-सचिव, गिरिडीह का आभार व्यक्त किया कि हमारे विधालय को मॉडल के रूप में चयनित किया गया एवं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सहयोग प्रदान करने की अपील की ' विधालय के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सौरभ ने जागो फाउंडेशन द्वारा किया गया सहयोग की सराहना की ' कार्यक्रम को आनंददायी बनाने संगीतकार महेंद्र दास की भूमिका के साथ उदय दास , जागो फाउंडेशन के डॉली कुमारी, सुकूर मनी मरांडी, नरेश कुमार, आशा कुमारी ,सुमित्रा कुमारी का योगदान रहा राज्य संसाधन समूह के सदस्य सह शिक्षक संजीव कुमार ने कहा कि हम विधालय परिवार के सभी सदस्य, विधालय प्रबंधन समिति एवं जागो फाउंडेशन जैसी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के सहयोग से विधालय पोषक क्षेत्र को पूर्ण साक्षर करने का संकल्प लिया गया जिसमें विधालय के सभी शिक्षकों के साथ लगभग सैकड़ों लोगों की उपस्थिति थी।

## शिक्षक के बिना समाज की बेहतर कल्पना संभव नहीं : डीआईजी नौशाद आलम

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षक के बिना समाज का बेहतर कल्पना संभव नहीं है। शिक्षक ही बच्चों को तरास कर देश का योग्य नागरिक बनाते हैं। शिक्षकों का कर्ज.कभी नहीं उतर जा सकता। उक्त बातें पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने कही। वे प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के तत्वाधान में स्थानीय बैरिया चौक के माया पैलेस में शिक्षक दिवस के तहत शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम में बतौर उद्घाटनकर्ता बोल रहे थे।



उन्होंने कहा कि देश के विकास में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षकों द्वारा तरासे गए बच्चे ही भविष्य में देश को चलाने का काम करेंगे। ऐसे में शिक्षकों पर भी इसकी बड़ी जिम्मेवारी है। मुख्य अतिथि सह एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि समाज में शिक्षकों का महत्व ऐसे भी आंका जा सकता है जब देश के राष्ट्रपति होने के बावजूद सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपने जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने का सुझाव दिया। यह बड़ी बात है। सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विचार शिक्षाविदों के लिए प्रेरणादाई है। एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष अविनाश वर्मा ने एसोसिएशन के सभी इकाइयों के अध्यक्ष पदाधिकारी व सदस्यों को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षक हर वह व्यक्ति होता है जिससे हम सीखते हैं माता-पिता प्रथम शिक्षक होते हैं जिन शिक्षकों को सम्मानित किया गया उसमें कुछ दम है।

## बेंगाबाद-चतरो मुख्य मार्ग पर सड़क हादसा, टेलर की चपेट में आई वृद्ध महिला, हालत नाजुक

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बेंगाबाद-चतरो मुख्य मार्ग पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा घटित हुआ। छोटकी खरगडीहा चौक के समीप एक तेज रफ्तार टेलर ने 65 वर्षीय वृद्ध महिला को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं मिली जानकारी के अनुसार, छोटकी खरगडीहा नईटांड़ निवासी शांति देवी किसी कार्यवश खरगडीहा बाजार गई थीं।



इसी दौरान चतरो की ओर से आ रहा टेलर (रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच 09 बीडी 4531) अचानक अनियंत्रित हो गया और महिला को कुचल दिया। हादसे में शांति देवी का बायां हाथ और बायां पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है।ग्रामीणों ने बताया कि बेंगाबाद-चतरो मुख्य मार्ग की हालत लंबे समय से जर्जर बनी हुई है। जगह-जगह गड्ढे और टूटे हुए हिस्सों के कारण इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बावजूद इसके सड़क मरम्मत की दिशा में विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र सड़क की मरम्मत कराने और भारी वाहनों पर नियंत्रण लगाने की मांग की है हादसे की सूचना मिलते ही बेंगाबाद पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि अगर सड़क की स्थिति सुधारी नहीं गई तो कभी भी बड़ा हादसा घट सकता है।

## रामपुर में होगा आरसीपीएल सीजन-13 का आगाज, 22 सितम्बर से शुरू होगा टूर्नामेंट

**चौपारण (हजारीबाग)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामपुर पंचायत में रविवार को आयोजित बैठक में हर साल की तरह इस वर्ष भी आरसीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट को सफल बनाने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में आरसीपीएल सीजनझ13 समिति का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष विनय सिंह, सचिव विजय कुमार यादव, उपाध्यक्ष बलराम राम, संयुक्त सचिव दयानंद ठाकुर, प्रबंधक अशोक राणा, मेजबान प्रबंधक शशिकांत शर्मा, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, मीडिया प्रभारी रणवीर चौधरी और मेडिकल प्रभारी मनोज कुमार पाठक बनाए गए। वहीं राजेश कुमार को आरसीपीएल का संरक्षक घोषित किया गया।



अध्यक्ष विनय सिंह ने जानकारी दी कि रामपुर में बीते 13 वर्षों से नवरात्र के प्रथम दिन कलश स्थापना के अवसर पर इस टूर्नामेंट की परंपरा रही है। इस वर्ष भी टूर्नामेंट का शुभारंभ 22 सितम्बर 2025 से होगा, जिसमें कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता शॉर्ट बाउंड्री फॉर्मेट में खेली जाएगी और पूरे नवरात्र यानी 8 दिनों तक जारी रहेगी। सचिव विजय कुमार यादव ने कहा कि उद्घाटन अवसर पर कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। समिति के सभी पदाधिकारियों ने आयोजन को भव्य और सफल बनाने का संकल्प लिया तथा खिलाड़ियों से निष्पक्षता और खेल भावना के साथ भाग लेने की अपील की।

इसके अलावा, संरक्षक सदस्य के रूप में मनोज प्रसाद, धर्मवीर कुमार, विवेक कुमार, सोनू कुमार, लवकेश पांडेय, दीपक कुमार, देवराज प्रसाद और राजू टेस्टर को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## गोड्डा-नई दिल्ली एक्स. व हटिया-आसनसोल इंटरसीटी का ठहराव सलैया स्टेशन पर हो

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सलैया रेल पैसेंजर यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा नेत्री श्रीमती शालिनी बैसखियार के नेतृत्व में माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी से शिष्टाचार मुलाकात कर क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण मांग रखी।

प्रतिनिधि मंडल ने आग्रह किया कि गोड्डा-नई दिल्ली एक्सप्रेस एवं हटिया आसनसोल इंटरसिटी जिसका वर्तमान में ठहराव न्यू गिरिडीह स्टेशन पर है, उसे कुछ समय के लिए सलैया स्टेशन पर भी ठहराया जाए साथ ही गिरिडीह से कोलकाता जाने के लिए भी ट्रेन सेवा दी जाए एवम उस ट्रेन का ठहराव भी सलैया स्टेशन पर दिया जाए यूनियन ने बताया कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री, विद्यार्थी और व्यापारी दिल्ली सहित अन्य बड़े शहरों की यात्रा करते हैं। ठहराव न होने से उन्हें न्यू गिरिडीह या अन्य स्टेशनों तक जाना पड़ता है, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ जाते हैं साथ ही अपनी इस मांग के पक्ष में कई अन्य तथ्य प्रस्तुत किये जिनका विवरण संलग्न ज्ञापन की प्रति में आपको दिया गया है माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी ने इस मांग को गंभीरता से सुना और सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया यूनियन के सदस्यों का कथन सलैया स्टेशन पर ठहराव से हजारों यात्रियों को सीधी सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का विकास भी होगा प्रतिनिधि मंडल हम आशा करते हैं कि माननीय रेल मंत्री जी जल्द ही सलैया, पचम्बा वासियों को यह सौगात देंगे यूनियन सदस्य यूनियन के श्री गौतम सोनी ने कहा की जब से ईस ट्रेन का परिचालन प्रारम्भ हुआ है तभी से हमारी यह माँग चल रही है।



New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 08-09-2025 21:45 Page 1



# परिचारी संघ का जदयू कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना में ग्रुप कार्यालय परिचारी/परिचारी विशिष्ट के पद पर नियुक्ति की मांग को लेकर बिहार राज्य परिचारी संघ के सदस्यों ने जदयू की पार्टी के कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। महिला और पुरुष अभ्यर्थियों ने जदयू कार्यालय का घेराव किया। सभी लोग 12 हजार पदों पर बहाली, स्थायीकरण और वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

इनका कहना है कि 2024 में 12 हजार परिचारी के पदों पर हमलोगों ने परीक्षा दिया। लेकिन, अब तक न रिजल्ट जारी किया गया। इतना ही नहीं अब तक बिहार के हजारों परिचारियों का न वेतन बढ़ाया गया है और ना ही उन्हें स्थाई किया गया है। 2006 से हम लोग यह मांग कर रहे हैं लेकिन अब तक हमारी मांगों पर नीतीश सरकार ध्यान नहीं दे रही है। इसलिए जब तक हम लोगों की मांगे पूरी नहीं होती, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। सरकार से अपील है कि वह हम लोगों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा करें नहीं तो इसका खामियाजा उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

बिहार राज्य परिचारी संघ के सदस्यों ने आज हम लोग बिहार के 28 जिले से यहां पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे हैं। हमलोग लगभग 12 साल से नौकरी का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें नियुक्ति पत्र नहीं मिला है। उन्होंने मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर जल्द से जल्द नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने की मांग की है। अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि उन्हें जल्द से जल्द नियुक्ति पत्र दिया जाए। उन्होंने बताया कि इन सभी 12,000 अभ्यर्थियों ने अपने परिवारों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री को 10 से 12 बार वोट दिया है। लेकिन, नौकरी अबतक नहीं मिली।

अभ्यर्थियों ने सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी विजय सिंह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा कि अगर हमारी मांगे पूरी नहीं होती तो आगामी चुनाव में हम लोग वोट बहिष्कार कर देंगे।

बिहार परिचारी संघ के सदस्यों ने कहा कि ये पूरा मामला साल 2012 में निकले ग्रुप डी के पदों पर बहाली से जुड़ा है। इन पदों के लिए 12 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। आवेदन के बाद परीक्षा हुई और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन भी हो गया। इसके बाद इन 12 हजार अभ्यर्थियों में से 2, 4, 10, 15, 25 और 50 अभ्यर्थियों की सूची अचानक से जारी की गई। लेकिन बाद में इस सूची में भी कुछ लोगों को पास किया गया।

इस मामले में बिहार राज्य परिचारी संघ ने आरोप लगाया है कि मुख्य सचिव, प्रधान सहायक और इरउ के सचिव ने मिलकर इन सभी अभ्यर्थियों को गुमराह किया है। उनका कहना है कि इन अधिकारियों ने डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन को रद्द कर दिया और कुछ ही अभ्यर्थियों को आगे बढ़ाया, जिससे बाकी अभ्यर्थियों का भविष्य अंधकार में चला गया है।

## मामूली विवाद में चली गोलियां

**पूर्णिया।** एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। सड़े बैगन को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते गोलीबारी और ईंट-पत्थरबाजी में बदल गई। इस घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली चलाने का आरोप नगर निगम के वार्ड 36 के पार्षद विलास चौधरी और उनके समर्थकों पर लगा है। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ, कटिहार मोड़ टीओपी और सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। घायलों को पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल सूरज कुमार, जो खुश्कीबाग वार्ड 38 निवासी महेश्वरी तुरी का पुत्र है और ₹आदि शक्ति युवा सेवा संघ₹ से जुड़ा है, ने बताया कि वार्ड पार्षद और उनके समर्थक खुश्कीबाग बाजार में किसानों व सब्जी विक्रेताओं से जबरन रंगदारी वसूलते हैं। संघ इसका विरोध करता रहा है। रविवार को इसी विवाद को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और गोलीबारी हो गई। गोली लगने से सूरज कुमार घायल हुआ जबकि वार्ड पार्षद का भाई वीरेंद्र चौधरी ईंट लगने से जख्मी हो गया।

# शिक्षकों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली बिहार शिक्षा परियोजना समग्र शिक्षा अभियान के समावेशी शिक्षा अंतर्गत सामान्य शिक्षकों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण के द्वितीय बैच की शुरुआत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुस्तफापुर उर्दू में हुआ।

8 सितंबर से चलने वाले इस गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाध्यापक सेराजुल हक फैजी के भाषण से हुआ, उन्होंने सभी विद्यालय से आए हुए शिक्षक एवं शिक्षकों का स्वागत अपने विद्यालय में किया तथा बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ विद्यालय में एक साथ शिक्षा देना है।

प्रशिक्षण में भाग लेने वाले शिक्षक एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए मुख्य प्रशिक्षक मनोज कुमार मौर्य विशेष शिक्षक ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रत्येक विद्यालय में नोडल शिक्षक तैयार करना है, जिससे दिव्यांग बच्चे बिना किसी भेदभाव के विद्यालयों में पढ़ सके और समावेशी शिक्षा की अवधारणा को सशक्त बनाया जा सके,, जिससे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को बच्चों को समग्र शिक्षा अभियान के समावेशी शिक्षा द्वारा मिलने वाली विभिन्न सुविधाएं, सहायक उपकरण, व्हीलचेयर , श्रवण यंत्र , ब्रेल बुक इत्यादि इन बच्चों को आसानी से मिल सके जिससे यह बच्चे समाज की मुख्य धारा में जुड़ सके और प्रशिक्षण में आए सभी शिक्षक प्रशिक्षित होकर यहां से जाएं जिससे विद्यालय में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके।

इस मौके पर प्रशिक्षक के रूप में संजय सिंह विशिष्ट शिक्षक एवं प्रशिक्षणार्थी के रूप में कुमार शिवम, विकास कुमार, निरंजन कुमार मिश्रा ,सुनील कुमार ,गजेंद्र कुमार, प्रीति कुमारी ,पिंकी कुमारी, रंजना कुमारी ,शगुफ्ता परवीन ,सबीना परवीन, आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

# महाबोधि मंदिर में कैमरा वाला चश्मा पहनकर युवक घुसा

## हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पुछताछ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** थाना क्षेत्र के महाबोधि मंदिर में घूमने आए एक युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। वह अपने तीन दोस्तों के साथ रविवार को कैमरे वाला चश्मा के साथ मंदिर में प्रवेश किया था और मंदिर परिसर में फोटो क्लिक कर रहा था। वहीं, मंदिर की सुरक्षा में तैनात बी-सैप के जवानों ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसके बाद तीनों को बोधगया थाने की पुलिस को सौंप दिया।

प्रश्न यह है कि युवक कैमरे वाला चश्मा के साथ मंदिर में प्रवेश कैसे कर गया जबकि मंदिर परिसर में दो स्थानों पर मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। हालांकि, कैमरा वाले चश्मा से फोटो क्लिक करने के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया।

बोधगया थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि महाबोधि मंदिर में एक युवक सहित दो साथियों के साथ कैमरा वाले चश्मा लेकर मंदिर

### हिडेन कैमरे से खींच रहा था तस्वीर

में प्रवेश कर गया था। युवक के पास से मोबाइल और चश्मा बरामद किया गया है।

हिरासत में लिया गया युवक कर्नाटक के बेंगलूरु का विश्वा, दिल्ली का धर्मेन्द्र कुमार एवं यूपी का रीशु कुमार है। तीनों बोधगया भ्रमण करने के लिए आये थे। महाबोधि मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे, जहां चश्मा में लगा हिडेन कैमरा से तस्वीर खींच रहा था।

उसे रविवार की दोपहर बाद गया हवाई अड्डा से दिल्ली जाना था, वहां से वे तीनों दुबई के लिए जाने वाले थे। फिलहाल, बोधगया थाने में पुलिस हिरासत में है। उल्लेखनीय है कि महाबोधि मंदिर में कैमरा, मोबाइल या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है।

# घरेलू कलह से परेशान युवक ने नहर में लगायी छलांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बैरिया।** घरेलु कलह से परेशान श्रीनगर थाना क्षेत्र के कोहड़ा बाजार निवासी लाल बहादुर साह के पुत्र दीपक साह (28 वर्ष) रविवार की शाम आठ बजे के आसपास संतघाट के समीप मथौली नहर में आत्महत्या करने के लिए छलांग लगा दी।

फिलहाल नहर में करीब 15 फीट के आसपास पानी तेज रफ्तार में बह रहा है। नहर में छलांग लगाने से पूर्व युवक ने अपने बहनोई बैरिया थाना क्षेत्र के मठिया भितहा गांव निवासी बलराम साह को फोन पर बताया कि अब मैं घरेलू कलह से परेशान हो गया हूं, इस लिए नहर में कूदकर जान दे रहा हूं।

थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने बताया कि युवक के डूबने की सूचना मिली है। शव की खोज के लिए एसडीआरएफ की टीम बुलाई है। सोमवार की शाम तक एसडीआरएफ की टीम ने करीब दो किमी तक तलाश की, लेकिन शव नहीं मिला है। अभी तक परिजनों ने कोई लिखित शिकायत नहीं की है। युवक के पिता ने घरेलु कलह की बात से इनकार किया है। बताया जाता है कि युवक शाम सात बजे के आसपास घर से खाना खाकर बाइक लेकर निकला था। घर से करीब दस किमी दूर मथौली नहर पर आया था। ग्रामीणों ने बताया कि मथौली नहर के समीप बाइक खड़ी कर युवक वहां बैठकर रो रहा था। मोबाइल से अपने बहनोई बलराम साह को फोन किया। उसके बहनोई का कहना है कि फोन पर दीपक रो रहा था और कह रहा था कि अब मैं जिंदा नहीं रहना चाहता हूं, नहर में डूबने जा रहा हूं।

उसके बहनोई ने पूछा , तुम कहां हो तो उसने बताया कि संतघाट पर हूं। इतना सुनने के बाद उसका बहनोई संतघाट पर आया तो देखा कि मथौली नहर के पास बाइक खड़ी है और दीपक नहीं है।

उसने पुलिस को फोन की। पुलिस पहुंची तो बाइक की डिक्की से मोबाइल और बाइक की चाबी बरामद की गई। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तो ग्रामीणों ने बताया कि युवक बाइक खड़ी कर नहर में कूद गया।

## फिर हुआ मानसून सक्रिय

**पटना।** बिहार में एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले सात दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में बारिश और वज्रपात के आसार हैं। पटना, गया, भागलपुर, पूर्णिया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, रोहतास, सासाराम, बक्सर, अररिया, कटिहार जिले शामिल हैं। हालांकि कहीं-कहीं पर ही जोरदार बारिश होगी, बाकी इलाकों में रुक-रुक कर या हल्की बौछारें पड़ सकती हैं। इन इलाकों में वज्रपात के भी आसार जताए हैं। वहीं रविवार रात को पटना के कई इलाके में बारिश हुई।

## शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**अररिया।** इस वर्ष केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में विषय अनुसार अच्छा परिणाम आने पर विज्ञान ,अंग्रेजी ,सामाजिक विज्ञान, गणित एवं फिजिकल एजुकेशन के शिक्षकों को विद्यालय द्वारा पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। अंग्रेजी विषय में 40 से अधिक बच्चे 90% से ऊपर आने पर मौसमी साहा, गणित विषय में 90% से ज्यादा 30 बच्चों का अंक आने पर शिक्षक रतन मिश्रा व फिजिकल एजुकेशन में 90 से 100% अंक 99बच्चो को आने पर शिक्षक कौशिक घोष तथा विज्ञान विषय में 52 बच्चों का 90 से 100% अंक आने पर शीक्षक मृणाल प्रधान, केसी झा, संजय मंडल एवं सामाजिक विज्ञान के लिए अर्जुन कुमार झा अजीत मिश्रा सौभीक घोष को संस्था के निदेशक डॉक्टर संजय प्रधान ने 5000 का चेक देकर सम्मानित किया। जैसा कि बता दें मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल में इस वर्ष 10वीं एवं 12वीं के छात्रछात्राओं को अच्छे परिणाम आने पर लैपटॉप व शिक्षाप्रद वस्तुएं प्रदान किया गया। शिक्षक एवं बच्चों में प्रतियोगिता की भावना जागृत हो इसके लिए आगामी दिन पठान पठान व अन्य गतिविधियों में विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# कृमि मुक्ति दिवस 16 सितम्बर को

## दस लाख बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** 16 सितंबर को जिले में कृमिमुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इस दिन एक से 19 साल तक के सभी बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इस दिन, जो बच्चे दवा खाने से किसी कारण से वंचित रह जाएंगे, उन्हें 19 सितंबर को माप अप दिवस पर दवा खिलाई जाएगी। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डा. विनोद प्रताप सिंह ने बताया कि आइसीडीएस, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त समन्वय से जिले में 10 लाख 40 हजार 434 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसको लेकर तैयारियां चल रही हैं।

डीआइओ ने बताया कि इसके अंतर्गत स्कूल जाने वाले बच्चों को स्कूल में, आंगनबाड़ी के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर और जो बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं, उन्हें भी आंगनबाड़ी केंद्रों पर अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। डीआइओ ने बताया कि बच्चों में कृमि संक्रमण, व्यक्तिगत अस्वच्छता तथा संक्रमित दूषित मिट्टी के संपर्क से होता है।

कृमि संक्रमण से बच्चों के पोषण स्तर एवं हिमोग्लोबिन स्तर पर गहरा दुष्प्रभाव पड़ता है, जिससे बच्चों का शारीरिक एवं बौद्धिक विकास बाधित होता है। इस बाबत एविडेंस एक्शन के जिला समन्वयक भीम कुमार ने बताया कि इस परिस्थिति में भारत सरकार ने 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को कृमिमुक्त करने के लिए राज्य के सभी 38 जिलों में राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस का आयोजन 16 सितंबर को करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने बताया कि इसके तहत निर्धारित उम्र के बच्चों को उनके संस्थान में ही दवा खिलाई जाएगी। किसी को इसे घर ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# किसान गोष्ठी में जलवायु अनुकूल खेती पर कृषि वैज्ञानिकों ने दिया जोर




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत मनरेगा सभागार में सोमवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को बदलते जलवायु परिवर्तन के अनुरूप खेती के नए तौर-तरीकों से अवगत कराना तथा मोटे अनाज की खेती को प्रोत्साहित करना था।

गोष्ठी में कृषि विशेषज्ञों , वैज्ञानिकों ने किसानों को विस्तृत रूप से बताया कि किस प्रकार जलवायु परिवर्तन का सीधा प्रभाव कृषि उत्पादन पर पड़ता है और इसका समाधान केवल वैज्ञानिक तरीके से खेती करने, फसल विविधी करण अपनाने और जलवायु अनुकूल फसलों की ओर रुझान बढ़ाने से ही संभव है। उन्होंने मोटे अनाज की खेती को न सिर्फ पोषण की दृष्टि से लाभकारी बताया, बल्कि इसे किसानों के लिए आर्थिक रूप से भी फायदेमंद बताया। विशेषज्ञों ने कहा कि मोटे अनाज में अधिक पोषण तत्व पाए जाते हैं और इसकी खेती कम पानी तथा कम लागत में आसानी से की जा सकती है। यह सूखा एवं जलवायु परिवर्तन की परिस्थितियों में भी उपज देने में सक्षम है। कार्यक्रम में किसानों को जैविक खेती, फसल चक्र, जल संरक्षण तकनीक एवं आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग की भी जानकारी दी गई गोष्ठी में उपस्थित अधिकारियों ने किसानों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कृषि योजनाओं, अनुदान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। गोष्ठी में उपस्थित किसानों के सवालों के जवाब दिए गए और उन्हें व्यवहारिक सुझाव भी दिए। किसानों ने इस कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसी गोष्ठियां समय-समय पर होती रहनी चाहिए ताकि उन्हें नवीनतम कृषि तकनीकों और योजनाओं की जानकारी मिल सके और वे इसका लाभ उठाकर अपनी आय बढ़ा सकें।

# रोहतास कांग्रेस में बगावत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** रोहतास जिला कांग्रेस कमेटी इन दिनों अंतर्विरोध के कारण सुर्खियों में है। इससे पहले कांग्रेस जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह नोटरी को भी इसी कारण अपना पद गंवाना पड़ा था। अब नए जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार पांडे के खिलाफ भी बगावत के सुर उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार रोहतास जिले के 13 प्रखंड अध्यक्षों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार पांडे के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सत्येंद्र दुबे को अपना जिलाध्यक्ष घोषित कर दिया है। राजनीतिक विशेषज्ञ मानते हैं कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी में चल रहे ये अंतर्विरोध जिले में चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच सोमवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार पांडे ने कहा कि बीते रविवार को जगजीवन सेवा आश्रम में आयोजित कार्यकर्ता सम्मान समारोह के दौरान मेरे खिलाफ जो आरोप लगाए गए, वे पूरी तरह निराधार हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग विरोध कर रहे हैं, वे चेनारी विधायक मुरारी प्रसाद गौतम के संपर्क में हैं और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे हैं, जिसका साक्ष्य उनके पास मौजूद है।

अमरेंद्र कुमार पांडे ने चेतावनी दी कि संगठन का कोई भी सदस्य अगर पार्टी के अनुशासन का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। चेनारी विधायक के साथ घूमने वाले लोग पार्टी के साथ विश्वासघात कर रहे हैं और उनके लिए कांग्रेस में कोई जगह नहीं है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिलाध्यक्ष का पद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा मनोनीत किया जाता है। इसलिए किसी कार्यकर्ता द्वारा जिलाध्यक्ष का अपमान करना, पार्टी नेतृत्व का अपमान है। उन्होंने उन कार्यकताओं की भी निंदा की, जो ह्लदो नाव की सवारीह्व कर रहे हैं।

अमरेंद्र कुमार पांडे ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस में विरोध के पीछे भाजपा का स्लीपर सेल सक्रिय है। भाजपा का अपना जनाधार कमजोर है, इसलिए उन्हें कांग्रेस के कुछ लोगों का सहारा लेना पड़ रहा है।

# जिले की आधा दर्जन ग्रामीण सड़कों पर फिर चढ़ा पानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले में गंगा नदी एक बार फिर तेज गति से बढ़ने लगी है। लगभग एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ने के कारण बड़हरा में गंगा का जलस्तर सोमवार की शाम छह बजे तक 53.60 मीटर पर पहुंच गया था। इस तरह से गंगा खतरे के निशान से 52 सेंटीमीटर उपर बहने लगी थी। खतरे के निशान से आधा मीटर पानी ऊपर होते ही बड़हरा प्रखंड क्षेत्र के केशोपुर-बखोरापुर मुख्य मार्ग समेत आधा दर्जन ग्रामीण सड़कों पर फिर पानी चढ़ गया है। बखोरापुर-नेकनाम टोला जाने वाली सड़क पर दो से तीन फीट पानी चढ़ गया है। इसी के साथ बड़हरा में लौहर फरना से बखोरापुर को जोड़ने वाला पथ, सिरिसिया लिंक पथ, बलुआ सलेमपुर मुख्य पथ पर बाघा कोल तेतरिया मुख्य सड़क पर, बभनगांवा लिंक पथ, इटाहना लिंक पथ, सिन्हा दुर्गा टोला मुख्य पथ, गजियापुर दुर्गा टोला पथ, फरहदा शिवपुर सरैयां पथ, नेकनाम टोला लिंक पथ, विशुनपुर गांव के लिंक पथ समेत कई सड़कों पर पानी चढ़ने के साथ फैलने लगा है।

दूसरी तरफ बड़हरा के बखोरापुर, केशोपुर, सेमरिया, पड़रिया, बड़का लौहर, फरना, करजा, मुबारकपुर, पकड़ी, नरगदा, बबुरा, कुतुबपुर डेरा, सोहरा, हेतमपुर, महुली, दुर्ग टोला, बभनगांवा, इटाहना, घाघंर, महुदही, कुइयां, नेकनाम टोला, भुसौला, दुबे छपरा, सबलपुर, शिवपुर, पैंगा, गुंडी, छपरा पर, शिव दियरी, कुतुबपुर, फुहां, बड़हरा, खवासपुर, एकवना, सिरिसिया, शालिग्राम सिंह के टोला, विशुनपुर, फरहदा, सबलपुर, पोरहां, लवकुश पुर, मिल्की, ज्ञानपुर, सेमरिया, गजियापुर, नथमलपुर और जीवा राय के टोला समेत अन्य गांवों के बधार में पानी फैलने के साथ कई गांव के समीप भी बाढ़ का पानी पहुंच गया है।

भोजपुर जिले में गंगा नदी एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रही है। बाढ़ नियंत्रण के कार्यपालक अभियंता अविनाश कुमार ने बताया कि इलाहाबाद में गंगा मंगलवार से कम होने लगेगी जिसका असर गुरुवार से भोजपुर जिले में भी दिखने लगेगा। सात सितंबर को जिले में गंगा का जलस्तर 53.16 मीटर था जो 25 सेंटीमीटर बढ़ते हुए आठ सितंबर की सुबह तक 53.41 मीटर पर पहुंच गया। सोमवार की शाम छह बजे तक गंगा का जलस्तर 53.60 मीटर पर था। अगले दो दिनों तक इसी रफ्तार से पानी बढ़ने की आशंका व्यक्त की गई है।

# गांधी स्मृति यात्रा पूर्णिया पहुंची, गांधी और खादी के संदर्भों पर विमर्श

*__पटना।__ 8 सितंबर को गांधी स्मृति यात्रा पूर्णिया पहुंची। सर्वोदय आश्रम रानीपतरा जो बैजनाथ बाबू की कर्मभूमि है में उनकी स्मृति को नमन करते हुए दिलीप कुमार की अध्यक्षता में खादी और गांधी के विभिन्न संदर्भों पर चर्चा हुई। बैठक में मुंशी यादव, केदार यादव, नवीन चंद्र पाल, वकील यादव, वीरेंद्र सिंह, बैद्यनाथ मेहता, दिलीप कुमार मेहता, वीरेंद्र सिंह, राजेंद्र प्रसाद मेहता कमलेश्वरी मेहता मोहम्मद शमसुद्दीन, बैजनाथ चंद्रवंशी, कृष्णानंद गुप्ता बैद्यनाथ यादव योगेंद्र यादव आदि अपने विचार व्यक्त किया। सभी ने बैद्यनाथ चौधरी तथा गांधी जी के मूर्ति पर माल्या अर्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित की।यात्रा दल के चंद्र भूषण अध्यक्ष बिहार ने यात्रा के पड़ाव के अनुभवों को साझा किया। पूर्णिया जिले के रुपौली और बिशनपुर के भ्रमण की चर्चा की। खादी की दुर्व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए सदस्यों से सुझाव मांगा। सर्व सेवा संघ के मंत्री विजय कुमार ने कहा कि खादी गांधी की आत्मा है।खादी को ग्राम उद्योग के साथ जोड़कर बिहार में पलायन की समस्या को रोका जा सकता है। उत्तर बिहार में जल प्रबंधन एक बड़ी समस्या है। स्थानीय उपलब्ध संसाधनों के आधार पर कृषि आधारित ग्राम उद्योग को पुनर्जीवित करना आवश्यक है।*

*प्रोफेसर मनोज कुमार ने गांधी और बिहार से जुड़े संदर्भ पर प्रकाश डालते हुए उत्तर बिहार में गांधी की उपस्थिति को विस्तार से रखा। उन्होंने बताया कि 1925 में गांधी 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक बिहार के उत्तर पूर्व जिलों में रहे। 8 अक्टूबर को मधुपुर (झारखंड) में गांधी थे। वहां से पूर्णिया जिले की ओर रवाना होते हैं, गांधी ने स्वयं लिखा है कि एक नए वातावरण और नए प्रदेश की ओर चलें। पूर्णिया जिला गंगा के उत्तरी किनारे पर उत्तर पूर्व की ओर है। सारा ही जिला हिमालय की तराई में बसा है। यहां की आबो हवा और यहां के निवासी करीब करीब चंपारण जैसे हैं। गांधी सकरी गली घाट से नाव में गंगा नदी पार कर मनिहारी घाट आए। यह सफर करीब 2 घंटे का था। तड़के ही मनिहारी पहुंचे। यहां के लोगों ने देशबंधु स्मारक कोष के लिए एक थैली भेंट की, वहां से रेलगाड़ी से कटिहार जंक्शन पहुंचे। वहां भी सार्वजनिक सभा की गई और एक थैली मिली। दूसरे दिन किशनगंज पहुंचे, सभा हुई और एक थैली भेंट की गई। किशनगंज में मारवाडियों की खासि आबादी है। उन्होंने काफी चांदा*



*इकट्ठा किया था। वहां एक शिष्टमंडल ने आकर उनसे यह शिकायत की कि, यद्यपि वे खादी पहनना चाहते हैं और तैयार भी हैं, लेकिन किशनगंज में खादी मिलती ही नहीं है। गांधी ने कहा यदि किशनगंज में खादी की बहुत मांग है तो आप लोग एक सहकारी भंडार खोल सकते हैं। जिन्हें खादी पर श्रद्धा है, यह फर्ज है कि खादी का रिवाज डालें। उसका संग्रह करने के लिए कुछ तकलीफ उठाएं और फिर माड़वाड़ियों को भी वही माल रखने के लिए कहें। श्री राजेंद्र बाबू को किशनगंज में एक खादी भंडार खोलने के लिए भी कहूंगा, लेकिन यह जोखिम उठाने के लिए वे तैयार नहीं थे। बैद्यनाथ मेहता जी ने स्थानीय इतिहास का वर्णन किया। टीकापट्टी आंदोलन का केंद्र था। इस क्षेत्र का ध्रुव कुमार 14 साल की अवस्था में पुलिस की गोली का शिकार हुआ। पंचम उरांव चर्चा की। बैजनाथ चौधरी डॉक्टर भैरव प्रसाद मेहता आदि की उपलब्धियां बताएं।शमद नाम का बच्चा गांधी की सभा में हो गया था उसके टाइटल के साथ गांधी जोड़ दिया गया आज उसका परिवार गांधी टाइटल लगता है ऐसी कई संस्मरण लोगों ने सुनाएं।*

*गांधी के संस्मरणों को इकट्ठा करने का निर्णय लिया गया। गांधी जी ने 'यंग इंडिया' में 22 अक्टूबर 1925 को इन्होंने लिखा कि फारबिसगंज से अररिया गया। यह बिहार की उत्तर पूर्व की सीमा है, यहां से नेपाल की हद शुरू होती है। जब आकाश स्वच्छ होता है तो यहां से हिमालय की बर्फ से ढकी सुंदर कतार दिखाई देती है। फारबिसगंज पहुंचने से पहले उनकी इच्छा थी कि राजेंद्र बाबू और उनके साथ काम करने वाले कार्यकताओं को लोगों पर अच्छा अधिकार प्राप्त करने के लिए मुबारकबाद दी जाए क्योंकि पहले की तरह इस बार लोगों की बड़ी भीड़ होने पर भी व्यवस्थित और शांत थी और उनके पैर छूने के लिए लोगों ने घेरा भी नहीं, इस प्रकार उन्होंने संयम का परिचय दिया। लेकिन फारबिसगंज में उनका यह भ्रम दूर हो गया। वहां कोई व्यवस्था नहीं रह सकी, भीड़ बहुत ही अधिक थी, बड़ी सख्त धूप में सभा रखी गई थी। लोगों के सिर पर छाया न थी और वे सुबह से राह देखते हुए बैठे थे, मेरे लिए जरा सी भी शांति पाना संभव नहीं हो पाया। स्वयं सेवकगण ऐसी भारी भीड़ को मेरे पास आने और मुझे छूने से रोकने में असमर्थ थे। यहां अधिक कार्य हुआ ही नहीं था। आगे लिखते हैं, हजारों लोग उस व्यक्ति के प्रति या उस चीज के प्रति अपने आप खींचे चले जाते हैं,जिसका कि उन्हें नाम मात्र ज्ञान है। मैं नहीं जानता कि मेरे जैसे एक अजनबी को देखकर उन्हें कुछ लाभ हुआ होगा या नहीं। मैं यह भी नहीं जानता कि फारबिसगंज जाने में अपने समय का सदुपयोग किया या दुरुपयोग। यदि हम ईश्वर और मनुष्य की सेवा के लिए ही सब कुछ करते हो और जिसे हम बुरा समझते हैं उसे ना करते हो, तो फिर शायद समस्त कार्यों के परिणामों को ना जान सकते। हमारी वेबशी ही अच्छी है।*

*9 अक्टूबर को कटिहार की बैठक में व्याख्यान दिया और 10 अक्टूबर को किशनगंज से 'फारवर्ड' को संदेश प्रेषित किया।इसमें लिखते हैं कि ₹मैं 'फॉरवर्ड' के दीर्घ जीवन की कामना करता हूं।सुभाष बोस जैसे नौजवानों को न्यायालय में उचित सुनवाई के अधिकार से वंचित रखकर, जितने अधिक दिन बंदी बनाकर रखा जाएगा, हम उतनी ही तेजी से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होंगे।₹ आजादी की लड़ाई कोई मखौल नहीं है, इसके लिए हम में से हजारों अच्छे से अच्छे व्यक्ति को डटकर कीमत चुकाने में पीछे नहीं हटना चाहिए। 11 अक्टूबर को अररिया में रामकृष्ण सेवा आश्रम देखा। फारबिसगंज गए।उस दिन वे पूर्णिया में कुमार गंगानाथ सिंह के साथ थे। 13 अक्टूबर को पूर्णिया से कटिहार होते हुए हाजीपुर पहुंचकर देवेंद्र प्रसाद शुक्ला द्वारा आहूत बैठक में भाषण दिया। यह गांधी का 12 वा बिहार प्रवास था।*

*भूकंप के समय 1934 में 14 में बिहार प्रवास के क्रम में 8 अप्रैल 1934 को गांधी कटिहार, फारबिसगंज, पुलकाना और अररिया गए। बाबू तारा प्रसाद दासगुप्त द्वारा स्वागत किया गया। 9 अप्रैल को पूर्णिया के सार्वजनिक सभा में बोले। बाबू गोकुल कृष्ण राय द्वारा स्वागत किया गया। 10 अप्रैल को टिकापट्टी और रूपसी में दिखाया गया है और 10 अप्रैल को मध्य रात्रि असम पहुंच गए।*

*असम से वापसी के क्रम में 22 अप्रैल1934 को गुवाहाटी, डिब्रूगढ़ का भ्रमण करते हुए ,गांधी कटिहार पहुंचे। कटिहार में गोकुल कृष्ण राय की आकस्मिक मृत्यु पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि फारबिसगंज और उसके देहाती इलाकों में मेरे दौरे के समय वे पूर्णतः स्वस्थ थे और उत्साह से मेरी कार चला रहे थे। मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि कटिहार पहुंचकर मुझे उनकी मृत्यु के बारे में भाषण करना पड़ेगा।*

*पूर्णिया में मेरा उनसे संपर्क हुआ था, उनके घर में ही सत्यवती से मेरा परिचय हुआ। बेचारी अब विधवा हो चुकी है, सत्यवती के कर्तव्य परायणता की चर्चा की। कहा की गोकुल बाबू पूर्णिया के प्राण थे।*

# राष्ट्रहित और जनसेवा एनडीए की पहचान : डॉ. दिलीप जायसवाल

## बिहार को अब 'लालटेन' नहीं, बिजली और उद्योग चाहिए : विजय सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार एनडीए द्वारा विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में आज आयोजित संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी पांचों घटक दलों के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सभी नेताओं ने कार्यकर्ताओं में जोश और जुनून को देखते हुए एक स्वर में कहा कि हमारी जीत तय है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का विधानसभा संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन आज सहरसा, लालगंज, मखदुमपुर, पीरपैंती, बेनीपट्टी सहित विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित किया गया। एनडीए विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने सहरसा में कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया तो लालगंज में कृष्ण कुमार मन्टू और प्रेम रंजन पटेल, मखदुमपुर में उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा और अमरेंद्र प्रताप सिंह, पीरपैंती में इंजीनियर शैलेन्द्र और श्रेयसी सिंह, बेनीपट्टी में मंत्री मंगल पांडेय और रामकृपाल यादव तथा बायसी में मंत्री रेणु देवी और शाहनवाज हुसैन ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इसके अलावा तारकिशोर प्रसाद और मंत्री जनक राम बेलसंड में, पूर्व मंत्री अश्विनी चौबे और हरिभूषण ठाकुर शेरघाटी में मिथिलेश तिवारी और प्रमोद चंद्रवंशी मनिहारी में तथा केदार गुप्ता और बलराम मंडल हसनपुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लिया। सहरसा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता और अटूट विश्वास स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि आने वाले चुनाव में एनडीए सरकार भारी बहुमत के साथ पुनः सत्ता में आने वाली है। उन्होंने कहा कि एनडीए का लक्ष्य सभी युवकों को रोजगार और नौकरी देना है। इसके लिए न केवल बिहार में विभागों के रिक्त पदों को भरा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तो समारोह आयोजित कर नियुक्ति पत्र बांटे जा रहे हैं। लगातार स्वरोजगार के लिए योजनाएं लाई जा रही हैं। हाल ही में महिलाओं को 10 हजार रुपये देने की घोषणा की गई है जिस पर काम शुरू हो गया है। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि आज विपक्ष किसी भी तरह बिहार में फिर से जंगलराज लाने को लेकर तरह-तरह के सब्जबाग दिखा रहा है। उन्होंने कांग्रेस सहित राजद पर बिहारियों को अपमानित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ये केवल बांटने की राजनीति करती हैं।

# 14 सितम्बर तक हर हाल में चावल आपूर्ति सुनिश्चित करें : डॉ प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने विभागीय समीक्षा में कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत समितियों को चावल (सीएमआर) की शत-प्रतिशत आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित करनी होगी। इसके लिए विस्तारित अवधि 14 सितम्बर 2025 तक का समय दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो समितियां लापरवाही बरतेंगी, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और प्राथमिकी दर्ज कराने तक की नौबत आ सकती है। समीक्षा बैठक में निर्देश दिया गया कि सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी दैनिक कार्ययोजना बनाकर बिहार राज्य खाद्य निगम को अवशेष चावल की आपूर्ति 14 सितम्बर तक हर हाल में कराएं। साथ ही सभी जिलों को यह भी कहा गया है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें, बल्कि शीघ्र आपूर्ति पूरी करें। यदि दो दिनों के भीतर आपूर्ति प्रारंभ नहीं होती है तो संबंधित समितियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि राज्य सरकार किसानों से खरीदे गए धान के समतुल्य चावल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विभागीय स्तर पर दैनिक अनुश्रवण और समीक्षा की जा रही है। प्रमंडलीय संयुक्त निबंधक तथा सहयोग समितियों को जिलों की कार्ययोजना के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। वहीं राज्यस्तरीय सभी नोडल पदाधिकारियों को उन जिलों में भ्रमण कर वस्तुस्थिति की समीक्षा करने को कहा गया है जहां चावल की आपूर्ति अधिक मात्रा में अवशेष है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में कुल 26.61 लाख मीट्रिक टन चावल आपूर्ति का लक्ष्य रखा गया था जिसके विरुद्ध अब तक 26.10 लाख मीट्रिक टन अर्थात 98.10 प्रतिशत आपूर्ति की जा चुकी है। अभी भी लगभग 50 हजार 423 मीट्रिक टन चावल बिहार राज्य खाद्य निगम को आपूर्ति किया जाना शेष है। भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने राज्य सरकार के अनुरोध पर आपूर्ति की अवधि को 14 सितम्बर 2025 तक बढ़ा दिया है।

# बिहार को मिली 12,739 विशेष ट्रेनों की सौगात, संजय मयूख ने जताया आभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधान पार्षद संजय मयूख ने छठ पर्व के अवसर पर बिहार को 12,739 विशेष ट्रेनों की सौगात मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि छठ लोक आस्था का महान पर्व है, जिसमें देश-विदेश से लाखों लोग बिहार लौटते हैं। ऐसे में विशेष ट्रेनों की व्यवस्था यात्रियों के लिए बड़ी राहत है। संजय मयूख ने बताया कि इस बार 12,739 विशेष ट्रेनों में से 8,591 ट्रेनों को नोटिफाई भी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 2024 में जहां 7,500 ट्रेनें चलाई गई थीं, वहीं इस बार लगभग दोगुनी संख्या में ट्रेनें उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की पहल से देशभर में रेल कनेक्टिविटी तेजी से बढ़ी है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक अब भारत रेल मार्ग से एक हो चुका है और घर-घर तक ट्रेन पहुंच चुकी है। इससे देश के एक छोर से दूसरे छोर तक की यात्रा पहले से कहीं अधिक आसान हो गई है। श्री मयूख ने केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह पहल बिहार के लोगों को सुविधाजनक यात्रा का अवसर देने के साथ-साथ राज्य के विकास को भी गति देगी। उन्होंने सूर्य भगवान से प्रार्थना की कि केंद्र सरकार इसी प्रकार निरंतर काम करती रहे ताकि बिहार को निरंतर प्रगति और सुविधाएं मिलती रहे।

# पपीता क्षेत्र विस्तार से किसानों की आय बढ़ेगी : विजय कुमार सिन्हा

## बागवानी विकास मिशन से 22 जिलों में पपीता क्षेत्र विस्तार योजना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य में किसानों की आय वृद्धि और बागवानी क्षेत्र को नई दिशा देने के उद्देश्य से 22 जिलों में पपीता क्षेत्र विस्तार योजना लागू की जाएगी। यह योजना एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2026-27 तक दो वर्षों की अवधि के लिए स्वीकृत की गई है। इस पर कुल 1 करोड़ 50 लाख 75 हजार रुपये व्यय का प्रावधान है। इसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 90 लाख 45 हजार रुपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि योजना केंद्र प्रायोजित है, जिसमें केंद्र और राज्य का अंशदान 40-40 प्रतिशत होगा। इसके अलावा राज्य योजना मद से 20 प्रतिशत अतिरिक्त टॉप-अप का प्रावधान किया गया है। इससे किसानों को प्रति हेक्टेयर 75 हजार रुपये की इकाई लागत पर कुल 60 प्रतिशत अर्थात 45 हजार रुपये का अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। यह अनुदान दो किस्तों में दिया जाएगा– पहली किस्त के रूप में 27 हजार रुपये और दूसरी किस्त के रूप में 18 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर। श्री सिन्हा ने बताया कि पपीते की खेती के लिए 2.2 मीटर की दूरी पर पौधे लगाने की व्यवस्था की गई है, जिससे प्रति हेक्टेयर लगभग 2500 पौधों की आवश्यकता होगी। किसानों को योजना का लाभ न्यूनतम 0.25 एकड़ (0.1 हेक्टेयर) से अधिकतम 5 एकड़ (2 हेक्टेयर) तक मिलेगा। यह योजना भोजपुर, बक्सर, गोपालगंज, जहानाबाद, लखीसराय, मधेपुरा, बेगूसराय, भागलपुर, दरभंगा, गया, कटिहार, खगड़िया, मुजफ्फरपुर, नालंदा, पश्चिम चंपारण, पटना, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया, सहरसा, समस्तीपुर, मधुबनी और वैशाली जिलों में लागू की जाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पपीता विकास योजना के सफल क्रियान्वयन से राज्य में उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि होगी और किसानों की आमदनी में उल्लेखनीय सुधार होगा

# बिहार के 14 जिलों में क्षेत्रीय युवा सम्मेलन का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) बिहार प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्रा ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने युवा मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की और कहा कि भाजयुमो बिहार में 14 क्षेत्रीय युवा सम्मेलन का आयोजन करेगी जिसका उद्देश्य इंडी गठबंधन के झूठ का पर्दाफाश करना और युवाओं के बीच जनसंपर्क बढ़ाना है। भाजयुमो बिहार में 14 क्षेत्रीय युवा सम्मेलन का आयोजन करेगी जिसमें देशभर से पार्टी के वरिष्ठ नेतागण शामिल होंगे। क्षेत्रीय युवा सम्मेलन का शुभारंभ 10 सितंबर को गोपालगंज जिले से होगा जहां भाजयुमो राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद तेजस्वी सूर्या मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। क्षेत्रीय युवा सम्मेलन में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सांवत, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, सांसद अनुराग ठाकुर, बांसुरी स्वराज, डॉ संजय जायसवाल, राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा,मंत्री नितिन नवीन सहित अन्य नेतागण विभिन्न जिलों में आयोजित क्षेत्रीय युवा सम्मेलन में भाग लेंगे। भाजयुमो नमो युवा रन का भी आयोजन करेगी जिसके माध्यम से युवाओं को स्वस्थ बिहार, शिक्षित बिहार का संदेश देगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर के दिन पटना में रक्तदान शिविर का शुभारंभ होगा और अगले दिन सभी 52 संगठनात्मक जिलों में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्रा ने कहा कि भाजयुमो लगातार विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बिहार के युवाओं से संपर्क कर रही है। बिहार के युवाओं को अंधेरे की गर्त में जाने से बचाकर एनडीए सरकार उनका उज्ज्वल भविष्य गढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार और केंद्र सरकार युवाओं के सपनों के साथ खड़ी है और आगामी विधानसभा में बिहार के युवा दो युवराज के भ्रम और झूठ को अस्वीकार कर पुनः राजग की डबल इंजन सरकार बनाने के लिए उत्साहित है। प्रेस वार्ता में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्रा, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवम सिंह, प्रदेश प्रवक्ता राहुल रंजन, राहुल देव, राहुल आनंद, मनीष चौहान शामिल हुए।

# भारत के 15वें उपराष्ट्रपति का चुनाव क्यों कराना पड़ रहा : कांग्रेस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ने भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद द्वारा उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को लेकर लगाए गए आरोपों को तथ्यहीन और अनर्गल बताया है। उन्होंने कहा कि रेड्डी सामाजिक न्याय की लड़ाई और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के सशक्त उम्मीदवार हैं। दोनों नेताओं ने संयुक्त बयान जारी कर रविशंकर प्रसाद से पांच सीधे सवाल पूछे जिनमें पहला सवाल है कि क्या भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष को देश ने टेलीविजन पर रिश्वत लेते नहीं देखा और क्या इसके लिए उन्हें सजा नहीं हुई? क्या भाजपा ने जिन नेताओं को पहले भ्रष्टाचारी कहा, बाद में उन्हें गले लगाकर अपनी 'वॉशिंग मशीन' में धोया नहीं–चाहे वह हेमन्त बिस्वा शर्मा हों या अजीत पवार? क्या बिहार सरकार में भाजपा कोटे का एक मंत्री नकली दवाई मामले में सजायाफ्ता नहीं है? क्या बिहार में भाजपा-जेडीयू सरकार पर 70 हजार करोड़ रुपये के गबन का आरोप नहीं है? भारत के 15वें उपराष्ट्रपति का चुनाव क्यों कराना पड़ रहा है? धनकड़ ने किन कारणों से इस्तीफा दिया जबकि उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था? राजेश राम और शकील अहमद ने कहा कि बी. सुदर्शन रेड्डी ने सभी राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के अध्यक्षों से मुलाकात की है।

# साक्षरता दिवस पर डॉक्यूमेंट्री से चला जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार विद्यापीठ के अंतर्गत देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के बी.एड. और डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं ने मानव शृंखला बनाकर समाज में साक्षरता के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि साक्षरता व्यक्तिगत, सामाजिक और राष्ट्रीय विकास की आधारशिला है। कार्यक्रम में इस वर्ष की थीम 'डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना' पर विशेष बल दिया गया। प्रशिक्षुओं को स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से डिजिटल लिटरेसी की प्रायोगिक समझ दी गई। महाविद्यालय ने यह स्पष्ट किया कि आज के समय में डिजिटल साक्षरता एक अमूल्य कौशल है जो हर नागरिक के लिए आवश्यक है। क्षरता के साथ-साथ समाज में व्याप्त अंधविश्वास और रूढ़िवादिता पर प्रहार करते हुए विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'भगवान भरोसे' का प्रदर्शन किया गया। इस फिल्म के माध्यम से वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और सामाजिक सुधार की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश, सचिव डॉ. राणा अवधेश, निदेशक शिक्षा, संस्कृति और संग्रहालय डॉ. मृदुला प्रकाश, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा, संयुक्त सचिव अवधेश नारायण और शोध निदेशक डॉ. वाई एल दास उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक विज्ञान विभाग की डॉ. प्रतिमा कुमारी, रिंपल कुमारी और चन्द्रकान्त आर्य ने किया। उन्होंने सभी को साक्षरता के महत्व, सामाजिक बदलाव की दिशा और अंधविश्वास से दूर रहने का संदेश दिया। प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि साक्षरता केवल अक्षर ज्ञान नहीं है, बल्कि यह समाज में जागरूकता, सोच में परिवर्तन और देश के विकास का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से आह्वान किया कि वे समाज के हर वर्ग तक साक्षरता का संदेश पहुंचाएं। समापन पर उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे एक साक्षर और अंधविश्वास-मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देंगे।

# जैन समाज ने मनाया क्षमावाणी पर्व



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** दिगम्बर जैन धर्मावलम्बियों का 28 अगस्त से चल रहा 10 दिवसीय महापर्व पर्यूषण की 6 सितम्बर को हुई समाप्ति के बाद क्षमावाणी पर्व के साथ दशलक्षण पर्व समाप्त होता है। दसलक्षण पर्व का प्रारम्भ क्षमा धर्म की पूजा से हुई और आज क्षमावाणी पर्व के साथ समाप्त हुई। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि पूरे विश्व में सिर्फ जैन धर्म हीं ऐसा है जो क्षमा को पर्व की तरह मनाता है। आज मीठापुर सहित मुरादपुर, कमलदह जैन मंदिर अन्य सभी दिगम्बर जैन मन्दिरों क्षमावाणी की पूजा की गई। मीठापुर एवं श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान का 108 कलशों से अभिषेक किया गया। भगवान महावीर ने कहा है कि क्षमा द्वारा क्रोध को शांत करें।

# डीडीयू मंडल एवं धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव

नवबिहार टाईम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर डीडीयू मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर निम्नलिखित ट्रेनों का 2 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी सं. 13349 सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस 10.09.2025 से 03.13/03.15 बजे अंकोरहा स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी। गाड़ी सं. 13350 पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस 10.09.2025 से 23.47/23.49 बजे अंकोरहा स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी। गाड़ी सं. 12397 गया-नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस 10.09.2025 से 16.28/16.30 बजे चंदौली मझवार स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

# हिन्दी वाक् प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में 1 सितंबर 2025 से 26.09.2025 तक आयोजित राजभाषा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज 08.09.2025 को हिंदी वाक् प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के कर्मियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता के लिए पूर्व मध्य रेल के सभी विभागों को पूर्व में ही सूचित किया गया था। प्रतिभागियों को अपनी इच्छानुसार प्रतियोगिता में किसी एक विषय पर बोलना था। हिंदी वाक् प्रतियोगिता हेतु 02 विषय पूर्व में ही निश्चित किए गए थे। इस प्रतियोगिता के अवसर पर बोलते हुए उप महाप्रबंधक (राजभाषा) केशव त्रिपाठी ने कहा कि राजभाषा पखवाड़ा-2025 के अवसर पर राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा के प्रचार-प्रसार के निमित्त विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इससे रेलकर्मियों को राजभाषा में कार्य करने के लिए प्रोत्साहन मिलता है एवं रेल कार्यालय में सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है।

# होटल मौर्या में राज्यस्तरीय बिपकॉन-2025 में 200 चिकित्सकों ने लिया भाग



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इंडियन चेस्ट सोसाइटी की बिहार राज्य शाखा के तत्वावधान में रविवार को होटल मौर्या में राज्यस्तरीय सीएमई 'बिपकॉन-2025' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में चिकित्सकों ने शिरकत की। बिहार राज्य शाखा के सचिव डॉ. सुधीर कुमार ने बताया कि इस बार सीएमई की थीम 'पीजी मास्टर क्लास' रखी गई थी। कार्यक्रम के अंतर्गत एचआरसीटी लंग्स पर डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. बी.के. चौधरी एवं डॉ. अमृता स्वाती, ब्रोंकोस्कोपी पर डॉ. आशीष सिन्हा, टीबी पर डॉ. मनीष शंकर, अस्थमा पर डॉ. साकेत शर्मा, न्यूमोनिया पर डॉ. कुमार अभिषेक, नई शोध पर डॉ. दीपेन्द्र राय, आईएलडी पर डॉ. राहुल कुमार तथा डीएलसीओ पर डॉ. प्रवीण शाही ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये।

# पटना कॉलेज में वृक्षों की टैगिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना कॉलेज के इको क्लब के द्वारा पटना कॉलेज के वानस्पतिक सर्वे के पश्चात पेड़ों को टैगिंग कर उनके पहचाना देने का कार्य शुरू किया गया। इसके तहत सभी वृक्षों के ऊपर एक पट्टी लगाई जा रही है जिसमें वृक्ष के हिंदी, अंग्रेजी तथा बोलचाल के नाम, उनके वैज्ञानिक नाम के साथ एक क्यूआर कोड है जिसके स्कैन करने पर छात्रों को वृक्ष की औषधीय उपयोग, आईयूसीएन स्थिति, फल का समय, आदि सभी जानकारी प्राप्त होगी। इसका उद्घाटन प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार के द्वारा किया है। मौके पर उन्होंने बताया कि आज के समय में सभी विषय के छात्रों को अपने पर्यावरण की पूर्ण रूप से समझने की आवश्यकता है जिसके लिए सबसे पहले उनको अपने आसपास के पौधों की जानकारी होना चाहिए, इसी उद्देश्य से ये बोर्ड लगाए गए है। छात्रों को इसका लाभ उठाना चाहिए। मौके पर पूर्व प्राचार्य प्रो.संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रकृति को करीब से जानने का माध्यम वृक्ष है, इसलिए छात्रों को इसकी जानकारी हो यह महत्वपूर्ण है।

# सोनालीका ने अगस्त की अब तक की सर्वाधिक 10932 ट्रैक्टर बिक्री दर्ज की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सोनालीका ट्रैक्टर्स भारतीय किसानों के लिए एक सच्चे साथी के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत करते हुए वित्त वर्ष 2026 में आक्रामक रूप से आगे बढ़ रहा है और कंपनी ने एक नया ऐतिहासिक प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी ने अगस्त की अब तक की सर्वाधिक 10,932 ट्रैक्टर बिक्री दर्ज की है जिसमें घरेलू बाजार में 28 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि शामिल है जो स्थानीय कृषि आवश्यकताओं के अनुसार कंपनी की गहरी समझ को दर्शाता है। किसान-केंद्रित हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर विकसित करने की सोनालीका की प्रतिबद्धता कंपनी की निरंतर सफलता सुनिश्चित करते हुए किसानों को पूर्ण संतुष्टि और कृषि विकास में गति प्रदान करते हैं। सोनालीका ट्रैक्टर्स ने तीन साल पहले अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर ट्रैक्टरों की कीमतें प्रदर्शित करने का एक अभूतपूर्व कदम उठाया था जो आज भी भारतीय कृषि में पारदर्शिता का प्रतीक बना हुआ है।

# वार्षिक दशहरा मेला संपन्न, अंतिम दिन लोगों ने की जमकर खरीदारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार महिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित वार्षिक दशहरा मेला - 2025 का समापन समारोह ज्ञान भवन में संपन्न हुआ। 4 सितम्बर से 8 सितम्बर तक आयोजित इस मेले में अफगानिस्तान, बिहार सहित अन्य राज्यों के सैकड़ों महिला उधमियों ने हिस्सा लिया। मेले के समापन के दिन पटनावासियों ने जमकर खरीदारी की। एमएसएमई, सिडबी, नाबार्ड, केवीआईसी और डब्लूसीडीसी के सहयोग से आयोजित इस मेले में कुल 225 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए थे जिनकी कुल बिक्री तीन करोड़ पंचानवे लाख छह हजार सात सौ रही। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम की आगत अतिथियों ने इस सफल आयोजन के लिए बिहार महिला उद्योग संघ को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महिला उद्यमियों ने इस मेले में स्टॉल लगाकर अपने उत्पादों का अच्छा प्रदर्शन किया है। महिलाओं में हुनर है, बस जरुरत है उन्हें आगे बढ़ने की। आज महिलाएं उद्यम सहित अन्य सभी क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रही हैं और सशक्त हो रही हैं। वहीं अपने संबोधन में बिहार महिला उद्योग संघ की अध्यक्ष उषा झा ने कहा कि इस मेले को लेकर लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया रही।

# संपादकीय

## पीछे क्यों लौटना

कर्नाटक सरकार ने स्थानीय निकाय चुनाव ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से कराने का फैसला किया है। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार का कहना है कि लोकल बॉडी इलेक्शन कैसे कराना है, यह अधिकार राज्य का होता है। हालांकि यहां सवाल अधिकार से ज्यादा प्रक्रिया पर है। कांग्रेस की अगुआई में विपक्ष ने जिस तरह से ईवीएम और चुनाव आयोग पर निशाना साधा है, उसे देखते हुए कर्नाटक सरकार के इस फैसले के राजनीतिक अर्थ निकाले जा सकते हैं।चुनाव आयोग और विपक्ष के बीच भरोसा इस समय सबसे निचले स्तर पर है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर विपक्षी दल हमेशा से संदेह जताते रहे हैं, लेकिन अब बात इलेक्शन कमिशन की विश्वसनीयता तक पहुंच गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पिछले दिनों आरोप लगाया था कि महाराष्ट्र, हरियाणा और मध्य प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों से लेकर लोकसभा इलेक्शन तक, बड़े स्तर पर धांधली हुई। चुनावों के ऐन पहले बड़े पैमाने पर नए नाम जोड़े और काटे गए, जिसका फायदा भाजपा को मिला। उन्होंने जिन जगहों पर गड़बड़ी की आशंका जताई थी, उनमें कर्नाटक की बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा सीट के तहत आने वाला महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र भी था। कर्नाटक सरकार का कहना है कि ईवीएम की प्रमाणिकता खत्म हो चुकी है। अगर वाकई ऐसा है, तो भी बैलेट पेपर खोए भरोसे को वापस लाने की गारंटी नहीं। देश में जब चुनाव मतपत्रों के जरिये होते थे, तब भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायतें आती थीं।


इसके अलावा, पूरी चुनावी प्रक्रिया बेहद लंबी, थकाऊ और खर्चीली हो जाती थी। ईवीएम ने इस काम को आसान बना दिया है।अगर कोई संदेह है, तो उसका हल टेक्नॉलजी से किनारा करके नहीं मिल सकता। इसमें प्रशासनिक मशीनरी के लिए व्यावहारिक चुनौतियां भी हैं। बैलेट पेपर पर लौटने की मांग सुप्रीम कोर्ट भी पिछले साल खारिज कर चुका है। हालांकि शीर्ष अदालत ने दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले उम्मीदवारों के लिए यह रास्ता खोला था कि परिणाम से असंतुष्ट रहने की सूरत में वे प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की 5 प्रतिशत ईवीएम की माइक्रोकंट्रोलर चिप का वेरिफिकेशन कर सकते हैं।संदेह से मुक्त हो- कर्नाटक के निकाय चुनावों को एक प्रयोग मान सकते हैं, जिसके सबक आगे काम आएंगे। लोकतंत्र की बुनियाद निष्पक्ष, स्वतंत्र और विश्वसनीय चुनावों पर टिकी है। अगर कहीं कोई सवाल, कोई शक है, तो उसका उपाय खुली बहस और पारदर्शिता से निकाला जाना चाहिए। हर सिस्टम में सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। ईवीएम के मामले में भी चुनाव आयोग को सोचना चाहिए कि किस तरह इसे आरोप मुक्त किया जा सकता है। इसके लिए सरकार, विपक्ष और आयोग - सभी को मिलकर काम करना होगा।

**पीएम की इस यात्रा से साफ पता चलता है कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने को आतुर भारत अब अपनी रणनीतिक स्वायत्तता के हिसाब से अमेरिका और चीन के साथ गिव एंड टेक के रिश्ते रखते हुए रूस के साथ अपने भरोसेमंद रिश्तों को और प्रगाढ़ बनाना चाहता है।**


# पीएम मोदी की चीन व जापान यात्रा के वैश्विक प्रभाव क्या पड़ेंगे?

(कमलेश पांडे)

अमेरिका से गहराते आर्थिक व नीतिगत तनाव के बीच भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया चीन-जापान यात्रा के अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मायने बेहद अहम हैं और प्रतिरक्षा रणनीतियों व विकास के लिहाज से भारत के प्रति इसके दुनियावी असर भी बेहद महत्वपूर्ण और कारगर साबित होंगे। ऐसा इसलिए कि पीएम मोदी की इस यात्रा के माध्यम से जहां चीन से द्विपक्षीय सम्बन्धों में गर्माहट आई है, वहीं जापान से पहले से चले आ रहे मधुर सम्बन्धों को और अधिक मजबूती मिली है और कारोबारी विकास का मार्ग प्रशस्त होने के आसार बढ़े हैं। पीएम की इस यात्रा से साफ पता चलता है कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने को आतुर भारत अब अपनी रणनीतिक स्वायत्तता के हिसाब से अमेरिका और चीन के साथ गिव एंड टेक के रिश्ते रखते हुए रूस के साथ अपने भरोसेमंद रिश्तों को और प्रगाढ़ बनाना चाहता है। वहीं, अमेरिकी, चीनी और पाकिस्तान परस्त अरब देशों की भावी चुनौतियों का मजबूती पूर्वक सामना करने के लिए दूसरी पंक्ति के देशों, यथा- जापान, इजरायल, फ्रांस, जर्मनी, इंग्लैंड, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, ईरान आदि के साथ मजबूत रणनीतिक सम्बन्ध विकसित करना चाहता है। वहीं, द्विपक्षीय व्यापार हेतु फ्री ट्रेड अग्रीमेंट करने की रणनीति पर भी भारत अमल कर रहा है। इस नजरिए से पीएम मोदी की जापान यात्रा भी बहुत फायदेमंद रही है। वहीं, चीन के तियानजिन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से पीएम मोदी की मुलाक़ात बेहद सकारात्मक बताई गई है। यहीं पर आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ मोदी ने जो गर्मजोशी दिखाई, वह शेष दुनिया के लिए एक व्यापक संकेत है। इसके अलावा, मोदी, पुतिन और जिनपिंग की त्रिपक्षीय मुलाकात के हास्य हाव-भाव वाले फ़ोटो ने पश्चिमी दुनिया के नेताओं की नींद उड़ा डाली है। दरअसल, वैश्विक दुनियादारी में हर वक्त खरे उतरे भारत-रूस सम्बन्धों में दरार डालने की जो अमेरिकी चाल चली गई, उसके साइड इफेक्ट्स स्वरूप भारत-चीन ने जो सूझबूझ प्रदर्शित किया है, उससे अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिज्ञों की बोलती बंद हो चुकी है। देखा जाए तो प्रधानमंत्री मोदी की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ जो द्विपक्षीय मुलाक़ात हुई, इससे दोनों के आपसी रिश्तों में जमी बर्फ कुछ पिघलती प्रतीत हुई है। यह भारत के लिए एक शुभ संकेत है। तभी तो पीएम मोदी के साथ बैठक में शी जिनपिंग ने दो टूक कहा है कि वैश्विक परिदृश्य बदल रहा है। इसलिए दोनों देशों का साथ आना लाजिमी है। इस हेतु जारी कोशिशों को बढ़ावा मिलना दोनों देशों के लिए हित बर्द्धक रहेगा। कहना न होगा कि चीन और भारत सिर्फ़ प्राचीन सभ्यताएँ ही नहीं, बल्कि दुनिया के दो सबसे अधिक आबादी वाले देश हैं, जो ग्लोबल साउथ के प्रमुख स्तम्भ हैं। इसलिए दोनों देशों के लिए यह अहम है कि वो अच्छे संबंध रखने वाले दोस्त बने रहें और ऐसे साझेदार बनें जो एक-दूसरे की सफलता में योगदान करें। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा है कि दोनों देशों के बीच सहयोग से 2.8 अरब लोगों के हित जुड़े हुए हैं। भारत चीन के साथ अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। देखा जाए तो अमेरिका द्वारा भारत को घेरने के लिए जिस अब्राहम परिवार यानी ईसाई-यहूदी-मुस्लिम की एकता पर बल दिया जा रहा है, वह यदि सफल होता है तो चीन और दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों का साथ भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण और तलबगार हो जाएगा, क्योंकि यहां हिन्दू धर्म से निकले बौद्ध धर्म का प्रभाव ज्यादा है। यूँ तो मोदी-जिनपिंग की मुलाक़ात ऐसे समय पर हुई है, जब भारत 50 फ़ीसदी अमेरिकी टैरिफ़ से उपजे आर्थिक दबाव का सामना कर रहा है, क्योंकि इस टैरिफ़ से भारत के निर्यात क्षेत्र पर अच्छा-ख़ासा असर पड़ेगा। जबतक कि वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो जाए। इसलिए अब भारत और चीन भी आपसी सीमा विवादों के तल्खी भरे अतीत के उलट अपने संबंधों को एक नया स्वरूप देने पर लगातार ज़ोर दे रहे हैं। जिसके लिए पिछले 6 माह से कवायद तेज है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि भारत और चीन दोनों देशों के बीच संबंध, मौजूदा वक़्त में दुनिया में हो रहे बदलावों पर निर्भर करते हैं और इन रिश्तों में मोदी की चीन यात्रा एक मोड़ है, क्योंकि भारत और चीन दुनिया की पाँच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं। अभी तक चीन दूसरे और भारत चौथे पायदान पर खड़ा है। हालांकि भारत शीघ्र ही दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने को ततपर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ़) के अनुसार, 5 ट्रिलियन डॉलर के शेयर बाज़ार के साथ भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की राह पर है, जबकि चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है। चूंकि दुनिया ने चीन और अमेरिका के संबंधों को बहुत अहमियत दी है। इसलिए अब वक़्त आ गया है कि दोनों देश सिर्फ इस बात पर ध्यान दें कि दुनिया की दूसरी और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ यानी चीन और भारत, कैसे एक साथ काम कर सकते हैं। हालांकि, दोनों देशों के बीच संबंध में एक बड़ी चुनौती सीमा विवाद भी है। ऐसा इसलिए कि भारत और चीन के बीच लंबे समय से अनसुलझा सीमा विवाद भी रहा है। हालांकि, दोनों देश आपसी विवादों को मिटाना चाहते हैं। विगत छह महीनों में भारत-चीन के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू करने की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। कैलाश- मानसरोवर यात्रा भी शुरू हो चुकी है। इसके अलावा, वीज़ा में और ढील दी जा सकती है और अन्य व्यापारिक समझौतों पर भी हस्ताक्षर हो सकते हैं। वहीं, जो देश दक्षिण एशिया में स्थिरता के लिए भारत और चीन को उम्मीद भरी निगाहों से देखते हैं, उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए इन दोनों देशों के बीच आपसी संवाद होते रहना चाहिए। क्योंकि सीमा पर तकरार के अलावा भी दोनों देशों के बीच कई विवाद हैं। इनमें भारत में रह रहे तिब्बत के बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा और ब्रह्मपुत्र को लेकर विवाद प्रमुख हैं। पीओके और अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीनी नजरिया भी भारत के लिए अस्वीकार्य है। रही बात, चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना बनाने की, तो भारत इससे बहुत खुश नहीं है। इसी तरह पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव में चीन की गुप्त भूमिका भी इन संबंधों के लिए एक गम्भीर चुनौती है। इसके अलावा, हाल के दिनों में पड़ोसी देशों के साथ भारत के उतने अच्छे संबंध नहीं रहे। जबकि चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और अफ़ग़ानिस्तान का प्रमुख व्यापारिक साझेदार बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने तियानजिन हवाई अड्डे पर उतरने के बाद अपनी तस्वीरें पोस्ट कीं और लिखा कि वह एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान विभिन्न देशों के नेताओं से मिलने के लिए उत्सुक हैं। ऐसा इसलिए कि भले ही एससीओ का प्रभाव सीमित है और इसमें शामिल देशों के बीच संबंध बहुत अच्छे नहीं हैं। फिर भी मोदी सरकार एक सार्थक पहल करने की इच्छुक है। पिछले वर्ष कजान में राष्ट्रपति शी के साथ मोदी की मुलाकात के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में स्थिर और सकारात्मक प्रगति हुई है। भारत तो रूस के साथ साथ चीन व अन्य एससीओ सदस्य देशों के साथ आपसी रिश्ते में सुधार हेतु प्रयत्नशील है। लेकिन कैसे ये संबंध बहुत आगे तक जाएँगे, इसकी बहुत गुंजाइश बनानी पड़ेगी। वैसे तो, भारत और चीन के बीच व्यापारिक संबंध बहुत गहरे हैं। भारत और चीन के बीच वर्तमान में 100 अरब डॉलर से अधिक का व्यापार जारी है। भारत इसे और बढ़ाने के साथ-साथ चीन से टेक्नोलॉजी के ट्रांसफ़र की भी इच्छा रखता है। ऐसे में सीधा सवाल है कि भारत और चीन एक दूसरे से क्या चाहते हैं? तो जवाब होगा कि भले ही भारतीय प्रधानमंत्री मोदी पिछले कई सालों से एससीओ की बैठकों में शामिल नहीं हुए थे। लेकिन उन्होंने अपने मंत्रियों को इस बैठक में अवश्य भेजा था। वहीं अब, जब अमेरिका के साथ भारत के संबंध तनावपूर्ण हो गए, तो भारत उन्हें यह दिखाना चाहता है कि उसके पास और भी अधिक विकल्प हैं। यह ठीक है कि भारत और अमेरिका के बीच तनाव की वजह वो अमेरिकी कंपनियाँ हैं जो भारत में काम कर रही हैं, और जिसकी वजह से नौकरियाँ अमेरिका से बाहर जा रही हैं। लेकिन भारत ने राष्ट्रपति ट्रंप को पाकिस्तान के साथ युद्धविराम का श्रेय नहीं दिया और रूस से तेल ख़रीदने जैसे मुद्दों से भी ट्रंप नाराज़ हैं। इस बात में कोई दो राय नहीं कि भारत और चीन के बीच एक रणनीतिक संघर्ष चल रहा है और यह लंबे समय तक चलेगा। क्योंकि भारत की वैश्विक शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा है और वह चीन को इस दौड़ में अपना प्रतिद्वंद्वी और बाधा मानता है। ठीक उसी तरह से जैसे अमेरिका भारत को। चूंकि भारत के पास चीन के साथ रणनीतिक साझेदारी की कोई संभावना नहीं है और अंततः भारत को अपने लक्ष्यों को पाने के लिए लिए पश्चिमी खेमे के प्रति पुराने रुख़ पर ही काम करना होगा। वहीं, गुटनिरपेक्ष भारत की अपनी प्रतिरक्षात्मक नीतियाँ हैं। कभी वो अमेरिका के बहुत क़रीब चला जाता है और कभी बहुत दूर चला जाता। इससे क्षेत्र के सभी देशों के साथ उसके संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। चूंकि मोदी पांच सालों से चीन नहीं गए, इसलिए केवल किसी विशेष संदर्भ में जाकर वे कोई ख़ास बदलाव नहीं ला सकते। बावजूद इसके पीएम मोदी ने एक सकारात्मक पहल की है, जिसके दूरगामी प्रभाव पड़ेंगे। जहां तक पीएम नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा की बात है तो इससे पहले भी वो 7 बार जापान जा चुके हैं, लेकिन 7 साल बाद अब एक ऐसा संयोग बना जब किसी और मकसद नहीं, बल्कि खासतौर पर द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करने के लिए पीएम टोक्यो गए थे। चूंकि, दोनों देशों के बीच गहरी व्यापारिक, तकनीकी और रणनीतिक साझेदारी है, जिसे भारतीय प्रधानमंत्री ने इस यात्रा के जरिये नए क्षेत्रों में बढ़ाया जा सकता है। वहीं, भारत-जापान इकॉनमिक फोरम में पीएम मोदी ने दो टूक कहा कि मैन्यूफैक्चरिंग, टेक्नॉलजी, इनोवेशन, ग्रीन एनर्जी और स्किल डिवेलपमेंट जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने की अपार संभावना है। इसलिए जापानी कंपनियों को भारत में और निवेश करना चाहिए। चूंकि भारत के पास इस समय दुनिया की सबसे बड़ी कामकाजी युवा आबादी है,और जापान के पास तकनीकी दक्षता है। लिहाजा, दोनों मिलकर विकास की नई कहानी लिख सकते हैं। भारत-जापान रिश्ते को अगर आंकड़ों में देखें, तो दोनों देशों के बीच 2023-24 में 22.85 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। जापान ने भारत में 40 अरब डॉलर से अधिक निवेश किया है। 1400 जापानी कंपनियां भारत में रजिस्टर्ड हैं और इनमें से करीब आधी मैन्युफैक्चरिंग फर्म हैं। जापान की ऑटोमोबाइल कंपनियों ने भारत में अपना जैसा दबदबा कायम किया है, उसे उदाहरण की तरह लेना चाहिए। जापान की सुजुकी, टोयोटा और होंडा के पास भारतीय वाहन बाजार में करीब 50% हिस्सा है। इन कंपनियों ने भारतीय जरूरतों के हिसाब से खुद को ढाला है। इनके सफलता को दूसरी जगह दोहराने का यह बिल्कुल सही समय है। भारत और जापान हिंद प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए गठित मंच क्वाड के सदस्य हैं। लिहाजा, तकनीक, साइबर सुरक्षा, इंफ्रा में सहयोग के अलावा चार देशों के इस समूह का सबसे अहम लक्ष्य है चीनी आक्रामकता को बढ़ने से रोकना। हालांकि अमेरिका की टैरिफ नीतियों की वजह से इस संगठन के कमजोर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। चूंकि किसी भी तरह की चीनी आक्रामकता का सीधा असर पहले भारत और जापान पर ही पड़ेगा। ऐसे में यह जरूरी है कि ये दोनों देश क्वाड की प्रासंगिकता को बनाए रखें। भारत-जापान दोस्ती को अगर दर्शाना हो, तो शायद मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल प्रॉजेक्ट से बढ़िया प्रतीक नहीं मिलेगा। जो भारतीय विकास में जापान अहम साझेदार रहा है। दोनों के संबंधों में स्थिरता, भरोसा और आपसी सम्मान है। इसलिए मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए जरूरी है कि ये दोनों पुराने साझेदार रिश्तों को नई ऊंचाई पर ले जाएं। इसी उद्देश्य से पीएम मोदी ने जापान के साथ मिलकर अगले 10 साल का जो रोडमैप बनाया है, उसमें आर्थिक इंगेजमेंट, ग्रीन एनर्जी और आर्थिक सुरक्षा प्रमुख है। मोदी और जापानी पीएम इशिबा की मौजूदगी में कई समझौते पर दस्तखत हुए। भारत-जापान के बीच चंद्रयान-5 मिशन को लेकर एक अहम समझौते पर भी हस्ताक्षर हुए है। यह मिशन दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी का जॉइंट ऑपरेशन होगा। इसमें दोनों मिलकर चांद के दक्षिणी ध्रुव की स्टडी करेंगे। वहीं, इशिवा ने भारत में अगले 10 सालों में 10 ट्रिलियन येन (करीब 6 लाख करोड़ रुपये) निवेश करने की बात कही है। वहीं, मोदी ने अगले भारत-जापान समिट के लिए इशिवा को भारत आने का न्योता भी दिया। इसी दौरान क्लीन हाइड्रोजन और अमोनिया को लेकर रिसर्च में सहमति के अलावा सांस्कृतिक आदान प्रदान को लेकर भी एक करार पर हस्ताक्षर हुए हैं। विकेंद्रित बट वाटर मैनेजमेंट को लेकर भी एक इयोग पर सहमति बनी है। पर्यावरण, प्रदूषण कंट्रोल, क्लाइमेट चेंज को लेकर योग का एक फ्रेमवर्क बना है। चूंकि भारत की विकास यात्रा में जापान हमेशा एक अहम पार्टनर रहा है। मेट्रो से मैन्यूफैक्चरिंग तक, सेमीकंडक्टर से स्टार्टअप तक हमारी पार्टनरशिप उपजी विश्वास का प्रतीक बनी है और जापानी कंपनियों ने भारत में 40 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है।



# ए आई ! ज़रा देख के चलो



(अक्षय शुक्ला)

'तबीयत कुछ ठीक नहीं लग रही थी, चैट जीपीटी से पूछकर दवा ले ली। बच्चे का होमवर्क कराना था, एआई की मदद से हो गया। फलानां जगह जाना था, कब और कैसे जाना ठीक रहेगा चैटबॉट से पता कर चला गया। कुछ पैसे पड़े थे, एआई से जानकारी लेकर फंड में निवेश कर दिए।' रोज़मर्रा की ऐसी तमाम ज़रूरतों के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस पर हमारी निर्भरता कुछ ज्यादा ही बढ़ती जा रही है।

इसमें कोई शक नहीं कि कई जगह एआई बड़ा मददगार साबित हो रहा है, लेकिन ज़रूरी नहीं कि हर मामले में यह सही सलाह दे रहा हो। आंख मूंदकर भरोसा करने पर आप गहरी चोट भी खा सकते हैं, खासकर सेहत से जुड़े मामलों में।

कुछ ऐसा ही हुआ अमेरिका के 60 वर्षीय शख्स के साथ, जिन्हें एआई की गलत सलाह ने अस्पताल पहुंचा दिया। उन्हें अपने भोजन में नमक की मात्रा कम करनी थी। उन्होंने चैट जीपीटी से नमक यानी सोडियम क्लोराइड का विकल्प पूछा, तो सोडियम ब्रोमाइड लेने का सुझाव मिला। इसके लगातार सेवन से उनकी हालत इतनी बिगड़ गई कि भर्ती होना पड़ गया। डॉक्टरों ने बताया कि ब्रोमाइड की अधिक मात्रा ने ज़हर का काम किया, जिससे इनका यह हाल हो गया।

हाल में एक स्पैनिश कपल ने भी अपनी फ्लाइट मिस होने का दोष चैट जीपीटी पर ही मढ़ा था। चैटबॉट ने उन्हें बताया था कि प्यूर्टो रिको जाने के लिए वीज़ा की ज़रूरत नहीं। यह अधूरी जानकारी थी। पूरी बात यह थी कि वहां जाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल ऑथराइज़ेशन ज़रूरी होता है। इसे क्रॉसचेक किए बिना एयरपोर्ट पहुंचे कपल को वहीं रोक दिया गया और उनकी फ्लाइट छूट गई।

यहां तक तो फिर भी ठीक था, लेकिन एआई की वजह से कोई जान दे दे तो मसला गंभीर हो जाता है। ऐसा कैलिफोर्निया में हुआ, जहां एक 16 साल के लड़के की खुदकुशी के केस में पिता ने ओपनएआई और उसके सीईओ सैम ऑल्टमैन पर केस कर दिया। उनका आरोप है कि चैटबॉट ने न सिर्फ उनके बेटे एडम को आत्महत्या के लिए उकसाया बल्कि उसके बनाए फंदे को बेहतर बनाने में मदद भी की।

एडम ने चैट जीपीटी का इस्तेमाल पढ़ाई के लिए शुरू किया था, पर कुछ महीनों में ही वह उसका करीबी साथी बन गया, इतना कि उसे परिवार से ही दूर कर दिया। एडम ने मानसिक तनाव का ज़िक्र कर फंदे की फोटो भेज पूछा कि यह काम करेगा क्या? जवाब मिला- हां यह बिलकुल ठीक है, क्या मैं तुम्हें इसे बेहतर बनाने का तरीका बताऊं? चैटबॉट को पता लग गया था कि एडम गलत कदम उठा सकता है, उसके बावजूद उसने रोकने के बजाय उसे मौत को गले लगाने में मदद की।

हाल में एक स्टडी में पाया गया कि कई एआई चैटबॉट्स खुदकुशी से जुड़े सवालों पर खुलकर जवाब दे रहे हैं, जैसे कौन सा ज़हर या हथियार आत्महत्या के लिए ज्यादा असरदार होता है, जबकि ऐसे संवेदनशील विषयों को कोई एक्सपर्ट ही ठीक से हैंडल कर सकता है।

अमेरिका के कई राज्यों ने थेरेपी में एआई के इस्तेमाल को बैन कर दिया है। एडम विवाद के बाद अब ओपन एआई ने चैट जीपीटी में कई बदलाव किए हैं ताकि यह खुदकुशी पर सीधे सुझाव देने से बचे।

ऑल्टमैन ने चैटबॉट बनाने के वक्त ही कह दिया था कि कंट्रोल से बाहर होने पर यह खतरनाक हो सकता है। सोचिए, अगर किसी दिन रोबॉट फिल्म के चिट्टी की तरह एआई हमारे हाथ से निकल आउट ऑफ कंट्रोल हो गया तो क्या होगा।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# समस्याओं के समाधान हेतु तीनों स्तम्भों को करना होगा आत्मनिरीक्षण

**अधिकांश कार्यों पर हमेशा ही भ्रष्टाचार, गुणवत्ताविहीन कार्य, घोटालों आदि के आरोप लगते रहे हैं। ज्यादातर आरोपों को दरकिनार करने की आधिकारिक आदत पर जब जनता का दबाव भारी पडने लगता है तब मजबूरन जांच बैठा दी जाती है किन्तु जांच आख्या को बंद फाइल में दफन कर दिया जाता है। प्रारम्भिक तौर पर समीक्षा करने पर स्पष्ट होता है कि अतिक्रमणकारी गिरोहों, भ्रष्टाचारी कुनवों और दलालों की तिकडी ने देश को अनियमितताओं के भंवर जाल में पूरी तरह फंसा रखा है।**

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)



मूसलाधार बरसात ने देश के व्यवस्था तंत्र की पोल खोलकर रख दी है। नागरिक सुविधाओं की दिशा में किये जाने वाले उल्लेखनीय प्रयासों के दावे हवा हवाई साबित हुये हैं। शहर - शहर, गांव - गांव समस्याओं का अम्बार लगा है। जल निकासी, यातायात प्रबंधन, आपात स्थितियों का मूल्यांकन, भवन निर्माण की स्वीकृति, अवैध निर्माण पर रोक, अतिक्रमण विरोधी अभियान, नाली - नालों सहित सीवर लाइनों का रखरखाव आदि पर निरंतर भारी धनराशि खर्च होने के बाद भी जन समस्यायें दिन दूनी, रात चौगुनी गति से बढती ही जा रहीं हैं। लगभग प्रत्येक वित्तीय वर्ष में एक बडा बजट जन सुविधाओं के नाम पर आवंटित किया जाता है। नगरपालिकाओं, नगर निगमों, नगर पंचायतों, ग्राम पंचायतों सहित अन्य नागरिक सुविधाओं से जुडे विभागों में तैनात कार्यपालिका के अधिकारियों की देखरेख में कार्य कराये जाते हैं। अधिकांश कार्यों पर हमेशा ही भ्रष्टाचार, गुणवत्ताविहीन कार्य, घोटालों आदि के आरोप लगते रहे हैं। ज्यादातर आरोपों को दरकिनार करने की आधिकारिक आदत पर जब जनता का दबाव भारी पडने लगता है तब मजबूरन जांच बैठा दी जाती है किन्तु जांच आख्या को बंद फाइल में दफन कर दिया जाता है। प्रारम्भिक तौर पर समीक्षा करने पर स्पष्ट होता है कि अतिक्रमणकारी गिरोहों, भ्रष्टाचारी कुनवों और दलालों की तिकडी ने देश को अनियमितताओं के भंवर जाल में पूरी तरह फंसा रखा है। महानगरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक इनका साम्राज्य फैला हुआ है। नालियों - नालों के किनारे, ओवर ब्रिज के नीचे, रेलवे लाइन के पास, गौचर की भूमि, राष्ट्रीय राजमार्ग की पटरियों, फुटपाथ, सार्वजनिक स्थानों सहित सभी सरकारी जमीनों पर पहले कबाडे का सामान डालकर अस्थाई अड्डा बनाया जाता है फिर उसको टाट फट्टियों से घेरा जाता है। कुछ समय बाद उन टाट के फट्टों पर बांस की बाड लगा दी जाती है और कालान्तर में वहां स्थाई निर्माण कर लिया जाता है। इस स्थानों पर बिजली के जलते हुए बल्व, फर्राटे भरते कूलर, किनारे पर रखे फ्रिज, दीवाल पर टंगे बडे से गूगल टीवी आदि देखे जा सकते हैं। अवैध स्थानों का यह विलासता भरा वातावरण विद्युत विभाग द्वारा निर्विघ्न रूप से दी जाने वाली ऊर्जा के मनमाने उपयोग से विस्त्रित होता जाता है। इस तरह किस्तों में होने वाले इस निर्माण कार्य को वहां से गुजरने वाले कार्यपालिका के उच्चाधिकारियों से लेकर विभागीय उत्तरदायी अधिकारियों तक रोज अपनी जागती आंखों देखते रहते हैं परन्तु उन्हें कभी भी मोटी पगार के एवज में मिलने वाले दायित्वबोध का अहसास नहीं होता। पुलिस, पटवारी, नगर निकाय के अधिकारियों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की दिनचर्या तो केवल चैम्बर कल्चर, केबिन सिस्टम और कार्यालयीन पद्धति से प्रारम्भ होकर वहीं समाप्त हो जाती है। धरातली स्थितियों की अधिकांश आख्याओं की औपचारिकतायें तो बंद कमरों में ही पूरी कर ली जातीं हैं। यही स्थिति निर्माण कार्यों के मूल्यांकन के संबंध में भी लागू होती हैं। निरंतर बढ रहे अतिक्रमण के लिए प्रारम्भिक तौर पर यदि नगर निकाय, यातायात पुलिस और विद्युत विभाग ही अपने कर्तव्यों के प्रति सजग हो जायें तो रोजमर्रा के जाम, जल भराव, दुर्घटनाओं आदि से निजात मिल सकती है। नियमित रूप से नगर निकाय के द्वारा नियुक्त अमले को नियमित रूप से दुकानों के बाहर पटरियों पर फैसे सामानों की जप्ती सहित अर्थदण्ड करना पडेगा, यातायात पुलिस को परिवहन नियमों से लेकर निर्धारित स्थानों पर पार्किंग का उलंघन करने वालों पर कार्यवाही करना होगी और सचेत रहना होगा विद्युत विभाग को अवैध स्थानों पर चल रहे बिजली कनेक्शनों के प्रति। प्रारम्भिक तौर पर केवल तीन विभागों के स्वस्थ होते ही रोजमर्रा की अधिकांश समस्याओं का ग्राफ नीचे आने लगेगा परन्तु इस हेतु कर्तव्यबोध के तंत्र पर लगा जंग साफ करना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। करदाताओं की खून-पसीन की कमाई से सरकारी खजाने में पहुचने वाला पैसा ही उत्तरदायी अमले को भारी भरकम पगार के रूप में मिलता है किन्तु उसके बदले में अधिकांश स्थानों पर लापरवाहियां, कामचोरियां और मनमाने आचरण देखने को मिलते हैं। सरकारी तंत्र के मठाधीशों में एक बडा वर्ग तो पगार को पेंशन और कार्य के बदले दाम लेने के सिद्धान्त पर विश्वास रखता है। उनकी मनमानियों पर संवैधानिक अनुशासन का चाबुक चलते ही कर्मचारी संगठन, अधिकारी फोरम और उनको संरक्षण देने वाले राजनैतिक दलों द्वारा सडकों पर प्रदर्शन से लेकर हडताल, जाम, तोडफोड जैसी स्थितियां निर्मित होते देर नहीं लगती। वोट बैंक की राजनीति में अकण्ठ डूबी विधायिका, लाभ कमाने में जुटी कार्यपालिका और लगभग सभी कार्यों में हस्तक्षेप का अधिकार रखने वाली न्यायपालिका को आत्म निरीक्षण करना होगा तभी जन समस्याओं का वास्तविक समाधान हो सकेगा अन्यथा देश में सक्रिय बल का सिद्धान्त आमजन को समस्याओं की सौगात देते हुए शोषण के साथ नित नये कीर्तिमान बनाता ही रहेगा। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति

## आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर संयुक्त ब्रीफिंग का आयोजन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के निदेश के आलोक में अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण) पूर्वी चंपारण मोतिहारी शैलेंद्र कुमार भारती, वरीय उप समाहर्ता अमरेश कुमार, यशवंत कुमार एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग नित्यम कुमार गौरव के द्वारा के द्वारा बताया गया कि बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के द्वारा दिनांक 10.09.2025 को सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति की प्रारंभिक लिखित परीक्षा संचालित होगी जिसके लिए पूर्वी चंपारण जिला में कुल 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां कुल 9096 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। यह परीक्षा पूर्वाह्न 12:00 बजे से मध्याह्न 02:15 बजे तक चलेगी। इस परीक्षा में परीक्षार्थियों का प्रवेश परीक्षा केंद्र पर 09:30 बजे से प्रारंभ हो जाएगा परंतु 11:00 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं रहेगी। अपर समाहर्ता ने कहा कि परीक्षा केंद्र प्रतिनियुक्त सभी वीक्षक सहित दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी समय से पहुचना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सफल व शांतिपूर्ण आयोजन लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सभी परीक्षा केंद्र पर जैमर एवं सीसीटीवी कैमरे लगा जाएंगे। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। महिला अभ्यर्थियों की जांच हेतु महिला वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। संयुक्त ब्रीफिंग में परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय मुख्य द्वार पर कड़ाई से फ्रिस्किंग का निर्देश दिया गया। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, घड़ी एवं अन्य किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस/ गजट ले जाने की अनुमति नहीं होगी ' अपर समाहर्ता ने कहा कि 11:00 बजे पूर्वाह्न के बाद प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा. परीक्षार्थियों के प्रवेश के बाद सभी परीक्षार्थियों को आवंटित रोल नंबर के आधार पर बैठना होगा. जहां अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक सत्यापन एवं फोटोग्राफी भी कराई जाएगी. एक बेंच पर दो से अधिक परीक्षार्थी नहीं बैठेंगे। सभी परीक्षा केंद्रों पर अनिवार्य रूप से जैमर लगाए गए हैं. किसी भी परीक्षा केंद्र पर किसी भी कर्मी को अपने पास मोबाइल फोन या अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को रखने की अनुमति नहीं है. सभी परीक्षा केंद्रों पर 500 गज की परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के तहत संपूर्ण परीक्षा अवधि तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। संयुक्त ब्रीफिंग मे वरीय उप समाहर्ता अमरेश कुमार, यशवंत कुमार एवं डीपीओ नित्यम कुमार गौरव के द्वारा भी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी सहित केंद्र अधीक्षक को संबोधित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### कुआं को भरा कर हाई मास्क लाइट लगाया जा रहा

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जल-जीवन-हरियाली अभियान बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत चार साल पूर्व नगर परिषद द्वारा पुराने सार्वजनिक कुआं का जीर्णोद्धार कराया गया था. परिषद के वार्ड 12 में सगुना स्थित सार्वजनिक बुढियां कुआं को भरकर हाई मास्क लाइट लगाने के लिए ढांचे का निर्माण कराया गया है. बताया जाता है कि सगुना में वर्षो पुराना बुढिया कुआं है और स्थानीय लोगों इस कुआं से पानी का उपयोग करते थे. स्थानीय लोगों ने बताया कि चार साल पूर्व परिषद प्रशासन द्वारा जल जीवन हरियाली अभियान के तहत बुढियां कुआं का जीर्णोद्धार कर सौंदर्यीकरण कराया गया था. लोगों ने बताया कि परिषद प्रशासन द्वारा वर्षो पुराना बुढियां कुआं को भरकर हाई मास्क लाइट लगाने के लिए ढांचे का निर्माण कार्य कराया गया है. जिससे बुढिया कुआं का नामोनिशान मिट जायेगा. पूरे नगर में सगुना बुढिया कुआं से जाना जाता था. जहां राज्य सरकार जल संरक्षण ही नहीं बल्कि पर्यावरण संतुलन और भूजल स्तर को बनाए रखने के लिए सार्वजनिक कुआं व तालाब को जीर्णोद्वार करा कर सौंदर्यीकरण कराया गया था. परिषद प्रशासन द्वारा सार्वजनिक कुआं को भरा कर हाई मास्क लाइट लगाया जा रहा है. परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि सार्वजनिक कुआं को भरा कर हाई मास्क लाइट लगाने जाने को लेकर जांच कराया जायेंगा. दोषी पाये जाने पर सख्त कारवाई किया जायेगा.

### घर में सोए हुए व्यक्ति की चाकू से गोद कर हत्या

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल में बेलछी प्रखंड के कोरारी गांव में देर रात एक व्यक्ति की चाकू से गोद- गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक बिपिन उर्फ टूल्लू महतो घर पर अकेले रहते थे। उनकी दो छोटी-छोटी बच्चियां और एक लड़का है। दोनों छोटे बच्चियों का रो रोकर बुरा हाल है। पत्नी के साथ विवाद के बाद वह उन्हें छोड़कर चली गई थी। तभी से वे अपने बच्चों के साथ घर पर अकेले रहते थे। कल रात काफी देर तक वे ग्रामीणों के साथ घर के बाहर बातचीत करते देखे गए थे। सुबह उनकी बेटी अचानक घर से बाहर दौड़ते हुए निकली। उसने पड़ोस की एक महिला से बताया कि उनके पापा के सर से खून निकल रहा है। सभी ग्रामीण दौड़े दौड़े टूल्लू महतो के घर पर पहुंचे। उनके शरीर पर किसी धारदार हथियार से कई गंभीर जख्म के निशान मौजूद थे। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस को प्राथमिक अनुसंधान में हत्या के कारण का अभी कोई पता नहीं चला है। पुलिस घटनास्थल की जांच में जुटी है। एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुला लिया गया है। जांच के बाद मृतक की लाश का पोस्टमार्टम कराया जाने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है वहीं जनप्रतिनिधि भी परिजनों से मिलकर सांत्वना दे रहे हैं।

### रंगे हाथ मोबाइल चोर गिरफ्तार, जमकर पिटाई

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित जय मां काली काम्प्लेक्स में सोमवार की दोपहर जय हो मोबाइल वाला दुकान से स्क्रीन टच मोबाइल चोरी करते एक युवक को रंगे हाथ पकड़कर पुलिस को सौपा है। दुकान में चोरी करते युवक का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें युवक दुकानदार के हटते ही काउंटर से मोबाइल पॉकेट में रखता दिख रहा है जिसके बाद दुकानदार को युवक पर संदेह हुआ और वह अपने काउंटर से मोबाइल गायब देखा। जिसके बाद दुकानदार ने युवक से पूछताछ की उसके पास से मोबाइल बरामद कर पुलिस को सूचना दी। बताया जाता है की इस दौरान चोर की जमकर पिटाइ भी की गई, पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दुकानदार के अनुसार युवक पहले भी दो बार दुकान से मोबाइल की चोरी कर चुका है। युवक शुभम राज, लखीसराय का रहने वाला बताया जा रहा है। वहीं ऐसे चोरी के मामले को लेकर अन्य दुकानदार भी हरकत में आ गए है मौके पर आसपास के दुकानदार भी जमा हो गए ।

### पांच महीने से नहीं हुई नगर परिषद की बोर्ड की बैठक

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद की बैठक करीब पांच महीने से नहीं हुई है. जबकि हर दो महीने के अंतराल में परिषद की विशेष बैठक बुलाने का नियम है. जबकि मानसून की तैयारी को लेकर भी विशेष बैठक नही किया गया था. जिसके कारण पूरे नगर में इस बार जल जमाव से त्रस्त रहा. बाजवूद मुख्य पार्षद विशेष बैठक को बुलाने के लिए गंभीरता नही दिखा रहे है. जबकि 15 अगस्त को बोर्ड के बैठक के लिए मॉडल सभाकक्ष का उदघाटन मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी ने किया था. इसके बाद भी बोर्ड की बैठक नही किया गया है. नगर पालिका अधिनियम के तहत निकायों को प्रत्येक 60 दिन के अंतराल से निर्वाचित पार्षदों बैठक बुलाना होता है. जबकि नगर परिषद में पिछले 29 मार्च को आम बजट को लेकर बैठक हुई थी. जबकि पिछले साल भी नगर परिषद में साढे तीन माह के बाद बैठक हुई थी. एक्ट के अनुसार 20 फीसदी पार्षद बैठक की मांग कर सकते हैं और मुख्य पार्षद द्वारा बैठक आयोजित नहीं करायी जाती तो डीएम के समक्ष शिकायत की जा सकती है, लेकिन अधिकतर पार्षद नियमों से अंजान हैं.

**एक्ट के अनुसार हर महीने मीटिंग जरूरी**

म्युनिसिपल एक्ट की धारा 25 के अनुसार नगर पार्षदों की हर महीने बैठक आयोजित होनी चाहिए. बैठक में ही पार्षद अपने एजेंडे व समस्याओं को रख सकते हैं. शहर के विकास को लेकर मंथन किया जाना जरूरी है. पिछले जुलाई माह में परिषद के सशक्त समिति की बैठक किया गया था. बोर्ड की बैठक नही होने से पार्षदों में कडी नाराजगी जाहिर किया है. पार्षद प्रतिनिधि ने बताया कि पूर्व की बैठक में सडक व नाला निर्माण कार्य कराया जा रहा है और परिषद द्वारा सफाई को लेकर उपकरण की खरीदारी किया जा रहा है. पार्षद प्रतिनिधियों कहना है कि बोर्ड की बैठक हो या नही , लेकिन वार्ड में विकास कार्य किया जा रहा है. परिषद के नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने बताया कि म्युनिसिपल एक्ट के तहत हर माह बैठक करना जरूरी है. मुख्य पार्षद के सहमति से आम बैठक बुलाई जाती है. उन्होंने बताया कि इसी माह में सशक्त समिति बैठक किया जायेगा और जल्द ही बोर्ड की बैठक किया जायेगा. वही परिषद के ईओ पंकज कुमार के फोन पर संपर्क किया तो कनीय अभियंता दिवाकर कुमार ने फोन रिसिव कर बताया कि बोर्ड की बैठक के बारे में कोई जानकारी नही है.

### एसएसबी ने एक शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसएसबी सीमांत मुख्यालय व 40 वाहिनी एसएसबी की संदीक्षा ओर से सोमवार को जनकधारी इंटर स्कूल में एक शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर एसएसबी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (संदीक्षा) की कार्यवाहक अध्यक्षा सुभ्रा साहा राय ने कहा कि गुरू वो दीपक है, जो अज्ञान के अंधकार को ज्ञान की रोशनी से मिटा देते है. श्रीमती राय ने स्कूल के 10वी व 12 वीं के छात्र-छात्राओं को कैरियर काउंसलिंग कर उनको अपने लक्ष्यों को पाने हेतु प्रेरित किया गया. श्रीमती राय ने स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कर प्रकृति से अपना संबंध मजबूत करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया.स्कूल की प्राचार्या अनिता भारती ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से छात्रों को प्रोत्साहित होते है. मौके पर संदीक्षा के सदस्य ज्योति जायसवाल, जयबती बरगोहाई समेत महिला कर्मी मौजूद थे.

### दुर्गा पूजा समिति का गठन

**तरैया (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड के राम जानकी मंदिर, नारायणपुर में रविवार को दुर्गा पूजा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक मंदिर के संरक्षक प्रिय रंजन युवराज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से 21 सदस्यीय दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। समिति में संतोष तिवारी को अध्यक्ष, अजित सिंह को सचिव, अरुण सिंह को महासचिव, विजय साह को उपाध्यक्ष तथा विशाल मिश्रा को संयुक्त सचिव चुना गया। वहीं समिति के संरक्षक के रूप में देवी सिंह, रिंकू सिंह, राजशेखर पांडे और प्रिय रंजन युवराज शामिल किए गए। समिति गठन के अवसर पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे और सभी ने आगामी दुर्गा पूजा को भव्य और सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित करने का संकल्प लिया।

### संकल्प जिला हब फॉर एंपॉवरमेंट ऑफ वीमेन के विशेष अभियान के तहत बैठक आयोजित

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के तहत चलाए चलाए जा रहे 10 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम के तहत कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न प्रतिरोध एवं प्रतितोष अधिनियम 2013 के संबंध में मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। जिला मिशन समन्वयक निभा कुमारी ने कहा पॉश एक्ट का उद्देश्य सभी कामकाजी महिलाओं चाहे वह संगठित हो या असंगठित क्षेत्र की हो, को एक सुरक्षित एवं सकारात्मक माहौल प्रदान करना है ताकि महिलाएं अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग कर सके। यह अधिनियम प्रत्येक संगठन को सुरक्षित वातावरण बनाने, स्थानीय और आंतरिक शिकायत समिति का गठन करने तथा यौन उत्पीड़न की शिकायतो के समाधान के लिए स्पष्ट प्रक्रिया लागू करने का आदेश देता है। पॉश अधिनियम कार्यस्थल पर आने वाले प्रत्येक महिला को सुरक्षा प्रदान करता है।

# कुएं में मिला दलित किशोर का शव, बेरहमी से पिटाई के बाद हत्या की आशंका, गांव में सनसनी



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** परसा बाजार थाना क्षेत्र के सुइथा गांव में सोमवार की दोपहर एक किशोर का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई. मृतक की पहचान चिंटू उर्फ बउना पासवान (15 वर्ष), पिता स्वर्गीय धर्मेंद्र पासवान, ग्राम सुइथा के रूप में की गई है.

**रात में लापता, सुबह कुएं से मिली लाश**

परिजनों ने बताया कि रविवार की शाम चिंटू को उसका एक दोस्त घर से बुलाकर ले गया था. देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिवार और ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई पता नहीं चला. सोमवार को दोपहर लगभग 12 बजे गांव के बधार स्थित सुनसान इलाके के एक पुराने कुएं में उसका शव मिला.

**बेरहमी से पिटाई कर हत्या की आशंका**

शव निकालने पर स्पष्ट हुआ कि किशोर की हत्या की गई है. मृतक के पीठ पर बेल्ट से पिटाई के निशान थे, हाथ-पैर टूटे हुए थे और उसे रस्सी से बांधकर कुएं में फेंका गया था. इस नृशंस घटना से पूरे गांव में गुस्सा और भय का माहौल है.

**अपराधियों का अड्डा बना इलाका**

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यह इलाका लंबे समय से अपराधियों और नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है. यहां अवैध शराब और गांजा का धंधा होता है. ग्रामीणों का कहना है कि इसी कुएं से पहले भी दो शव बरामद हो चुके हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि यह कुआं अपराधियों के लिए लाश ठिकाने लगाने का ठिकाना बन गया है.

**विधायक ने जताया शोक, की कार्रवाई की मांग**

घटना पर विधायक गोपाल रविदास ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह सीधी हत्या का मामला है. उन्होंने कहा कि मृतक की पीठ पर बेल्ट से पिटाई के निशान हैं, हाथ-पैर तोड़े गए हैं और फिर रस्सी से बांधकर कुएं में फेंका गया है. विधायक ने प्रशासन से संलिप्त अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी और मृतक के परिवार को सरकारी नियमानुसार मुआवजा देने की मांग की.

**नेताओं और पुलिस की कार्रवाई**

घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा प्रखंड सचिव गुरुदेव दास, ललिन पासवान समेत कई स्थानीय नेता मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया. उन्होंने इलाके में बढ़ते अपराध और नशाखोरी पर रोक लगाने की मांग उठाई. सूचना मिलते ही परसा बाजार थाना पुलिस और एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है. गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है और मृतक की मां समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

### सूत्रधार के कलाकारों ने सहकारिता विभाग की योजनाओं पर नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सहकारिता विभाग, बिहार सरकार के सौजन्य से शुक्रवार को पटना की चर्चित रंग संस्था सूत्रधार के कलाकारों ने किसान सहकारिता चौपाल में नुक्कड़ नाटक 'सहकारिता का चमत्कार' का प्रदर्शन किया. यह नाटक शोरमपुर, कोरियावां और सोथा पैक्सों में प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया. निर्देशन बिहार कला पुरस्कार से सम्मानित चर्चित निर्देशक नवाब आलम ने किया.



नुक्कड़ नाटक में खाद्यान्न अधिप्राप्ति, बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना, सहकारी बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर, फसल सहायता योजना, मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना, जन औषधि केंद्र, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र, पेट्रोल-डीजल आउटलेट, डेयरी सहयोग समितियां और शहद उत्पादक सहयोग समितियां जैसे विषयों पर जानकारी दी गई. कलाकारों के दमदार अभिनय और संवाद अदायगी ने राहगीरों को रुककर नाटक देखने के लिए मजबूर कर दिया. गीत सहकारिता विभाग के बाटे चमत्कार हो... खेती करेला अब भइल आसान हो...ह्व ने दर्शकों को खूब प्रभावित किया. कलाकारों में मुकेश, जीशान, सऊद आलम, हुस्न फातिमा, भोला सिंह, अमन कुमार और आसिफ हसन शामिल रहे. इस मौके पर मधु कुमारी गुप्ता, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी भी मौजूद रहीं.

### लावारिस कार से 99 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के जगनपुरा मोड़ के पास पुलिस ने देर रात एक लावारिस कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है. कार पूरी तरह से शराब से भरी हुई थी और डिलीवरी के लिए लाया गया था. पुलिस को आशंका है कि गश्ती टीम को देखकर तस्कर कार छोड़कर मौके से फरार हो गया. थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि कार की तलाशी में 99 लीटर विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद की गई है. हालांकि इस मामले में कोई तस्कर गिरफ्तार नहीं हो पाया है. पुलिस कार को जब्त कर आगे की जांच में जुटी हुई है.

### डॉ सत्य प्रकाश तिवारी ने कि लाइव सर्जरी



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कोलकाता में आयोजित नेत्र विशेषज्ञों की कॉन्फ्रेंस में डॉ सत्य प्रकाश तिवारी को रेटिना की जटिल शल्यक्रिया, मैक्यूलर होल का ऑपरेशन करने के लिए बुलाया गया । रविवार ७/९/२५ को कोलकाता के सेकंड साइट साउथ एंड ऑय हॉस्पिटल में आयोजित वर्कशॉप में डॉ तिवारी ने अत्यंत सूक्ष्म चीरे 27 द्वारा सफलता पूर्वक किया । इस तरह की जटिल शल्य क्रिया की लाइव सर्जरी करने वाले वे बिहार के पहले नेत्र रोग विशेषज्ञ है । इस उपलब्धि पर पूरे दृष्टिपुंज आई हॉस्पिटल द्वारा उन्हें बधाई दी गई । दृष्टिपुंज आई हॉस्पिटल में इस तरह की शल्य क्रिया प्रतिदिन होती है

### दानापुर बाइक सवार दो अपराधी ने कोर्ट के मुंशी को गोली मारकर किया जख्मी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शाहपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को दिनदहाड़े बाइक सवार दो अपराधियों ने मुरारचक के पास बाइक सवार उपेंद्र कुमार को गोली मारकर कर जख्मी कर दिया गया है. जख्मी उपेंद्र व्यवहार न्यायलय में निजी मुंशी का कार्य करता है. जख्मी उपेंद्र सोमवार को अपने घर ढिबरा से सुबह करीब साढ़े दस बजे अपनी बाइक से कोर्ट जाने के दौरान मुरारचक मोड़ पर पीछे से बाइक सवार दो अपराधियों ने हत्या के नीयत से गोलीबारी कर दिया.जिससे गर्दन के पास गोली से दाहिने कंधे को जख्मी करते हुए निकल गई. गोली लगाने के बाद वही खुन से लथपथ होकर गिर गया. जख्मी उपेंद्र ने फोन कर अपने पुत्र को घटना की जानकारी दी. स्थानीय लोगों ने जख्मी उपेंद्र को इलाज के लिए सगुना मोड़ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जख्मी के पुत्र रवि ने बताया कि पिता ने फोन कर घटना की जानकारी दी थी. रवि ने बताया कि पिता कोर्ट जा रहे थे. जख्मी उपेंद्र सगुना का मूल निवासी है. घटना की सूचना पर सिटी एसपी पश्चिमी भानू प्रताप सिंह व थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन करने में जुटे गये है. सिटी एसपी भानू प्रतात सिंह ने बताया कि जख्मी उपेंद्र बयान दर्ज कर मामला दर्ज कर लिया गया है. पुरानी रंजिश को लेकर अपराधियों ने गोली मार कर जख्मी कर दिया है. जख्मी का हालत ठीक है. सिटीएसपी ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है, ताकि अपराधियों का पहचान किया जा सकेंगे.

# पल्लवी राज कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. का 7वां स्थापना दिवस गोआ सिटी प्रोजेक्ट पर ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर





**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पल्लवी राज कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. ने अपने 7वें स्थापना दिवस का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया। इस अवसर पर कंपनी के चेयरमैन श्री संजीव श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पल्लवी राज कंस्ट्रक्शन ने पिछले सात वर्षों में गुणवत्तापूर्ण निर्माण, आधुनिक तकनीक और ग्राहकों के विश्वास के साथ रियल एस्टेट जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है। अपने संबोधन में श्री श्रीवास्तव ने कंपनी की महत्वाकांक्षी योजना 'गोआ सिटी प्रोजेक्ट' का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट पटना के सगुना मोड़ पर शहर की प्रमुख लोकेशन में विकसित किया जा रहा है। इसमें 2 और 3 बीएचके फुली फर्निश्ड फ्लैट्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जो आधुनिक जीवनशैली की हर सुविधा से लैस होंगे। प्रोजेक्ट की खासियत यह है कि ग्राहक को बस ह्लसिर्फ. बैग लेकर आना है और गृह प्रवेश करना हैह्व, बाकी की सभी सुविधाएँ पहले से उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने आगे कहा कि गोआ सिटी प्रोजेक्ट समय से पहले पूरा किया जाएगा, ताकि ग्राहकों को बिना देरी के उनका सपना घर मिल सके। इस प्रोजेक्ट में 24 घंटे बिजली-पानी, हाई-सिक्योरिटी सिस्टम, लिफ्ट सुविधा, ग्रीन पार्क, बच्चों के खेलने के लिए विशेष एरिया, सामुदायिक हॉल और पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था होगी। स्थापना दिवस के मौके पर कंपनी ने ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर की घोषणा भी की। अब तक जहाँ फ्लैट्स की कीमत 7000 रुपये प्रति वर्गफुट थी, वहीं स्थापना दिवस पर इसे घटाकर सिर्फ. 6000 रुपये प्रति वर्गफुट कर दिया गया है। यह ऑफर सीमित समय के लिए है और ग्राहकों को किफायती दर पर लग्जरी आवास प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। स्थापना दिवस समारोह में कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया और कंपनी की आगामी योजनाओं को साझा किया गया। श्री संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि पल्लवी राज कंस्ट्रक्शन का उद्देश्य केवल भवन निर्माण नहीं, बल्कि ग्राहकों के सपनों को साकार करना है।

## कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन पटना में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस का सफल आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना के पटेल नगर स्थित कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर का शुभारंभ संस्थान के अध्यक्ष श्री एस. के. मंडल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ और तनावपूर्ण जीवन शैली में फिजियोथेरेपी का महत्व और भी बढ़ गया है। यह न केवल रोगों के उपचार में सहायक है बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को बनाए रखने का भी एक सशक्त साधन है। कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर और बैनर के माध्यम से आसपास के क्षेत्रों में जाकर लोगों को फिजियोथेरेपी की उपयोगिता के बारे में जागरूक किया। इन पोस्टरों में बताया गया कि कैसे फिजियोथेरेपी अस्थि एवं मांसपेशियों के दर्द, रीढ़ संबंधी समस्याओं, खेलकूद से जुड़ी चोटों और शारीरिक अक्षमता को दूर करने में कारगर सिद्ध होती है। इस अवसर पर संस्थान के एकेडमिक हेड श्री राजू पांडेय ने भी फिजियोथेरेपी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विज्ञान में फिजियोथेरेपी का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह बिना किसी दुष्प्रभाव के रोगों के निवारण का सुरक्षित उपाय प्रदान करती है। साथ ही, यह रोगी की जीवनशैली को पुनः सामान्य बनाने में भी बड़ी भूमिका निभाती है।

### सड़क हादसे में जख्मी व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**तरैया (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** गत छह सितम्बर की रात्रि तरैया के माधोपुर से छठियार कार्यक्रम से साइकिल से अपने घर लौट रहे एक व्यक्ति की टिकमपुर बांध पर अज्ञात वाहन की ठोकर से जख्मी हो गया था। उक्त व्यक्ति की रविवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल अशोक कुमार यादव (45), पिता- रूदल राय, निवासी- फरीदपुरा बाजार टोला, थाना- तरैया, जिला सारण को इलाज के लिए स्थानीय त्रिमूर्ति अस्पताल ले जाया गया था। स्थिति गंभीर होने पर उन्हें छपरा के एक निजी अस्पताल से पीएमसीएच रेफर किया गया, जहाँ इलाज के दौरान आज सुबह उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही उनके घर में कोहराम मच गया।

## रिविलगंज प्रखंड में 20 सूत्री समिति की बैठक, कई प्रस्ताव पारित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**





**छपरा (सारण)।** रिविलगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सोमवार को 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने की। इसमें मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार सरकार द्वारा अधिसूचित 15 सदस्यीय समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे। बैठक की शुरूआत प्रखंड विकास पदाधिकारी रितेश कुमार सिंह ने अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए की। इसके बाद एजेंडा पर चर्चा शुरू हुई। सांसद प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह ने सात निश्चय, बिजली और स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़ी रिपोर्ट विभागीय अधिकारियों से प्राप्त की और जनहित में चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। मनरेगा के तहत किए गए पौधारोपण और घेराबंदी कार्य की प्रत्येक पंचायत में पांचझ्रपांच स्थल पर जांच कराने का निर्णय लिया गया। वहीं 20 सूत्री अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने पीएचईडी, पोषाहार और राजस्व विभाग से जुड़ी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। राजस्व विभाग द्वारा पर्ची वितरण में लापरवाही को लेकर उपाध्यक्ष पवन सिंह ने आपत्ति जताई। इस पर निर्णय लिया गया कि पर्ची वितरण सही ढंग से कराया जाएगा। बैठक में थाना, कृषि, बीईओ, पशुपालन और आंगनबाड़ी विभागों की कार्यप्रणाली पर भी चर्चा हुई। बैठक में तय हुआ कि प्रखंड क्षेत्र में संचालित सभी विकास योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी। इनके प्रभावी और सुचारू क्रियान्वयन को लेकर कई सुझाव सामने आए, जिन्हें सर्वसम्मति से प्रस्ताव के रूप में पारित किया गया। अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने सांसद प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह, जिला परिषद सदस्य गुड्डू साह और पत्रकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उपाध्यक्ष पवन सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगने का भी निर्णय लिया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य गामा सिंह, मनुलाल बैठा, संजय वारसी, राजकुमारी देवी, अंजली सिंह, जिला प्रवक्ता मदन सिंह, संजू देवी, अनिता सेवी सहित अन्य सदस्य, कृषि पदाधिकारी, मनरेगा पीओ व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मतांतरण में लगे 11 लोगों पुलिस ने लिया हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** भोले-भाले ग्रामीणों की बीमारी और आर्थिक स्थिति को ढाल बनाकर जिले में बड़े पैमाने पर चंगाई सभा के नाम पर मतांतरण का कार्य किया जा रहा है। ताजा मामला कटकमसांडी प्रखंड के रोमी पंचायत अंतर्गत छड़वा गांव का है। जहां मामला उजागर होने के बाद रविवार को आशा देवी, पति शर्मा राम के घर में चल रहे चंगाई सभा को लेकर जमकर हंगामा हुआ।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे बजरंग दल के लोगों ने सभा को बंद करा दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने बाहर से आए लोगों की जमकर पिटाई की और फिर पुलिस को सौंप दिया। पूरे प्रकरण में पेलावल पुलिस ने 11 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि एक साल से आशा देवी के घर पर आयोजित इस सभा में छड़वा के अलावा असधीर, रोमी, हेदलाग, डांड, तीलरा, कंचनपुर, हुड़हुडू और मंडई गांवों से दर्जनों महिला-पुरुष शामिल होते थे।

- एजेंटों को स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर धुना
- 20 दिन पूर्व भी झोंझी में हुआ था बवाल

सभा का नेतृत्व मंडई निवासी शिला देवी और हुड़हुडू निवासी तुलसी रविदास कर रहे थे। आरोप है कि गांव घर के लोगों को इनके द्वारा इसाई मिशनरी के बारे में जानकारी दी जाती थी और चंगाई सभा के बहाने हिंदू देवी-देवताओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी और बातें की जाती थी। जिसे लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी थी।

रविवार को होने वाले इस सभा को लेकर ग्रामीण जुट गए। इसके बाद हो हंगामा हुआ तो आशा देवी के घर से बड़ी संख्या में बाईबिल, हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ भ्रामक पोस्टर और पंपलेट मिला। इसके बाद बवाल और तेज हो गया।

सूचना पर पहुंचे पेलावल थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडेय सभा में शामिल लोगों को थाने ले गए। ग्रामीणों ने साफ कहा कि गांव में इस तरह की धार्मिक सभा या धर्मांतरण से जुड़े आयोजन बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

करीब 20 दिन पूर्व कटकमसांडी के झोंझी गांव में भी चंगाई सभा को लेकर हंगामा हुआ था। भुवनेश्वर राणा के घर आयोजित सभा के दौरान एक सात वर्षीय बालक की मौत हो गई थी। इसके बाद ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा था। दबाव में आकर इसाई पास्टर बन चुके भुवनेश्वर राणा ने अपने घर में विधिवत पूजा-अर्चना कर सनातन धर्म में वापसी कर ली थी।

कटकमसांडी प्रखंड के आराभुसई निवासी राजू यादव भी चंगाई सभा के फेर में फंसकर अपने कैंसर पीड़ित इकलौते बेटे की जान गंवा बैठा। डॉक्टरों ने बच्चे के इलाज के लिए मुंबई टाटा अस्पताल में ऑपरेशन कराने की सलाह दी थी, लेकिन उसने भरोसा चंगाई सभाओं पर किया।

## लाखों लोगों का पानी हो जाएगा बंद

**जमशेदपुर।** गोविंदपुर जलापूर्ति से 1.5 लाख लोगों का पानी आज से बंद हो जाएगा। इसके साथ ही जलापूर्ति करने वाले संवेदक जेमिनी इंटरप्राइजेज के अंदर काम कर रहे 35 कर्मचारियों का रोजी-रोटी पर प्रश्नचिन्ह लग जाएगा। संवेदक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि अब तक 10 बार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को पत्र लिखकर बकाया राशि का भुगतान करने का अनुरोध किया जा चुका है, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला।

उन्होंने बताया कि पिछले सात माह से कर्मचारियों का वेतन नहीं दिया जा सका। अरुण कुमार सिंह ने कहा है कि विभाग के पास तीन मांग रखी गई है।

पहला बकाया राशि का भुगतान किया जाए, गोविंदपुर में पांच पानी का टंकी है, उसमें बिजली का कनेक्शन दिया जाए, तथा गदड़ा में बिजली विभाग ने गार्ड पर बिजली चोरी करने का एफआईआर दर्ज कराया है, जबकि एफआईआर पीएचइडी विभाग के कार्यपालक अभियंता पर होनी चाहिए।

# मंत्री इरफान अंसारी को फिर मिली जान से मारने की धमकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। रविवार की रात करीब 11:56 बजे बोकारो सर्किट हाउस में ठहरने के दौरान एक अज्ञात मोबाइल नंबर 7005758247 से उन्हें कॉल आया। कॉल करने वाले ने मंत्री को भद्दी-भद्दी गालियां दीं और साफ शब्दों में कहा कि 24 घंटे के भीतर उड़ा दिया जाएगा। धमकी देने वाले की आवाज से मंत्री को अंदेशा है कि कॉल करने वाला उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। सोमवार को बोकारो परिषद में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्री अंसारी ने कहा कि वह किसी से डरने वाले नहीं हैं।

उन्होंने आगे कहा कि उनका मोबाइल हमेशा जनता के लिए खुला रहता है। धमकी देने वाला पहले इज्जत से इरफान साहब कहकर बुलाता है और फिर गालियां देना शुरू कर देता है। लेकिन इन सबके बावजूद वे विचलित नहीं हैं। मंत्री ने साफ संदेश दिया कि वे अपनी जिम्मेदारी पूरी ताकत और ईमानदारी से निभाते रहेंगे।

बताया कि जब रात्रि में धमकी मिली तो इसकी जानकारी तत्कॉल बोकारो के एसपी हरविंदर सिंह से संपर्क साधा और पूरी घटना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है। कुछ दिन पहले भी गिरिडीह के एक युवक ने इंटरनेट मीडिया पर वीडियो जारी कर उन्हें और नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। उस वीडियो में युवक ने खुद को कुख्यात अपराधी लॉरेंस बिश्नोई का भाई बताया था। हालांकि, गिरिडीह पुलिस ने तत्कॉल कार्रवाई कर उस युवक को पकड़ लिया।

दावा किया कि उनके परदादा को गोलियों से भून दिया गया था, इसके बावजूद उनका परिवार सेवा करता रहा। वे जनता के बेटे हैं, जनता के लिए बने हैं और जनता का काम ही करेंगे। धमकियों से उनके हौसले कमजोर नहीं होंगे। मंत्री ने भाजपा पर भी तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि भाजपा को कब्र में डाल देंगे, बल्कि उनका आशय यह था कि जनता उन्हें समर्थन नहीं देगी। आज जब डोनाल्ड ट्रंप जैसी हस्ती भाजपा जैसी नफरत फैलाने वाली ताकतों से डर रही है, तो दूसरों की क्या बिसात। वे कांग्रेसी हैं, सेवा और प्यार बांटना उनका काम है। झारखंड में स्वास्थ्य विभाग को उन्होंने जीवंत कर दिया है, यही कारण है कि विपक्ष सबसे ज्यादा उन्हीं पर हमलावर है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। मंत्री ने भरोसा जताया कि कानून अपना काम करेगा।

# जिलाध्यक्ष के चुनाव को ले कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने में लगे हैं पर्यवेक्षक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले को नए जिलाध्यक्ष देने को लेकर कांग्रेस पार्टी ने संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम के तहत गांव, पंचायत व प्रखंड स्तर पर कार्यकताओं से दावेदारों की नब्ज टटोलने में जुटी है।

इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से मनोनीत पर्यवेक्षक सह गुजरात के विधायक इमरान खेड़ावाला व प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से मनोनीत सहायक पर्यवेक्षकों पूर्व मंत्री जेपी पटेल, विधायक सोनाराम सिंकू व रविंद्र झा की टीम ने शुक्रवार को सदर प्रखंड के कार्यकताओं से रायशुमारी करते हुए जिलाध्यक्ष पद की दावेदारी कर रहे नेताओं की जमीनी हकीकत जानने को लेकर नब्ज टटोलने का काम किया।

यह रायशुमारी नया परिसदन के सभाकक्ष में सुबह से शुरू हुई जो दोपहर बाद तक चली। इधर रायशुमारी में अपनी राय देने को लेकर परिसदन परिसर में खूब भीड़ लगी रही और दावेदारों के पक्ष में कार्यकर्ताओं के बीच गहमागहमी होते रहा।

जिलाध्यक्ष की दावेदारी में वर्तमान अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह, कार्यकारी जिलाध्यक्ष सतीश केडिया, उपेंद्र सिंह, प्रदेश सचिव अजय कुमार सिन्हा के अलावा तीन अन्य दावेदार भी शामिल हैं।

जिलाध्यक्ष की कुर्सी पाने को लेकर दावेदारी कर रहे नेताओं ने कार्यकताओं को अपने पक्ष में राय देने व दूसरे दावेदारों को प्रायोजित तरीके से बदनाम करने समेत अन्य हथकंडे भी अपना रहे हैं। लेकिन इसका असर पर्यवेक्षकों की कार्यकताओं के साथ हो रही रायशुमारी पर नहीं पड़ रहा है।

पर्यवेक्षक ने बताया कि सात लोगों ने जिलाध्यक्ष के लिए अपनी दावेदारी पेश करते हुए आवेदन दिया है जिस पर जमीनी स्तर के कार्यकताओं से राय ली जा रही है। फिलहाल इनके नामों का खुलासा नहीं किया जा सकता है।

लेकिन कार्यकताओं को बारी-बारी व सामूहिक रूप से बुलाकर जिला अध्यक्ष के दावेदारों के बारे में राय ली गई। कार्यकताओं ने अलग-अलग दावेदारों के पक्ष में अपनी बातों को रखते हुए अपना मत दिया है।

## योजनाओं के चयन को ले डीसी की अध्यक्षता में बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागर में हरिहरगंज नगर पंचायत के लिये योजनाओं के चयन से संबंधित बैठक हुई।बैठक में बिंदुवार तरीकों से योजनाओं का चयन एवं उसे पारित करने पर चर्चा की गयी। इनमें मुख्य रूप से हरिहरगंज पंचायत अंतर्गत ड्रेनएज सिस्टम,स्ट्रीट लाइट,सीसीटीवी का अधिष्ठापन,आश्रय गृह सहित अन्य कार्यों को लेकर चर्चा की गयी।इस दौरान कुल 74 योजनाओं को पारित करने का निर्णय लिया गया।आवंटन प्राप्त होने के बाद प्रशासनिक स्वीकृति के पश्चात



योजनाओं का क्रियान्वयन प्रारंभ कर दिया जाएगा।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन,छत्तरपुर एसडीओ आशीष गंगवार,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम,हरिहरगंज के नगर प्रशासक फैजुर रहमान,सांसद प्रतिनिधि,नगर पंचायत के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य उपस्थित रहे।

## चुनाव की गहमागहमी तेज

**रांची।** झारखंड में घाटशीला विधानसभा सीट पर उप चुनाव की तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। यह सीट पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. रामदास सोरेन के निधन के बाद खाली हुई है। झामुमो और भाजपा के बीच इस सीट पर कड़ा मुकाबला होने की संभावना है।

# पत्नी की लाठी-डंडे से पिटाई के बाद गला दबाकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चासनाला (झरिया)।** सुदामडीह थाना क्षेत्र के पाथरडीह पांडेय बस्ती के गुलगुलिया पट्टी में रविवार की देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां उमेश अघोरी उर्फ मांझी गुलगुलिया ने शक के कारण अपनी पत्नी सोनिया देवी की रात करीब बारह बजे लाठी-डंडे से पिटाई कर व गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गुलगुलिया समाज के लोग जुट गए व आरोपी पति को पेड़ से बांधकर पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही सोमवार की सुबह सुदामडीह पुलिस मौके पर पहुंची।

शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर धनबाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त डंडा को भी जब्त कर लिया है।

वहीं आरोपी पति उमेश गुलगुलिया को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतका के पति उमेश ने पड़ोसियों को अपनी मनगढ़ंत कहानी सुनाई।

उन्होंन कहा कि वह कैटरिंग का काम कर रात एक बजे घर लौटा था। पत्नी ने खाना दिया। जिसे खाकर सो गया। सुबह उठा तो देखा कि किसी ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी है।

पुलिस ने उमेश से कड़ाई से पूछताछ की तो उमेश ने सारी बात बताई। उसने बताया कि वह लोको बाजार में एक



मुर्गा दुकान में काम करता है। रविवार रात आठ बजे वह काम से घर लौटा तो पत्नी घर पर नहीं थी। आसपास खोजा लेकिन नहीं मिली।

लगभग दस बजे जब पत्नी घर लौटी तो विवाद हो गया। गुस्से में आकर पत्नी को डंडे से पीट दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। उमेश नशे में धुत्त था।

मृतका के भाई सुरेंद्र गुलगुलिया, अरविंद गुलगुलिया, रविंद्र गुलगुलिया व बहन रेखा देवी ने आरोप लगाया कि उमेश शराब के नशे में आए दिन बहन से मारपीट करता था।

उन्होंने आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग की है। उमेश के चार भाई व चार बहन है। मृतका की एक पुत्री व एक पुत्र है जिसका पूर्व में ही निधन हो गया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## नदी में नहाने गया तेलंगाना का युवक लापता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के इचाकुटी में तेलंगाना का एक युवक नदी में नहाने के दौरान लापता हो गया है और ग्रामीण उसकी तलाश में नदी किनारे मौजूद हैं।

रविवार की शाम चक्रधरपुर प्रखंड के इचाकुटी से यह एक चिंताजनक घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार रविवार शाम, लगभग 3 से 4 बजे के बीच श्रीहरि नामक युवक नदी में स्नान करने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नदी का बहाव अचानक इतना तेज हो गया जिसके कारण श्रीहरि संतुलन खो बैठा और पानी की लहरों में बह गया। देखते-ही-देखते वह आंखों से ओझल हो गया।

ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना प्रशासन को दी। लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद प्रशासन की ओर से त्वरित कार्रवाई नहीं की गई।

अब तक कोई सर्च टीम मौके पर सक्रिय नहीं दिखी है। ग्रामीण सवाल



उठा रहे हैं कि आखिर प्रशासन की भूमिका जीवन बचाने की होनी चाहिए या केवल शव की तलाश करने की।

बताया जाता है कि लापता युवक श्रीहरि मूल रूप से तेलंगाना का रहने वाला था और चक्रधरपुर डाकघर में कार्यरत था। घटना के बाद से पूरे गांव में खामोशी है। ग्रामीण नदी किनारे बैठकर उसकी सुरक्षित वापसी की उम्मीद लगाए हुए हैं।

स्थानीय ग्रामीण लगातार नदी किनारे निगरानी कर रहे हैं। कई लोग स्वयं खोजबीन में भी जुटे हैं, लेकिन अब तक श्रीहरि का कोई सुराग नहीं लग पाया है। इस बीच, प्रशासन की सुस्त कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं और लोगों ने तत्काल गोताखोरों की टीम बुलाने की मांग की है।

# उपायुक्त ने की राजस्व संग्रहण की समीक्षा

## सभी विभागों को राजस्व संग्रहण में तेजी लाने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने सोमवार को राजस्व से जुड़े सभी विभागों द्वारा राजस्व वसूली की समीक्षा की गयी।

इस दौरान विभिन्न विभागों को चालू वित्तिय वर्ष में प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध कितनी वसूली की गयी है से संबंधित विस्तृत जानकारी ली गयी।उन्होंने सभी पदाधिकारियों को लक्ष्य को हासिल करने दिशा में कई दिशा-निर्देश दिया।

***खनन क्षेत्र में राजस्व वसूली में तेजी लाये***- उपायुक्त ने खनन विभाग की समीक्षा की,बताया गया कि इस वित्तिय वर्ष में अबतक वार्षिक लक्ष्य अप्राप्त है।इस दौरान पिछले वर्ष के लक्ष्य के आधार पर समीक्षा किया गया,इस दौरान पाया गया कि पिछले साल प्राप्त लक्ष्य के आधार पर अबतक 5952.025 लाख रुपये वसूली किया गया है।

ज्ञातव्य है कि वित्तिय वर्ष 2024-25 में खनन विभाग का वार्षिक लक्ष्य 41357 लाख रुपये का था।डीसी ने खान निरीक्षक को खनन के क्षेत्र में राजस्व वसूली में तेजी लाने की बात कही।उन्होंने राजस्व उगाही को लेकर कहा




कि इसमें जो भी कारक बाधक हैं,उन्हें यथाशीघ्र दूर कर लक्ष्य प्राप्त करें।

**परिवहन विभाग की भी हुई समीक्षा** - इसी तरह परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पाया कि विभाग को वर्तमान वित्तिय वर्ष में 7608.30 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य दिया गया था।जिसके विरुद्ध परिहवन विभाग द्वारा अबतक 3240.15 लाख रुपये की राजस्व वसूली कर ली गयी है।

***उत्पाद अधीक्षक को लगातार छापामारी करने का दिया निर्देश*** - उत्पाद विभाग की समीक्षा के दौरान उत्पाद अधीक्षक ने उपायुक्त को बताया कि उत्पाद विभाग को 14000 लाख रुपए वसूली का वार्षिक लक्ष्य दिया गया था जिसके विरुद्ध अगस्त माह तक 4544.67 लाख रुपये के राजस्व वसूली कर ली गयी है जो 32 प्रतिशत है.इसी तरह अवर निबंधन,राष्ट्रीय बचत विभाग,नगर निगम,विद्युत आपूर्ति विभाग की भी समीक्षा की गयी।इसी तरह उपायुक्त ने सरकार के विभिन्न विभागों को भूमि हस्तांतरण हेतु लंबित भूमि के विवरणी का अंचलवार समीक्षा किया गया। ***भू-लगान,निबंधन,दाखिल-खारिज की भी हुई समीक्षा*** - बैठक में भू-लगान, निबंधन, दाखिल-खारिज, सकसेशन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन और भूमि सीमांकन की भी समीक्षा की गयी।उन्होंने सभी सीओ को निर्धारित समय में म्यूटेशन के मामलों को निष्पादन करने पर बल दिया।इसके अलावे 2025-26 में प्राकृतिक आपदाओं एवं राज्य स्तरीय अधिसूचित आपदाओं से प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृती से संबंधित प्रतिवेदन, ई-रेवेन्यू कोर्ट का स्टेटस,लैंड डीमारकेशन, झारखंड लगान कलेक्शन की भी समीक्षा की गयी।बैठक में उपायुक्त के अलावा तीनों एसडीओ,तीनों भूमि सुधार उप समाहर्ता,सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हाईवा की चपेट में आने से बच्ची मरी

## गुस्साये लोगों ने किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** जिले के सोनाजोड़ी में सोमवार को हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। सोनाजोड़ी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के पास सड़क पार कर रही सात वर्षीय सना खातून को चिप्स लदा तेज रफ्तार हाईवा ने कुचल दिया। मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान सोनाजोड़ी निवासी रियाज अंसारी की पुत्री के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सना अनाथ थी और उसकी परवरिश परिवार के अन्य सदस्य कर रहे थे।

हादसे से आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतर आए और मुख्य मार्ग को घंटों जाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण आए दिन ऐसे हादसे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि शाम 6 बजे के बाद इस मार्ग पर भारी वाहनों की नो-एंट्री लागू रहती है, लेकिन बावजूद इसके ओवरलोडेड ट्रक और हाईवा तेज रफ्तार से गुजरते हैं।

ग्रामीण रहमान अंसारी ने बताया कि सोनाजोड़ी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में लगभग 500 बच्चे पढ़ते हैं और उन्हें रोज इसी सड़क को पार करना पड़ता है।



बावजूद इसके स्कूल के सामने न तो स्पीड ब्रेकर है और न ही कोई अन्य सुरक्षा व्यवस्था। यही स्थिति सोनाजोड़ी सदर अस्पताल के पास भी है।

ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि जब तक स्कूल और अस्पताल के पास स्पीड ब्रेकर नहीं बनाए जाते, उनका सड़क जाम आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने दोषी वाहन चालक और परिवहन विभाग पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। यह हादसा प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है और उन ग्रामीणों की पीड़ा सामने लाता है, जो बार-बार ऐसे हादसों से जूझ रहे हैं।

## हथियार के बल पर लूटपाट

**रामगढ़।** झारखंड में अपराधियों का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा है। रामगढ़ में जीएस ज्वेलरी शॉप में हथियार के बल पर लाखों रुपये की लूट की वारदात हुई। विरोध करने पर दुकान के मैनेजर आशीष कुमार को अपराधियों ने पिस्टल की बट से घायल कर दिया।

फरार होने की जल्दबाजी में अपराधियों का एक पिस्टल मौके पर ही गिर गया। बताया जा रहा है कि तीन अपराधी बाइक पर सवार होकर आए थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। पुलिस ने जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है।

मीडिया से बात करते हुए मैनेजर आशीष कुमार ने बताया कि मैं दुकान बंद करने ही वाला था कि तभी तीन लोग हथियार लहराते हुए पहुंचे और रुपये व जेवरात की मांग करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने मुझे पिस्टल की बट से मारकर घायल कर दिया और लगभग पांच लाख रुपये नकद व सोना-चांदी लूटकर फरार हो गए।

# पैसेंजर ट्रेन के शौचालय से मिली लाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पलामू।** लातेहार जिला के बरवाडीह थाना क्षेत्र के खुर्रा गांव निवासी भोला प्रसाद (51 वर्ष) पिता स्वर्गीय जगदीश साव का शव सोमवार को जपला रेलवे स्टेशन पर डाउन गाडीएम पैसेंजर ट्रेन के शौचालय से जपला आरपीएफ ने बरामद किया है। जानकारी के अनुसार भोला प्रसाद पिछले लंबे समय से मानसिक रूप से बीमार चल रहे थे, जिनका इलाज रांची स्थित रिम्स अस्पताल में चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों और रेलवे सूत्रों के मुताबिक, मृतक ट्रेन के शौचालय में मृत पाए गए। प्रथम द्दष्टया आशंका जताई जा रही है कि उनकी मौत हृदय गति रुकने से हुई है। घटना की सूचना जीआरपी डालटनगंज को दी गयी, जीआरपी जपला रेलवे स्टेशन पहुच कर शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। वही मृतक के भतीजा पहुच शव को साथ ले गया।

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 **[वरिष्ठ डीईएन/सी/हावड़ा** के क्षेत्राधिकार के लिए] द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **एनआईटी सं.:** 133_2025-26, **कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/सी/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के कार्यक्षेत्र में इनसिटू ग्लूड जॉइंट्स का फैब्रिकेशन। **अनुमानित मूल्यः** रु. 2,24,03,134.26, **बयाना राशिः** रु.2,62,000/-, **समापन अवधिः** 09 (नौ) माह। **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 22.09.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतानः ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-281/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल-23-25, दिनांक 05.09.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** आसनसोल मंडल-जसीडीह, दुर्गापुर, रानीगंज, चित्तरंजन, बराकर, कुलटी और दुबराजपुर स्टेशनों पर सभी पुराने साइनेज बोर्ड को ग्लो साइन स्टैंडर्डाइज्ड बोर्ड से बदलना। **निविदा मूल्यः** रु. 2,74,90,463.81, **बयाना राशिः** रु. 2,87,500/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **कार्य की समापन अवधि** : 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 03.10.2025 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-180/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बने नंबर 1

# कार्लोस अल्काराज ने सिनर को हराकर जीता यूएस ओपन का खिताब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्पेन के टेनिस सुपरस्टार कार्लोस अल्काराज ने शानदार प्रदर्शन के साथ यूएस ओपन 2025 का पुरुष एकल खिताब अपने नाम कर लिया है। इसी के साथ ही उन्होंने जैनिक सिनर को हराकर यूएस ओपन खिताब जीता और विश्व नंबर 1 रैंकिंग भी हासिल की। यूएस ओपन फाइनल में अल्काराज ने इटली के सिनर को चार सेटों में 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से हराकर अपना दूसरा यूएस ओपन और छठा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इस जीत के साथ ही अल्काराज ने सिनर की 65 सप्ताह की विश्व नंबर 1 रैंकिंग को छीनकर फिर से शीर्ष स्थान हासिल किया है।

दरअसल, अल्काराज ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। अल्काराज ने सिनर पर दबदबा कायम रखते हुए पहला सेट 6-2 से अपने नाम किया। हालांकि, सिनर ने दूसरे सेट में वापसी की और 6-3 से जीतकर मुकाबला बराबर किया। अल्काराज ने तीसरे सेट में शानदार वापसी की और 6-1 से जीत हासिल की। इसके बाद चौथे सेट में 6-4 से जीत हासिल की। अल्काराज ने पूरे टूर्नामेंट में केवल एक सेट गंवाया, जो इस फाइनल में था। इस जीत के बाद कार्लोस अल्काराज जश्न में डूबे नजर आए। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे कुछ लोगों के साथ अपनी जीत को सेलिब्रेट कर रहे हैं। 2025 में अल्काराज और सिनर के बीच यह लगातार तीसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल था। इससे पहले अल्काराज ने फ्रेंच ओपन में सिनर को हराया था, जबकि सिनर ने विंबलडन में जीत हासिल की थी। अल्काराज छह ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले ब्योर्न बोर्ग के बाद दूसरे सबसे युवा पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। उनके पास अब फ्रेंच ओपन, विंबलडन और यूएस ओपन में दो-दो खिताब हैं, जिसके साथ वह नोवाक जोकोविच, राफेल नडाल और मैट्स विलेंडर के साथ उन चुनिंदा पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने तीनों सतहों (हार्ड कोर्ट, क्ले और घास) पर कई ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। इस जीत के साथ उन्होंने 5 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि भी हासिल की है।



## क्रिस गेल ने किया खुलासा, पंजाब किंग्स में हुआ अपमान, कहा- मैं कोच कुंबले से निराश हूं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के पूर्व सलामी बल्लेबाज और यूनिवर्स बॉस के नाम से मशहूर क्रिस गेल एक मस्तीखोर इंसान के रूप में जाने जाते हैं। वह जहां भी जाते हैं उनके चेहरे पर एक चमकदार मुस्कान होती है। गेल ने दुनिया भर की कई टी20 फ्रेंचाइजी के लिए खेला है। 2021 में पंजाब किंग्स के साथ उनका आईपीएल करियर अचानक खत्म हो गया। उन्होंने बीच में ही फ्रेंचाइजी छोड़ने के लिए बबल थकान का हवाला दिया। लेकिन अब सालों बाद उन्होंने फ्रेंचाइजी पर उनका अनादर करने का आरोप लगाया है। गेल ने शुभंकर मिश्रा को उनके यूट्यूब शो पर कहा, ओह, मेरा आईपीएल समय से पहले ही समाप्त हो गया। आप जानते हैं पंजाब के साथ ईमानदारी से कहूं तो। हां मेरा मतलब है कि फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स इलेवन में मेरा अनादर किया गया। आप जानते हैं। मुझे ऐसा लगा कि एक वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में मेरे साथ ठीक से व्यवहार नहीं किया जा रहा था। जिसने लीग के लिए इतना कुछ किया। आप जानते हैं फ्रेंचाइजी के लिए भी इतना मूल्य लाया। और फिर आपका अनादर किया जाता है और वे आपके साथ एक बच्चे की तरह व्यवहार करते हैं और फिर मैं लगभग ऐसा महसूस करता हूं जैसे मुझे लगा कि इमारत मेरे कंधे पर है। यह मेरे जीवन में पहली बार था जब मैंने अवसाद की स्थिति महसूस की। इसलिए जब लोग अवसाद के बारे में बात करते हैं तो मुझे इसका थोड़ा सा आभास हो जाता है और यह मेरे लिए नहीं था।गेल ने याद करते हुए कहा, तो मुझे पता है कि हम इस बारे में बात कर रहे हैं कि यह हमारा काम है। लेकिन उस स्तर पर पैसा कुछ भी नहीं है। आपको वहां पैसे की जरूरत नहीं है।

## एशिया कप से बाहर होने पर श्रेयस अय्यर का छलका दर्द, बोले- मेहनत करते रहो, चाहे कोई...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 की शुरुआत 9 सितंबर (मंगलवार) से हो रही है. इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज 10 सितंबर को संयुक्त अरब अमीरात (श्व) के खिलाफ मुकाबले से करेगी. फिर टीम इंडिया को पाकिस्तान का सामना करना है. भारत-पाकिस्तान का मुकाबला 14 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ही खेला जाना है. एशिया कप में भारतीय टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव कप्तानी करने जा रहे हैं. वहीं शुभमन गिल को भारतीय टीम का उप-कप्तान बनाया गया है. टीम में स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को जगह नहीं मिली है, जिन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में पंजाब किंग्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया था. श्रेयस अय्यर का टीम में ना होना फैन्स और क्रिकेट विशेषज्ञों को हैरान कर गया. अब श्रेयस ने एशिया कप स्क्वॉड में नहीं चुने जाने पर अपनी चुप्पी तोड़ी है. श्रेयस ने टीम से बाहर किए जाने पर खिलाड़ियों को होने वाली मानसिक चुनौतियों के बारे में भी बात की. श्रेयस का इस दौरान दर्द भी छलक पड़ा. श्रेयस का मानना है कि एक खिलाड़ी को मेहनत करते रहना चाहिए, चाहे कोई उसे देखे या ना देखे. श्रेयस के मुताबिक टीम से बाहर होने पर निराश होना स्वाभाविक है क्योंकि खिलाड़ी मेहनत करते हैं और खुद पर भरोसा रखते हैं.




हॉकी एशिया कप 2025:

## जीत के रथ पर सवार भारत के सिर सजा एशिया कप का ताज, टूर्नामेंट में दागे सर्वाधिक गोल

**राजगीर, एजेंसी।** भारतीय हॉकी टीम आठ साल बाद एशिया कप की चैंपियन बनी है। यह उसकी टूर्नामेंट में चौथी खिताबी जीत है। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय टीम ने मौजूदा चैंपियन कोरिया को पराजित कर न सिर्फ ट्रॉफी जीती, बल्कि अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। बिहार के राजगीर में एशिया कप 2025 का खिताबी मुकाबला रविवार को भारत और दक्षिण कोरिया के बीच खेला गया। इस मैच में भारतीय हॉकी टीम ने पांच बार की विजेता कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। दिलचस्प बात यह है कि भारतीय टीम इस पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। भारत आठ साल बाद एशिया कप का चैंपियन बना है। यह उसकी एशिया कप में चौथी खिताबी जीत है।

### सुपर-4 चरण में भी अजेय रही भारतीय टीम

सुपर-4 चरण में भी भारत अजेय रहा और अंततः खिताब अपने नाम किया। तीन सितंबर को भारत और कोरिया के बीच मुकाबला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। अगले ही दिन यानी चार सितंबर को टीम इंडिया ने मलयेशिया को 4-1 से मात देकर धमाकेदार जीत हासिल की। इसके बाद छह सितंबर को भारत ने चीन पर 7-0 से बड़ी जीत दर्ज की।

### पूल चरण में अपराजेय रही भारतीय टीम

एशिया कप हॉकी 2025 में भारतीय टीम ने पूल चरण में शानदार प्रदर्शन किया। टीम इंडिया ने लगातार तीन मुकाबले जीतकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा और नॉकआउट चरण की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत कर ली।29 अगस्त को भारत ने चीन को रोमांचक मुकाबले में 4-3 से मात दी। इसके बाद 31 अगस्त को जापान के खिलाफ कड़े संघर्ष में भारतीय खिलाड़ियों ने 3-2 से जीत दर्ज की। वहीं, 1 सितंबर को कजाकिस्तान पर टीम इंडिया ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 15-0 से एकतरफा जीत हासिल की। भारतीय खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन पूरी तरह आत्मविश्वास और तालमेल से भरा हुआ रहा। तीनों मैचों में जीत दर्ज करने के बाद टीम ने एशिया कप खिताब की प्रबल दावेदारी पेश की।

## दक्षिण अफ्रीका को मिली वनडे क्रिकेट इतिहास की सबसे बड़ी हार, इंग्लैंड ने 342 रन से हराया




**हैम्पशायर, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम को वनडे क्रिकेट इतिहास की सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी है। रविवार को खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 342 रन के अंतर से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था, जो बिल्कुल उल्टा पड़ गया। इंग्लैंड ने 50 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 414 रन बनाए। जैकब बेथेल ने अपना पहला शतक लगाया और 82 गेंद पर 3 छक्के और 13 चौके लगाते हुए 110 रन की पारी खेली। वहीं, जो रूट ने 96 गेंदों पर 6 चौके लगाते हुए 100 रन की पारी खेली। इसके अलावा जोस बटलर ने 32 गेंद पर नाबाद 62 रन की पारी खेली। जेमी स्मिथ ने 48 गेंद पर 62 रन बनाए।

वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025:

## लक्ष्य चाहर प्री-क्वार्टर फाइनल में, जैस्मिन क्वार्टर फाइनल में; निखत भिड़ेंगी जापान की युना निशिनाका से

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लिवरपूल में चल रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में भारत के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। पुरुषों के 80 किग्रा भार वर्ग में लक्ष्य चाहर प्री-क्वार्टर फाइनल (राउंड ऑफ 16) में पहुंच गए हैं, जबकि महिलाओं के 57 किग्रा भार वर्ग में जैस्मिन ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। लक्ष्य चाहर ने पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए जॉर्डन के हुसैन इशैश को 5-0 से मात दी। उन्होंने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की और पहले राउंड में बढ़त बना ली। दूसरे राउंड में हुसैन ने वापसी की कोशिश की, लेकिन तीसरे राउंड में लक्ष्य ने फिर से दबदबा बनाया और शानदार जीत दर्ज की। सभी पांचों जजों ने सर्वसम्मति से फैसला लक्ष्य के पक्ष में दिया। महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में जैस्मिन ने ब्राजील की जूसिएलन सेर्केरा रोमेउ को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

पवन बर्तवाल का सफर समाप्त पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग में भारत के पवन बर्तवाल को उज्बेकिस्तान के मिर्जाखालोलोव मिराजिजबेक के खिलाफ 0-5 से हार झेलनी पड़ी। इसके साथ ही




उनकी विश्व चैंपियनशिप की यात्रा यहीं समाप्त हो गई। लवलीना बोरगोहैन बाहर टोक्यो ओलंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहैन पहले दौर में ही बाहर हो गईं। उन्हें महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में तुर्की की बुसरा इसिलदार ने 5-0 से हराया।

## मोहम्मद रिजवान ने अकेले जितवा दिया मैच, पाकिस्तान से बाहर होने के बाद इस टीम के लिए उड़ाए 22 छक्के -चौके




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान की एशिया कप की टीम से बाहर होने के बाद मोहम्मद रिजवान ने सीपीएल का रुख किया, जहां उनका करार सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स टीम से हुआ. इसके आगे की कहानी सीपीएल 2025 में बखूबी दिख रही है. गयाना अमेजन वॉरियर्स के खिलाफ 8 सितंबर को खेले मुकाबले में मोहम्मद रिजवान ने अपनी टीम को अकेले दम पर मैच जिताया. और, इसका इससे बड़ा सबूत और क्या होगा कि गयाना अमेजन वॉरियर्स के खिलाफ टीम के बनाए टोटल रन में आधे से ज्यादा रिजवान के बल्ले से निकले थे,

**रिजवान किसी गेंदबाज से नहीं हुए आउट**

गयाना अमेजन वॉरियर्स के खिलाफ सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी. उसके लिए पारी मोहम्मद रिजवान और आंद्रे फ्लेचर ने पारी की शुरुआत की. ओपनिंग जोड़ी तो ज्यादा देर तक नहीं जमीं पर रिजवान इतनी देर तक विकेट पर जरूर खड़े हो गए, जिससे गयाना अमेजन वॉरियर्स को हराने लायक रन स्कोर बोर्ड पर लग गए. मोहम्मद रिजवान को मैच में गयाना का कोई गेंदबाज आउट नहीं कर सका. बल्कि वो रन आउट हुए. हालांकि, उससे पहले वो अपना काम कर चुके थे.

## 8 टीमों वाले एशिया कप की 8 बड़ी बातें, मुकाबला देखने से पहले इनके बारे में जानना है जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप का 17वां सीजन आज से शुरू होने जा रहा है. इस बार 8 टीमों के बीच इसके मुकाबले 9 सितंबर से 28 सितंबर तक अबू धाबी और दुबई शहर में खेले जाएंगे. सभी मुकाबले भारतीय समय से रात के 8 बजे शुरू होंगे. 17वें सीजन में सिर्फ एक डबल हेडर डे, 15 सितंबर को होगा. उस दिन पहला मैच भारतीय समय से शाम के साढ़े 5 बजे शुरू होगा. जबकि दूसरा मैच रात के 8 बजे से होगा.

अब सवाल है कि एशिया कप इस बार यूएई में क्यों खेला जा रहा है? तो इसके पीछे भारत-पाकिस्तान के राजनीतिक हालात काफी बड़ी वजह है. भारत एशिया कप 2025 का आधिकारिक मेजबान था, लेकिन पाकिस्तान के साथ तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण, अब दोनों टीमें एक-दूसरे के देश में नहीं खेलतीं. अगर भारत इस टूर्नामेंट की मेजबानी करता, तो पाकिस्तान से जुड़े मैच किसी न्यूट्रल वेन्यू पर खेले जाते, जैसे 2025 चैंपियंस ट्रॉफी की मेज़बानी के दौरान भारत के मैच यूएई में खेले गए थे. इसलिए, जबकि बीसीसीआई आधिकारिक मेज़बान बना हुआ है, इस बार मैच यूएई में खेले जाएंगे.

एशिया कप का पहला आयोजन साल 1984 में हुआ था. मतलब पहले वनडे वर्ल्ड कप के ठीक 9 साल बाद. पहले एशिया कप में सिर्फ भारत-पाकिस्तान और श्रीलंका ने हिस्सा लिया था. भारत एशिया कप का ना सिर्फ डिफेंडिंग चैंपियन है बल्कि इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम भी है. भारत ने 2023 में वनडे फॉर्मेट में खेले एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका को रौंदकर 8वीं बार खिताब पर कब्जा किया था. भारत के बाद श्रीलंका दूसरी सबसे सफल टीम है, जिसने 6 बार ट्रॉफी उठाई है. वहीं पाकिस्तान सिर्फ 2 एशिया कप जीतकर लिस्ट में तीसरे नंबर पर है.

एशिया कप की शुरुआत हुई तो वनडे टूर्नामेंट के तौर पर थी. मगर पिछले एक दशक से इसमें टी20 फॉर्मेट का भी तड़का लगता दिखा है. ये इस पर निर्भर




करने लगा है कि आने वाला वर्ल्ड कप किस फॉर्मेट का है. 2023 में जो पिछला एशिया कप खेला गया था, वो वनडे फॉर्मेट में था. वो टूर्नामेंट उस साल हुए वनडे वर्ल्ड कप से कुछ महीने पहले खेला गया था. इस बार का एशिया कप टी20 फॉर्मेट में है क्योंकि अगले साल फरवरी में टी20 वर्ल्ड कप होने वाला है.

सबसे ज्यादा टीमों वाला एशिया कप यही है जो इस बार खेला जा रहा है. एशिया कप 2025 में सिर्फ भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान ही नहीं बल्कि उन्हें मिलाकर कुल 8 टीमें पहली बार खेल रही हैं. भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान डायरेक्ट क्वालिफिकेशन वाली 5 टीम हैं. जबकि बाकी की 3 टीम,श्व, ओमान और हॉन्ग-कॉन्ग हैं. ये तीनों टीमें पिछले साल मेंस,ष्ट प्रीमियर कप में अच्छा प्रदर्शन किया था.

नेपाल के एशिया कप 2025 में नहीं होने की वजह पिछले साल मेंस,ष्ट प्रीमियर कप में उसका प्रदर्शन है. नेपाल की टीम अपने ग्रुप में टॉप पर रही थी पर सेमीफाइनल में उसे यूएई के हाथों और फिर तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में हॉन्ग कॉन्ग से हार का सामना करना पड़ा था.

8 टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है. ग्रुप ए में भारत के अलावा ओमान, पाकिस्तान और यूएई है. जबकि ग्रुप बी में बांग्लादेश, श्रीलंका, हॉन्ग-कॉन्ग और ओमान है. दोनों ग्रुप की टॉप 2 टीम सुपर फोर राउंड के लिए क्वालिफाई करेगी, जहां वो एक दूसरे के खिलाफ करेगी. फिर उनमें 2 टीमें 28 सितंबर को टूर्नामेंट का फाइनल खेलेंगी.

हां. पहले भले ही इसे लेकर अनिश्चिताओं के बादल थे. लेकिन, भारत सरकार के ताजा स्टैंड के बाद एशिया कप 2025 में उनके खेलने का रास्ता साफ हो गया है. भारत सरकार ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान बाइलेटरल टूर्नामेंट नहीं खेल सकते मगर वो मल्टी नेशन टूर्नामेंट में खेल सकते हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### 5वें महीने में हो गया गर्भपात, महिला ने रिसर्च के लिए दिल्ली एम्स को दान किया भ्रूण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक 32 वर्षीय महिला ने पांचवें महीने में हुए गर्भपात के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स-दिल्ली) को अपना भ्रूण रिसर्च के लिए दान कर दिया। दिल्ली के पीतमपुरा इलाके की रहने वाली वंदना जैन ने अपने ससुर सुरेश जैन के साथ मिलकर भ्रूण दान करने का फैसला लिया। सुरेश जैन आगम श्री फाउंडेशन के अध्यक्ष हैं। यह फाउंडेशन अंगदान के कामों में संलग्न है और उन्होंने व्यवस्था करने के लिए अस्पतालों और अन्य संगठनों के साथ समन्वय करने का बीड़ा उठाया। सुरेश जैन ने कहा, मैं अपने संगठन के माध्यम से जागरूकता फैलाता हूं और अंगदान को बढ़ावा देता हूं। इसलिए, जब हमारे परिवार को यह त्रासदी झेलनी पड़ी, तो हमने आगे आकर एक बड़े उद्देश्य के लिए भ्रूण दान करने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने दधीचि देह दान समिति के उत्तर प्रमुख जीपी तायल से संपर्क किया और अपनी इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा, उन्होंने हमें एम्स-दिल्ली के एनाटॉमी विभाग से संपर्क करने में मदद की। दधीचि देह दान समिति के उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता ने कहा कि वॉलंटियर्स और एम्स के अधिकारियों ने मिलकर इस प्रक्रिया को पूरा किया। एम्स ने एक एम्बुलेंस की व्यवस्था की, जिसने रोहिणी के एक नर्सिंग होम से भ्रूण को ले लिया, जहां वंदना का भ्रूण निकालने के लिए ऑपरेशन हुआ था। जैन ने कहा, एम्स के एनाटॉमी विभाग के हेड एसबी रे ने देहदान प्रमाणपत्र लेने के लिए मुझसे संपर्क किया। एम्स के एक डॉक्टर ने कहा कि भ्रूण का इस्तेमाल मेडिकल छात्रों के शोध और प्रशिक्षण के लिए किया जा सकता है। सुधीर गुप्ता ने कहा, जैन परिवार ने दिखाया कि परिवार दुःख और क्षति के पलों में भी एक विरासत छोड़ सकते हैं।

### दिल्ली में चाइल्ड ट्रैफिक गैंग का भंड़ाफोड़, 10 लोग गिरफ्तार; 6 बच्चे छुड़ाए गए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस के साउथ-ईस्ट जिले के स्पेशल स्टाफ की टीम ने चाइल्ड ट्रैफिक के एक बड़े अंतरराज्यीय गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गैंग के 10 लोगों को गिरफ्तार करने के साथ ही इस गैंग के कब्जे से एक साल से कम उम्र के 6 बच्चों को छुड़ाया है। इनमें एक छह महीने का बच्चा भी शामिल है, जिसे महज 48 घंटों में सकुशल बरामद कर लिया गया।

### घर-घर जाकर हुई जांच से खुली अफसरों की पोल, दिल्ली कोर्ट ने राशन दुकानदार को किया बरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में एक राशन दुकानदार के खिलाफ दर्ज मामले में अधिकारियों की लापरवाही सामने आई है। घर-घर जाकर हुई जांच में अधिकारियों की पोल खुलने के बाद द्वारका जिला अदालत ने राशन दुकान मालिक सत्य नारायण अग्रवाल को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत दर्ज मामले में बरी कर दिया है। अदालत ने पाया कि विभागीय निरीक्षण टीम की रिपोर्ट में खामियां थीं। साथ ही घर-घर जाकर की गई जांच तथा कार्डधारकों की गवाही से यह साबित हो गया कि आरोप उचित नहीं थे। अदालत ने कहा कि जांच में दुकान के स्टॉक की हर बोरी नहीं तौली गई। केवल एक बोरी तौलकर शेष का आकलन औसत आधार पर कर दिया, जो नियमों के अनुरूप नहीं है। न्यायिक मजिस्ट्रेट ऋषभ कपूर की अदालत ने आदेश में कहा कि औसत से की गई तौल और बिना ठोस सबूत की रिपोर्ट पर आपराधिक मुकदमा नहीं टिक सकता। सस्पेंड कर दिया था लाइसेंस ~ मामला जनवरी 2017 का है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने विकासपुरी स्थित एफपीएस-7353 (मैसर्स जगदंबा स्टोर) पर छापा मारा था। अधिकारियों का दावा था कि दुकान के स्टॉक में लगभग सात क्विंटल का अंतर मिला। टीम ने यह भी आरोप लगाया कि कैश मेमो पर लाभार्थियों के हस्ताक्षर नहीं थे। साथ ही दुकान का नोटिस बोर्ड विभागीय निर्देशों के अनुरूप भरा नहीं गया था। इसी रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज कर दुकान का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया। सबसे बड़ा खुलासा विभाग की ओर से घर-घर जाकर हुई जांच में हुआ। 29 में से 28 कार्डधारकों ने अधिकारियों को स्पष्ट बताया कि उन्हें सत्य नारायण अग्रवाल की दुकान से पूरा राशन मिला था। यहां तक कि एक लाभार्थी महिला ने अदालत में गवाही देकर भी इसकी पुष्टि की।

# बारिश से बढ़ा फ्लू का खतरा

## सर्दी-जुकाम से परेशान दिल्ली वाले, रिकवरी भी धीमी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्लीवासियों के लिए इस बार का मॉनसून राहत से ज्यादा आफत लेकर आया। जहां एक और यमुना नदी के उफान और लगातार बरसात ने बाढ़ जैसे हालात पैदा किए तो वहीं दूसरी ओर बीमारियां भी घर कर रही हैं। दिल्ली में फ्लू के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। ये आलम पिछले दो-तीन हफ्तों से देखने को मिल रहा है। मरीजों में आमतौर पर तेज बुखार, खांसी, गले में खराश, बदन दर्द, सिरदर्द और कमजोरी जैसे लक्षण दिख रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि जहां ज्यादातर मामले हल्के हैं, वहीं इस मौसम में ठीक होने में सामान्य से ज्यादा समय लग रहा है और कुछ प्रतिशत मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ रही है।



अपोलो अस्पताल में आंतरिक चिकित्सा के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. सुरनजीत चटर्जी के अनुसार, ठीक होने का समय संक्रमण की गंभीरता, व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता और किसी भी मौजूदा स्वास्थ्य स्थिति पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा, जहां कई लोग 3 से 5 दिनों में ठीक हो जाते हैं, वहीं कुछ मामलों में, खासकर अगर जटिलताएं बढ़ जाती हैं, तो 7 दिन या उससे भी ज्यादा समय लग सकता है। लगभग 2-5 प्रतिशत मामलों में, मुख्य रूप से बुजुर्गों या अन्य बीमारियों से ग्रस्त लोगों को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ती है। ठीक होने के बाद भी, कई मरीजों को लगातार खांसी, कमजोरी और भूख न लगने की समस्या बनी रहती है।

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, साकेत में भी मामलों में उतनी ही वृद्धि दिख रही है। पिछले दो हफ्तों में बुखार के साथ ओपीडी में आने वाले आधे से ज्यादा मरीजों में फ्लू जैसे लक्षण दिखे हैं। हालांकि हम हर मामले की जांच नहीं करते हैं, लेकिन एच3एन2 सबसे ज्यादा फैलने वाला स्ट्रेन लग रहा है। आंतरिक चिकित्सा के निदेशक डॉ. रोममेल टिक्कू ने कहा, मरीज अक्सर तेज बुखार के साथ आते हैं, जो पैरासिटामोल से भी ठीक नहीं होता, साथ ही गले में दर्द, खांसी, सिरदर्द और बदन दर्द भी होता है। उन्होंने बताया कि जहां ज्यादातर मरीज 5-7 दिनों में ठीक हो जाते हैं, वहीं बड़ी संख्या में लोगों को ब्रोंकाइटिस हो जाता है जिससे लगातार खांसी बनी रहती है। कुछ मरीज़ों में निमोनिया जैसी जटिलताएं भी हो जाती हैं, जिसके लिए अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा, ठीक होने के बाद भी, थकान और भूख न लगना आम बात है. रोकथाम के महत्व पर ज़ोर देते हुए, डॉ. टिक्कू ने कहा, यह एक जरूरी बात है कि हर किसी को, खासकर उन लोगों को जिन्हें ज्यादा खतरा है, फ्लू की गंभीरता और फैलाव को कम करने के लिए सालाना फ्लू का टीका जरूर लगवाना चाहिए।

श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट में भी यही रुझान देखा जा रहा है, जहां डॉक्टर पूरे मानसून सीजजन में फ्लू के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देख रहे हैं। आंतरिक चिकित्सा के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. अरविंद अग्रवाल ने कहा, हम वर्तमान में रोजाना लगभग 15-18 फ्लू मरीजों का इलाज कर रहे हैं, जिनमें से ज्यादातर को तेज बुखार, गले में खराश, बदन दर्द, खांसी, नाक और सीने में जमाव, और कभी-कभी पेट से संबंधित संक्रमण भी हो रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस साल का फ्लू सामान्य से ज्यादा गंभीर लग रहा है, क्योंकि बुखार उतरने के बाद भी कई मरीजों को लगातार खांसी और थकान महसूस हो रही है। हालांकि, ज्यादातर लोग दवा और घरेलू उपचार से 5-7 दिनों में ठीक हो जाते हैं, लेकिन कमजोरी और खांसी दो हफ्तों तक रह सकती है। बुजुर्ग, छोटे बच्चे और पहले से ही दिल या फेफड़ों की बीमारी वाले कुछ लोगों में सांस लेने में तकलीफ या होंठ और नाखूनों का नीला पड़ना जैसे गंभीर लक्षण भी हो सकते हैं, जिसके लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ती है।

## दिल्ली के उस्मानपुर में धार्मिक झंडे के अपमान से सांप्रदायिक तनाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
उत्तर-पूर्वी दिल्ली के उस्मानपुर इलाके में धार्मिक झंडे के कथित अपमान को लेकर बढ़े तनाव के बाद इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि रविवार रात उस्मानपुर इलाके में मुस्लिम धार्मिक झंडे के अपमान को लेकर दो समुदायों के बीच तनाव पैदा हो गया था। इलाके में स्थिति फिलहाल सामान्य है। अनुसार, यह तनाव तब शुरू हुआ जब उस्मानपुर इलाके में दो लड़कों ने कथित तौर पर एक मुस्लिम समुदाय का धार्मिक झंडा उतार दिया और उसका अपमान किया। इस घटना से इलाके में तनाव फैल गया। सूचना मिलने के बाद, दिल्ली पुलिस तुरंत इलाके में पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। दोनों लड़कों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और इलाके में स्थिति फिलहाल सामान्य है। बता दें कि, उस्मानपुर एक घनी और मिश्रित आबादी वाला संवेदनशील इलाका है। 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान उस्मानपुर भी प्रभावित इलाकों में से एक था। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के समर्थकों और विरोधियों के बीच 23 फरवरी, 2020 को शुरू हुई हिंसक झड़पों के बाद उत्तर-पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों में दंगे भड़क गए थे, जिसके परिणामस्वरूप बड़े स्तर पर जान और माल की हानि हुई थी। इन दंगों में 53 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि सैकड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वहीं, निजी और सरकारी संपत्तियों को भी भारी नुकसान पहुंचाया गया था। हिंसाग्रस्त इलाकों में लोगों के घरों, दुकानों और गाड़ियों में आग लगा दी गई और जमकर लूटपाट की गई थी।

## केजरीवाल जनता को बाढ़ में फंसा छोड़कर गुजरात में प्रोपेगेंडा चला रहे, आतिशी पर भी बरसी भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की नेता प्रतिपक्ष आतिशी पर जमकर निशाना साधा। हमलावर होते हुए कहा- केजरीवाल पंजाब की जनता को बाढ़ में फंसा छोड़कर गुजरात में प्रोपेगेंडा चला रहे हैं। इन दिनों देश की राजधानी दिल्ली और पंजाब में बाढ़ के कारण लोगों का हाल-बेहाल है। ऐसे में दोनों जगह की राजनीतिक पार्टियां एक-दूसरे पर जिम्मेदारी से भागने और ठीक ढंग से काम न करने का ठीकरा फोड़ती हुईं दिखाई दे रहीं हैं। भाजपा ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की नेता प्रतिपक्ष आतिशी पर जमकर निशाना साधा। हमलावर होते हुए कहा- केजरीवाल पंजाब की जनता को बाढ़ में फंसा छोड़कर गुजरात में प्रोपेगेंडा चला रहे हैं।



दिल्ली भाजपा के एक्स अकाउंट द्वारा किए गए ट्वीट में केजरीवाल और आतिशी पर हमला बोलते हुए लिखा गया, जिस तरह के ट्वीट एवं बयानबाज़ी की गंदी राजनीति अरविंद केजरीवाल एवं सुश्री आतिशी मार्लेना कर रहे हैं, उसे देख पंजाब एवं दिल्ली ही नहीं देश की जनता स्तब्ध है। जिस निर्लज्जता के साथ अरविंद केजरीवाल पंजाब की जनता को विनाशकारी बाढ़ में फंसा छोड़ गुजरात में राजनीतिक प्रोपेगेंडा करने में मदमस्त हैं वह साफ करता है कि उनकी नैतिकता मर चुकी है। इसके अलावा दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की तरफ से एक सवाल भी किया गया। उठाए गए सवाल में पूछा गया, अरविंद केजरीवाल एवं सुश्री आतिशी मार्लेना बतायें कि उनके बुराड़ी, चाँदनी चौक एवं ओखला के विधायक यमुना तटीय क्षेत्र में रहने वालों से मुंह मोड़कर कहां लापता हैं? आपको बताते चलें कि इससे पहले नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने एक्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए दिल्ली की रेखा सरकार पर बारिश से पहले और बाढ़ के हालात के दौरान काम न करने का आरोप लगाते हुए दो सवाल पूछे गए थे।

आज मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी से पूछना चाहती हूं कि रेखा जी दिल्ली के लोग इतने परेशान हैं। उनको इस परेशानी से बचाने के लिए आपने क्या किया? मॉनसून की तैयारी के लिए आपने क्या किया? इन्हीं सवालों और आरोपों पर भाजपा की प्रतिक्रिया सामने आई है।

## भगवंत सरकार को मिला रेखा सरकार का साथ, 52 ट्रक राहत सामग्री बाढ़ग्रस्त पंजाब भेजी गई




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब इन दिनों भीषण बाढ़ की मार झेल रहा है। सेलिब्रिटी से लेकर नेता, आम जनता से लेकर खास जन, हर कोई यहां के लोगों की मदद करने का हाथ आगे बढ़ा रहा है। इसी क्रम में पंजाब की भगवंत मान सरकार को दिल्ली की रेखा सरकार का भी साथ मिला है। रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली की भाजपा सरकार ने 52 ट्रक राहत सामग्री को बाढ़ग्रस्त पंजाब के लिए रवाना किया है।

सीएम रेखा गुप्ता ने अपने एक्स हैंडल से जानकारी देते हुए बताया, पंजाब मुख्यमंत्री राहत कोष में दिल्ली सरकार द्वारा 5 करोड़ रुपये की सहयोग राशि भी प्रदान की गई है। उन्होंने लिखा- पंजाब की पीड़ा, दिल्ली की पीड़ा है। संकट की इस घड़ी में हम सब एक परिवार की तरह खड़े हैं। आगे भी दिल्ली सरकार हर संभव सहयोग करती रहेगी, ताकि प्रभावित परिवारों को संबल और सहारा मिल सके।

रेखा गुप्ता ने बताया, मैंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान जी से भी बात की है। हमने उन्हें आश्वस्त किया है कि इस कठिन घड़ी में दिल्ली पंजाब के लिए हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एक्स पोस्ट में लिखा, माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में 'प्राकृतिक आपदा' की इस कठिन घड़ी में दिल्ली भाजपा संगठन द्वारा सेवा के दायित्व का पालन करते हुए आज पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए 52 ट्रकों में राहत सामग्री रवाना की गई।

पंजाब बीते कुछ दशकों की सबसे भीषण बाढ़ का सामना कर रहा है। यह बाढ़ हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भारी वर्षा के कारण सतलुज, ब्यास और रावी नदियों के उफान पर होने और बरसाती नालों के कारण आई है।

## वेटिकन सिटी में कार्लो अक्यूटिस पहले मिलेनियल संत बने

### भगवान के दूत नाम से मशहूर थे, 15 साल की उम्र में मौत हुई थी

**वेटिकन सिटी, एजेंसी।** वेटिकन सिटी में पोप लियो ने रविवार को एक समारोह में 15 साल के कार्लो अक्यूटिस को कैथोलिक चर्च का पहला मिलेनियल संत घोषित किया। कार्लो की 2006 में ब्लड कैंसर से मौत हो गई थी। वो भगवान के दूत कहे जाते थे। इस मौके पर दुनियाभर से करीब 70 हजार युवा शामिल हुए। कार्लो का जन्म 1991 में ब्रिटेन में हुआ था और वे इटली में रहे। उन्होंने कंप्यूटर कोडिंग सीखकर धार्मिक वेबसाइट्स बनाईं। उनकी कहानी ने कई युवाओं को प्रेरित किया। पोप लियो ने कार्लो के साथ-साथ 1920 में पोलियो से मरे इटली के पियर जियोर्जियो फ्रासाती को भी संत घोषित किया। फ्रासाती अपनी दानशीलता के लिए मशहूर थे। सेंट पीटर्स स्क्वायर में पोप लियो ने कहा, हम सभी के पास संत बनने का मौका है। उन्होंने कार्लो के शब्दों को दोहराया, स्वर्ग हमारा इंतजार कर रहा है, और आज अपना सर्वश्रेष्ठ देना जरूरी है। पोप ने युवाओं से कहा कि वे कार्लो और फ्रासाती से प्रेरणा लें और अपने जीवन को बेहतर बनाएं। यह समारोह पहले अप्रैल में होने वाला था, लेकिन पोप फ्रांसिस की मृत्यु के कारण टल गया।

## इमरान खान ने पीओजीबी के मुख्यमंत्री गुलबर खान समेत 11 को पार्टी से निकाला

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने पीओजीबी के मुख्यमंत्री गुलबर खान और विधानसभा के 11 अन्य सदस्यों को औपचारिक रूप से निष्कासित कर दिया है। इन पर अलग ग्रुप बनाने और पार्टी के निर्देशों की अवहेलना करने का आरोप है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, 5 सितंबर को जारी निष्कासन पत्र के साथ यह कार्रवाई तत्काल प्रभाव से लागू हो गई। पीटीआई ने पार्टी नीतियों के स्पष्ट उल्लंघन का हवाला देते हुए कहा कि इससे पार्टी की छवि और हितों को नुकसान पहुंचा। रिपोर्ट के अनुसार, निष्कासित सदस्यों में सीएम गुलबर खान, अब्दुल हमीद, हाजी




शाह बेग, मुश्ताक अहमद, सैयद अमजद अली जैदी, शमसुल हक लोन, दिलशाद बानो, राजा नासिर अली खान मकपून, सुरैया जमान, राजा आजम खान अमाचा और राजा फजल रहीम शामिल हैं। पीटीआई ने इन सदस्यों को पार्टी का नाम, झंडा या मंच इस्तेमाल करने से मना किया और ऐसा करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। साथ ही, पूर्व पीओजीबी गवर्नर राजा जलाल हुसैन मकपून को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, जिसमें उन पर पार्टी के खिलाफ साजिश और आंतरिक विद्रोह को बढ़ावा देने का आरोप है। उन्हें दो दिनों में लिखित जवाब देने को कहा गया है।

जुलाई 2023 में, पीओजीबी मुख्य न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री खालिद खुर्शीद खान को फर्जी कानून डिग्री के लिए अयोग्य ठहराया था, जिसके बाद गुलबर खान ने मुख्यमंत्री का पद संभाला। एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, खुर्शीद के इस्तीफे से क्षेत्र में राजनीतिक उथल-पुथल मची।

### वजन घटाओ, नोट कमाओ

**बीजिंग , एजेंसी।** चीन में एक कंपनी अपने कर्मचारियों को वजन कम करने के लिए प्रोत्साहित करने के मकसद से एक चैलेंज का आयोजन किया है। इस चैलेंज में वजन कम करने वाले एक कर्मचारी को 2,800 डालर (करीब 2.5 लाख रुपये) मिले हैं। साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, शेन्जेन स्थित टेक फर्म अरशी विजन इंक अपने वार्षिक मिलियन युआन वेट लास चैलेंज की वजह से सुर्खियां बटोर रही है। कंपनी अब तक कर्मचारियों को 20 लाख युआन यानी करीब 2.4 करोड़ रुपये कर्मचारियों को पुरस्कार के तौर पर दे चुकी है। सभी कर्मचारी इस चैलेंज के रजिस्ट्रेशन के लिए पात्र हैं और प्रत्येक 500 ग्राम वजन कम करने पर प्रतिभागियों को 500 युआन का नकद पुरस्कार दिया जाता है। दिलचस्प बात यह है कि इस चुनौती में जुर्माने का नियम भी शामिल है। जिन प्रतिभागियों का वजन फिर से बढ़ जाता है, उन्हें हर आधा किलो वजन बढ़ने पर 800 युआन (9,337 रुपये) का जुर्माना देना होता है।

## पाकिस्तान के 50 स्कूलों से सौर पैनल ले गए चोर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान के पंजाब में सरकारी स्कूलों से सौर पैनलों की बड़े पैमाने पर चोरी का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। हाल ही में एक ऑडिट रिपोर्ट में इसकी जानकारी मिली। रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 और 2023 के बीच चोरों ने केवल राजनपुर में 50 स्कूलों को निशाना बनाया और सौर पैनल चुरा लिए। पंजाब लोक लेखा समिति (पीएसी) ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और पुलिस को गहन जांच के निर्देश दिए हैं।

एआरवाई न्यूज के अनुसार, तनवीर असलम मलिक की अध्यक्षता में हुई पीएसी- की बैठक में इन घटनाओं पर गहरी चिंता जताई गई और शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी न लेने के लिए आलोचना की गई। वहीं, शिक्षा विभाग



ने सारा दोष जिला शिक्षा प्राधिकरण पर डाल दिया। मलिक ने जवाबदेही पर जोर देते हुए निर्देश दिया कि प्रभावित जिलों के जिला पुलिस अधिकारियों को कड़े पत्र जारी किए जाएं, जिसमें ऐसी घटनाओं को रोकने में उनकी नाकामी को उजागर किया जाए।

समिति ने आदेश दिया कि प्रभावित स्कूलों की संख्या और यदि कोई वसूली हुई हो तो उसका दायरा निर्धारित करने के लिए विस्तृत जांच की जाए। शिक्षा विभाग ने जवाब में कहा कि चोरी के संबंध में एफआईआर दर्ज की गई थी, लेकिन अभी तक कोई वसूली नहीं हुई। विभाग ने माना कि जिला शिक्षा प्राधिकरण सौर पैनलों की सुरक्षा में नाकाम रहा। इस बीच, सिंध सरकार ने बिजली बिलों के बोझ को कम करने के लिए हर महीने 100 यूनिट तक बिजली का उपयोग करने वाले घरों को मुफ्त सौर पैनल देने का प्रस्ताव घोषित किया था। सिंध ऊर्जा विभाग अभी भी योग्य ग्राहकों से आवेदन स्वीकार कर रहा है। इस कार्यक्रम के लिए वे लोग आवेदन कर सकते हैं जो बिजली खपत के आधार पर निर्धारित शर्तों को पूरा करते हैं। एआरवाई न्यूज़ के अनुसार, सिंध सरकार ने 2,00,000 परिवारों को सौर पैनल वितरित करने की घोषणा की है।

## यरुशलम में हुई भीषण गोलीबारी में 15 लोग घायल

**येरुशलम , एजेंसी।**
यरुशलम में गोलीबारी में कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई है। इजरायली इमरजेंसी सेवा ने कहा कि इस गोलीबारी में कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई है और 15 से ज्यादा लोग घायल हैं।पुलिस ने कहा है कि हमलावर मारे गए हैं।

टाइम्स ऑफ इजरायल के अनुसार, कम से कम दो बंदूकधारियों ने गोलीबारी की है। समाचार एजेंसी एएफपी ने आपातकालीन सेवा के प्रमुख मैगन डेविड एडोम के बयान के हवाले से कहा, स्थानीय समयानुसार सुबह 10~13 बजे, रिपोर्ट मिली कि लगभग 15 लोग घायल हुए हैं, जो यरुशलम के यिगाल यादिन स्ट्रीट पर रामोट जंक्शन पर गोलीबारी में घायल हुए हैं।

एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार, गोलीबारी यरुशलम के उत्तरी एंट्री गेट पर एक प्रमुख चौराहे पर हुई, जो पूर्वी येरुशलम में स्थित यहूदी बस्तियों की ओर जाने वाली सड़क है। यरुशलम में अक्सर गाजा में बंधकों की रिहाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन होते रहते हैं। पिछले हफ्ते, प्रदर्शनकारियों ने कूड़ेदानों में आग लगा दी और यरुशलम में इमारतों पर कब्जा कर लिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### समाजसेवी संजीव सिंह आजसू में हुए शामिल, सुदेश महतो ने दिलाई सदस्यता

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को न्यू टाउन हॉल में आयोजित आजसू पार्टी के मिलन समारोह में धनबाद के युवा व्यापारी एवं समाजसेवी



संजीव सिंह ने आजसू की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पार्टी सुप्रीमो एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो ने उन्हें अपने हाथों से सदस्यता दिलाई और कहा कि संजीव सिंह जैसे ऊजार्वान और जनहित में कार्य करने वाले युवा के जुड़ने से पार्टी और संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। सदस्यता ग्रहण करने के बाद संजीव सिंह ने कहा कि वे हमेशा से समाज और आम जनता की सेवा में समर्पित रहे हैं और अब आजसू पार्टी के मंच से क्षेत्र के विकास व युवाओं की बेहतरी के लिए काम करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी के नेतृत्व में धनबाद और झारखंड के विकास की नई राह खुलेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, समर्थक और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे। समारोह का माहौल उत्साह और जोश से भरा रहा। सैकड़ों की संख्या में आये समर्थको ने ढोल नगाड़ों के साथ संजीव सिंह का स्वागत किया और भरोसा जताया कि उनके शामिल होने से धनबाद में आजसू की संगठनात्मक ताकत और अधिक बढ़ेगी।

### पंचायतों में योजना से संबंधित करें प्रचार-प्रसार : उपायुक्त

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के लाभुकों को चिकित्सा अनुदान उपलब्ध कराने हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में की गई। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी धनबाद नियाज अहमद द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय एवं अंचल अधिकारी



कार्यालय से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत चिकित्सा अनुदान हेतु प्राप्त अभिलेख को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के लाभुकों को चिकित्सा अनुदान उपलब्ध कराने हेतु जिला स्तरीय समिति द्वारा कुल 139 प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की गई। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद समेत विभिन्न विधानसभा से आए विधायक प्रतिनिधि मौजूद रहें।

### डीडीसी ने नियमित निरीक्षण का दिया निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने निर्देश दिया है कि आगामी शनिवार को सभी जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी अपने - अपने आवंटित प्रखंडों के अंचल व प्रखंड कार्यालयों का निरीक्षण करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि इस निरीक्षण का उद्देश्य सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लेना तथा आमजन को मिलने वाली सुविधाओं की गुणवत्ता की जांच करना है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान वरीय पदाधिकारी विशेष रूप से राजस्व कार्य, अंचल कार्यालयों की कार्यप्रणाली एवं लंबित मामलों की स्थिति, प्रखंड स्तर पर संचालित विकास योजनाओं की प्रगति, कार्यालयों में उपस्थिती झ्र सभी अभिलेखों की संधारण स्थिति तथा स्वच्छता जांच करेंगे। डीडीसी ने कहा कि निरीक्षण प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से सोमवार को जिला कार्यालय को उपलब्ध कराना होगा, ताकि आवश्यक कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निरीक्षण कार्य को गंभीरता से नहीं लेने पर संबंधित पदाधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

### विश्वकर्मा समाज बोकारो का चुनाव सम्पन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्वकर्मा मंदिर, 4जी स्थित सामुदायिक भवन में विश्वकर्मा समाज बोकारो द्वारा प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ एस के शर्मा द्वारा झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों, जो बोकारो विश्वकर्मा समाज से जुड़े हुए हैं, को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। डॉ एस के शर्मा ने उक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समाज के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

# बोकारो सदर अस्पताल की व्यवस्था देखकर मैं गौरवान्वित हूं : डॉ इरफान अंसारी

## अस्पताल का कोई भी विभाग ईमानदारी से काम नहीं कर रहा, स्थिति बहुत ही खराब : श्वेता सिंह





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जन समस्याओं को लेकर प्रदेश के मंत्री और झारखंड सरकार में शामिल दलों के विधायकों का नजरिया अलग अलग है। बल्कि दोनों का नजरिया बिल्कुल विपरीत है। इसकी एक बानगी आज बोकारो में देखने को मिली। बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने सदर अस्पताल की स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण और बहुत ही खराब बताया है, जबकि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बोकारो सदर अस्पताल को मॉडल बताया और कहा, अस्पताल की व्यवस्था देख कर वे गौरवान्वित हैं। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व 5 सितंबर को बोकारो सदर अस्पताल पहुंची विधायक श्वेता सिंह वहां की व्यवस्था और गंदगी देखकर अस्पताल के उपाधीक्षक को जमकर फटकार लगाई। कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह ने कहा है कि बोकारो सदर अस्पताल की स्थित दुर्भाग्यपूर्ण है। अस्पताल की स्थित बहुत ही खराब है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाया। कहा, सरकार के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। अस्पताल का कोई भी विभाग अपनी जिम्मेवारी ईमानदारी पूर्वक नहीं निभा रहा है। जिसका खामियाजा मरीजों को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने यहां तक कहा कि सरकार का पैसा बेकार जा रहा है। इसका लाभ जिले के गरीब मरीजों को नहीं मिला रहा है। साथ ही इसकी शिकायत मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से करने की बात कही थी। सरकारी अस्पताल में सुधार करने की मांग करेंगे, ताकि लोगों का सरकारी अस्पताल पर विश्वास बना रहे। दूसरी तरफ मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने आज सदर अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बातचीत के क्रम में कहा कि यहां की व्यवस्था देख कर वे काफी खुश हैं। प्रत्येक दिन चार से पांच ऑपरेशन हो रहे हैं। अच्छी चिकित्सा व्यस्था होने के कारण लोग लाइन लगा कर अपना इलाज कर रहे हैं। सदर अस्पताल पर विश्वास होने के कारण ही जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे है और स्वस्थ हो कर जा रहे हैं। उन्होंने कहा, जिस उद्देश्य से सदर अस्पताल का निर्माण हुआ है, उसकी पूर्ति हो रही है। इसका लाभ जिले के जरूरतमंद मरीजों को मिला रहा है। एक सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा, कुछ मैंन पवार की कमी है जिसे जल्द पूरा किया जाएगा। किस विभाग में कर्मियों की कमी है इसकी सूची बनाने का आदेश दिया गया है। हालांकि जिस तरह आए दिन बोकारो सदर अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्था को लेकर हो हल्ला होता रहता है। ऐसे में कहा जा सकता है मंत्री भले ही संतुष्ट हों, लेकिन यहां इलाज कराने वालों में असंतोष देखा जाता है।

## स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को मिली धमकी, मामला दर्ज

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को बीती देर रात मोबाइल पर उत्तर प्रदेश से जान से मारने की धमकी मिली है। जब धमकी मिली उस समय मंत्री बोकारो परिसदन में रात्रि विश्राम कर रहे थे। जिस नंबर से इरफान अंसारी को धमकी मिली है ,उसका सिम उत्तर प्रदेश से खरीदा गया है। सिम धारक का नाम नैना सिंह है। सिम को नॉर्थ ईस्ट से संचालित किया जा रहा है। बोकारो परिषद में मीडिया से बात करते हुए स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि जिस प्रकार से रात में धमकी मिली और जिस तरह से उसने फोन पर बातें की यह मीडिया पर नहीं बोल सकता। उन्होंने बताया, उसकी बातों को सुनकर 2 मिनट तक पूरी तरह से सन्न रह गया। वैसे मै धमकियों से डरने वाला नहीं हूं। मैं जिस विचारधारा की पार्टी में हूं उसके विपरीत विचारधारा का मैं विरोध करता रहूंगा। वही मंत्री के पिए अजहरुद्दीन ने बताया कि जैसे ही फोन आया इसकी जानकारी बोकारो एसपी एवं जामताड़ा एसपी को दी गई थी। दोनों जगह से जो डिटेल आया है। सिम धारक की जानकारी मिल गई है। अजहरुद्दीन ने कहा कि जिस प्रकार से मंत्री की लोकप्रियता बढ़ी है लोगों का हम उनके पास आ रहा है ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत करने की जरूरत है। क्योंकि लगातार मंत्री को धमकी मिल रही है। इस बीच मंत्री के पीएस अजहरुद्दीन ने बीएस सिटी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले की पुष्टि डीएसपी आलोक रंजन ने की है। डीएसपी ने बताया कि देर रात इसकी सूचना मिली थी। इसके बाद आज सिटी थाने में लिखित शिकायत दी गई है। जिस नंबर से धमकी दी गई उसकी जांच की जा रही है।

## सूर्या हांसदा इनकाउंटर की जांच को भाजपाई करेंगे धरना प्रदर्शन

**जैनामोड़ (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा जिला कार्यसमिति बोकारो की बैठक सोमवार को जिला अध्यक्ष जयदेव राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व मंत्री अमर बाउरी, पूर्व सांसद रविन्द्र पांडेय, पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, पूर्व जिला अध्यक्ष रोहित लाल सिंह, भरत यादव , भाजयुमो जिला अध्यक्ष बिनोद महतो, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जन्मोत्सव 17 सितम्बर से 2 अक्टुबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। जिसके तहत स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण, रक्तदान, स्वास्थ्य, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, दिव्यांग सहित विशिष्ठ व्यक्तियो के सम्मान, वोकल फॉर लोकल का प्रचार, प्रधानमंत्री पर चयनित पुस्तको का वितरण,सांसद खेलकुद प्रतियोगिता, विकसित भारत पर चित्रकला आदि कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। वही सुर्या हांसदा की इंकाउटर कर हत्या पर पुरे प्रदेश में 11 सितम्बर को सीबीआई जांच कर दोषियो पर कार्रवाही की मांग को लेकर प्रखंड मुख्यालयो में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को लेकर प्रखंड प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिसमें चन्दकियारी में अमर




बाउरी, चास में विरंची नारायण, जरीडीह में योगेश्वर महतो बाटुल, बेरमो में रविन्द्र पाण्डेय, चन्द्रपुरा में भरत यादव व अर्जुन सिंह, नावाडीह में देवीदास, गोमिया देवनारायण प्रजापति व सुरेन्द्र राज, पेटरवार प्रह्लालाद महतो व संजय सिन्हा व कसमार में लक्ष्मण नायक है। पूर्व मंत्री अमर बाउरी ने कहा कि पूरे प्रदेश के अलावे देश में सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम योजनाबद्ध तरीके से सुनियोजित किया गया है। बैठक में प्रह्लाद महतो, देवनारायण प्रजापति, ईश्वर प्रजापति, जय नारायण मरांडी , रघुनाथ टुडू,विनोद महतो,गिरजा देवी, संजय सिंहा, सुभाष महतो, अनिल स्वर्णकार,चंद्रशेखर महथा, सन्तू राय, अरविंद राय, त्रिपुरारी नाथ तिवारी, अशोक मिश्रा,डॉक्टर परिंदा सिंह, एंजेला सिंह, शंकर रजक, वीरभद्र सिंह, मुकेश राय, ईश्वर महतो, मोहन राम, अमर स्वर्णकार, विक्की राय,अनिल सिंह, अविनाश सिंह,सहित सैकडो कार्यकर्ता शामिल थे।

## भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ ने सेवानिवृत कर्मचारी टीपी सिंह को दी विदाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ के प्रधान कार्यालय सेक्टर 4जी मे सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष एन के सिंह और संचालन संयुक्त महामंत्री सुरेंद्र महतो ने किया।



इस मौके पर संघ के महामंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि संघ ने पिछ्ले बैठक मे घोषणा की थी कि संघ का कोई भी सदस्य सेवानिवृत होंगे उन्हें ससम्मान व विदाई दिया जाएगा। उसी क्रम मे आज संघ के जुझारू सदस्य तुलसी प्रसाद सिंह जो बोकारो स्टील प्लांट के सिंटर प्लांट मे कार्यरत थे। उनको विभाग ने भी कई मौके पर उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया है। संघ ने उन्हें आज टी पी सिंह को सम्मान पूर्वक विदाई दिया और उनके उज्वल भविष्य का कामना की। श्री सिंह ने कहा कि बिक्स ने सेवानिवृत कर्मचारियों को विदाई देने का जो परम्परा शुरू किया है वो अद्भुत और सराहनीय है। संघ के सभी साथियो ने उन्हें बधाई व शुभकामनायें दी ' समारोह मे मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष कमलेश कुमार,उपाध्यक्ष सत्यनारायण ठाकुर, संयुक्त महामंत्री मुकेश सिंह, कोषाध्यक्ष राम कुमार श्रीवास्तव, सहायक कोषाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह,राजेंद्र महतो, मंतोष कुमार,अमित सिन्हा,राजेश कुमार राजवार, शैलेन्द्र कुमार, बाबुधन राम सोनू नुनिया, रघुनाथ,, अनिल कुमार, राजेश कुमार राय उपस्थित रहे।

## समाजसेवा व राष्ट्रभक्ति में योगदान देने वाले हुए सम्मानित

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रवादी संगठन सैलूट तिरंगा की ओर से रविवार को बिस्टुपुर स्थित माइकल जॉन सभागार में झारखंड गौरव सम्मान 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय रहे। हजारीबाग के पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने राष्ट्रप्रेम को सर्वोपरि बताते हुए लोगों से हमेशा देशहित को प्राथमिकता देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण, मानव सेवा, पर्यावरण संरक्षण और समाज उत्थान में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

## महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष से उपायुक्त अजय नाथ झा ने सोमवार को भारती कुमारी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य में पारित आदेश के अनुपालन को लेकर वीडियो संवाद (वीसी) के माध्यम से जिला स्तरीय अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) एवं अंचल अधिकारियों (सीओ) के साथ बैठक की। बैठक में महिलाओं की कार्यस्थल पर सुरक्षा, विद्यालयों में बच्चों व महिला कर्मियों की सुरक्षा एवं परिवहन सुरक्षा पर विशेष बल दिया गया।

**विद्यालयों में बच्चों एवं महिला कर्मियों की सुरक्षा हेतु निर्देश**

बैठक में उपायुक्त ने सभी विद्यालय प्रबंधन को बच्चों और महिला कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कदम उठाने होंगे। प्रत्येक विद्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की जाएगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) एवं जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) को 03 दिनों के भीतर ठोस सुरक्षा मैक्नीज्म तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा।

**विद्यालयों का सुरक्षा ऑडिट करें**

उपायुक्त ने सभी संकुल साधन सेवी (सीआरपी) एवं प्रखंड साधन सेवी (बीआरपी) 03 दिनों के भीतर विद्यालयों का सुरक्षा ऑडिट करेंगे। ऑडिट रिपोर्ट जिला मुख्यालय को समर्पित करेंगे। इस कार्य की निगरानी डीईओ/डीएसई करेंगे।

**परिवहन सुरक्षा और नशा मुक्ति अभियान**

बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) को निर्देशित किया गया कि शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कठोर अभियान चलाएं। सभी स्कूल बस/वैन में निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराया जाए। वाहनों में जीपीएस लगाएं, बस/वैन में विद्यालय के शिक्षक बच्चों को लाने - ले जाने के क्रम में उपस्थित रहे।

**आंतरिक शिकायत निवारण समिति का गठन**

उपायुक्त ने सभी विभागों को कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा और शिकायत निवारण हेतु आंतरिक शिकायत निवारण समिति गठित करनी होगी। जिला स्तर पर भी समिति गठित कर महिलाओं से संबंधित शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

**जनसंपर्क विभाग चलाएं जागरूकता कार्यक्रम**

बैठक में उपायुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वह महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित प्रावधानों, हेल्पलाइन नंबरों और शिकायत निवारण तंत्र की जानकारी व्यापक स्तर पर जनसाधारण तक पहुचाएं, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें।

**खेल पदाधिकारी से करें शिकायत**

उपायुक्त ने खिलाड़ियों झ्र सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने वाले बच्चियों झ्र महिलाओं के साथ भी अगर कोई दुव्यर्वहार होता है, तो जिला खेल पदाधिकारी को शिकायत करें। उन्हें नोडल पदाधिकारी बनाया गया है।

## हेमंत सरकार उसूल की जगह वसूली की राजनीति कर रही है : सुदेश महतो

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आजसू पार्टी का मिलन समारोह का आयोजन सोमवार को गोल्फ ग्राउंड के समीप स्थित न्यू टाउन हॉल में किया गया। इस मौके पर पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो, गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो, अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी जिला अध्यक्ष मंटू महतो जिला परिषद उपाध्यक्ष सरिता देवी सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी विनय सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम में जिले भर से हजारों समर्थक शामिल हुए और कई नए कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं ने बताया कि आने वाले समय में पार्टी अपने विचारों से और अधिक समर्थकों को जोड़ने का काम करेगी। पार्टी प्रमुख सुदेश महतो ने मिलन समारोह में शामिल सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जिला और राज्य स्तर पर कार्यकर्ताओं के योगदान से ही पार्टी मजबूत हो रही है। इस मौके पर झारखंड आंदोलन में शहीद हुए आंदोलनकारियों को याद कर मौन रखा गया और उनके संघर्षों को नमन किया गया। अपने संबोधन में सुदेश महतो ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान सरकार 'उसूल की जगह वसूली' की राजनीति कर रही है, जो राज्य के लिए चिंता का विषय है। सुदेश महतो ने जल, जंगल, जमीन, स्वस्थ, विस्थापन और नियोजन के मुद्दों को एक बार फिर से उठाया और कहा कि इन्हीं सवालों पर पार्टी संघर्ष जारी रखेगी।

## श्रमिक चौक पर चलाया गया विशेष जांच अभियान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्रमिक चौक पर सोमवार को ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार की अगुवाई नेतृत्व में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने चालकों को नियमों का पालन करने, सड़क पर एक लाइन में चलने और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखने की हिदायत दी। अभियान के दौरान ऑटो और टोटो चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के कागजात व फिटनेस की जांच की गई। जिन वाहनों में गड़बड़ी पाई गई, उनके खिलाफ चालान काटा गया। सड़क किनारे ऑटो खड़ा कर सवारी लेने और अतिक्रमण करने वाले चालकों व दुकानदारों को भी पुलिस ने कड़ी चेतावनी दी।

## मातृ शक्ति के बीच विधायक ने बांटे ई श्रम कार्ड

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने मातृ शक्ति के बीच ई-श्रम कार्ड का वितरण किया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की बहुत सारी योजनाएं हैं। जिसका लाखों - करोड़ों रुपए खर्च कर विज्ञापन निकाला जाता है, लेकिन यह विज्ञापन कितना सफल हो पता है, यह सोचने वाली बात है। अधिकांश जनमानस को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में पता ही नहीं है। जिससे वह इन योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं। उन्होंने कहा कि आज हम सैकड़ो महिलाओं के बीच ई - श्रम कार्ड प्रदान किए हैं। इसके अलावा कुछ ई-श्रम कार्ड अभी बचे हुए हैं। जो महिलाएं नहीं आई है, उनके आने पर देंगे। श्रीमती पूर्णिमा साहू ने कहा कि आज आम जनता यह नहीं जानती है कि कहां से या कौन योजना से, हमें कौन-कौन सी सुविधा मिल पाएगी। कहां से ऋण मिलेगा, कहां से स्किल डेवलपमेंट होगा। इन सारी जानकारी को लेकर हमने महिलाओं को जागरुक भी किया। आज श्रीमती पूर्णिमा साहू का जन्मदिन भी है। उन्हें बधाई देने वाले लोगों का ताता लगा हुआ है।

# निरीक्षण के दौरान कई खामियां मिलीं, उपायुक्त नाराज

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा एवं उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कसमार प्रखंड स्थित फार्मटांड़ का संयुक्त निरीक्षण किया। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी नम्रता जोशी, अंचलाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे आदि उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान डीसी-डीडीसी ने जेएसएलपीएस स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने जेएसएलपीएस की दीदीओं को और अधिक सक्रिय बनाने, समूह कार्यों को पारदर्शी ढ़ंग से संचालित करने तथा योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों तक पहुँचाने का निर्देश दिया। 10 एसएचजी समूह जुड़ा है,





इसकी संख्या बढ़ाने को कहा। डीसी ने कसमार प्रखंड को कृषि बेस्ड मॉडल प्रखंड के रूप में विकसित करने को कहा। उपस्थित टीम को इस दिशा में परियोजना तैयार करने की बात कहीं। डीसी ने कहा कि प्रत्येक गतिविधि को समयबद्ध और व्यवस्थित बनाने के लिए मासिक कैलेंडर तैयार करना जरूरी है। उन्होंने जेएसएलपीएस टीम को डीपीएम, डीडीसी के माध्यम से विभिन्न दैनिक गतिविधियों का मासिक कैलेंडर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

**निरीक्षण में उजागर हुई कई खामियां**

निरीक्षण के दौरान कई प्रकार की खामियां सामने आई। विशेष रूप से समूह समन्वय की कार्यप्रणाली में कमी पाई गई। इस पर डीसीझ्रडीडीसी ने एसएचजी समन्वयक से लिखित स्पष्टीकरण मांगा और चेतावनी दी कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) एवं अंचल अधिकारी (सीओ) को निर्देशित किया गया कि वे नियमित निगरानी और स्थलीय भ्रमण सुनिश्चित करें।

**प्रखंड सह अंचल कार्यालय कसमार का निरीक्षण**

निरीक्षण के दौरान डीसीझ्रडीडीसी ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय का भी गहन निरीक्षण किया। पाया गया कि कार्यालय में आगत झ्र निर्गत/सीएल/कैस पंजी का अद्यतन कार्य लंबित है। इस पर डीसी ने गहरी नाराजगी जताई और स्पष्ट कहा कि सरकारी अभिलेखों की अद्यतनता किसी भी स्थिति में सुनिश्चित होनी चाहिए।

## महिलाओं से डीसी ने किया संवाद, संबंधित पदाधिकारियों को दिया जरूरी निर्देश

**नाजीर और प्रधान सहायक पर कार्रवाई**

पंजी अद्यतन में लापरवाही और कार्यालयीन कार्य में ढ़िलाई के मद्देनजर डीसी ने संबंधित नाजीर एवं प्रधान सहायक का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का आदेश दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि एक सप्ताह की समय-सीमा के भीतर सभी पंजी अद्यतन किए जाएँ और इसकी रिपोर्ट सीधे जिला प्रशासन को सौंपी जाए।

**आदि कर्मयोगी प्रशिक्षण का उद्घाटन**

प्रखंड सभागार में आयोजित आदि कर्मयोगी योजना अंतर्गत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त, उप विकास आयुक्त एवं अंचलाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि यह प्रशिक्षण सरकारी सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और परिणामकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इससे लाभ उठाकर सर्विस डिलिवरी सेवा में सुधार लाना चाहिए।

**महिलाओं से संवाद और मार्गदर्शन**

निरीक्षण के दौरान प्रखंड कार्यालय पहुँची महिलाओं से डीसी ने सीधा संवाद किया। महिलाओं ने अपनी समस्याएँ, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की स्थिति तथा आवश्यक सहयोग की अपेक्षाएं सामने रखीं। डीसी ने उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को समस्याओं का तत्काल समाधान करने का निर्देश दिया। कहा कि देर शाम तक सभी आवेदनों में व्याप्त समस्या को सूचीबद्ध कर जिला को उपलब्ध कराएं, सभी का त्वरित समाधान किया जाएगा।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण**

डीसी झ्र डीडीसी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), कसमार का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, दंत चिकित्सक कक्ष, युवा मैत्री केंद्र, शौचालय, दवा भंडार कक्ष एवं भंडार गृह का जायजा लिया।

**एक्सपायरी दवा मिलने पर नाराजगी**

निरीक्षण में दवा भंडार कक्ष से एक्सपायरी दवाएं मिलने पर डीसी ने प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी (एमओआइसी) को डांट लगाई और इस तरह की गंभीर लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com